खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 31° C
न्यूनतम : 18° C

बरेली, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 122 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2083 | 14 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सैनिकों को मिले सम्मान जिसके हैं वे हकदार: राहुल गांधी पेज 2



पंजाब किंग्स का हरफनमौला संतुलन रंग लाएगा खेल टाइम्स



सुधार या बोझ? आम आदमी की जेब पर लगातार पड़ता भार सम्पादकीय



अमेरिका ने जमीनी हमला किया, तो कोई जिंदा नहीं बचेगा : ईरान पेज 12

# मालदा मामले पर CJI सख्त

## एसआईआर प्रक्रिया में तैनात न्यायिक अधिकारियों के साथ हुई हिंसा और डराने-धमकाने की घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर रुख अपनाया

## पूछा: मालदा के डीएम-एसपी क्यों नहीं गए, ये अदालत को चुनौती देने जैसा, बंगाल सरकार को भी लगाई फटकार, वरिष्ठ अफसरों को नोटिस जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया में तैनात न्यायिक अधिकारियों के साथ हुई हिंसा और डराने-धमकाने की घटनाओं पर गंभीर रुख अपनाया है। इसे ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के मनोबल को प्रभावित कर' और न्यायालय के अधिकार को चुनौती करार दिया।

इस मामले पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने स्वत: संज्ञान लेते हुए सख्त टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल के डीएम और पुलिस अधीक्षक (एसपी) के रवैये पर भी सख्त टिप्पणी की। न्यायालय ने राज्य में बुधवार को हुई घटनाओं के संबंध में कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से मिले खत के आधार पर इस मामले को बेहद जरूरी बताते हुए संज्ञान में लिया।सीजेआई सूर्यकांत ने पूछा कि दोनों अधिकारी मौके पर क्यों नहीं पहुंचे। सात न्यायिक अधिकारियों को नौ घंटे तक बंधक बनाकर रखे जाने का ये मामला बेहद गंभीर है।



सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि वह न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती कराए। कोर्ट ने सभी स्थलों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू करने, आम लोगों की आवाजाही सीमित करने और अधिकारियों और उनके परिवारों को किसी भी खतरे का तत्काल आकलन करने का आदेश दिया है।

उन्होंने कहा कि ये मामला अदालत को चुनौती देने जैसा है। कोर्ट ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार को भी फटकार लगाई। सीजेआई ने कहा कि मालदा में हुई हिंसा की घटना न्यायपालिका पर दबाव बनाने के साथ-साथ कानून-व्यवस्था को भी चुनौती देने की तरह है। कोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने के मामले में सरकार के रवैये को लचर बताया और कहा कि इस मामले में तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की गई। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस घटना को न्याय प्रशासन में बाधा डालने की सुनियोजित और दुस्साहसी कोशिश करार दिया। कोर्ट ने कहा कि सात न्यायिक अधिकारियों, जिनमें तीन महिला अधिकारी भी शामिल हैं, को घंटों तक बिना सुरक्षा, भोजन और पानी के छोड़ दिया गया, जबकि राज्य प्रशासन को पहले से सूचना दी गई थी। अदालत ने इस मामले में राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों- मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने उनके रवैये को बेहद निंदनीय बताते हुए पूछा है कि समय रहते प्रभावी कदम क्यों नहीं उठाए गए।

### कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश द्वारा अपील किए जाने के बाद अफसरों को मुक्त कराया जा सका

**नई दिल्ली।** तीन महिला अधिकारियों सहित 7 न्यायिक अधिकारी मालदा जिले के एक गांव में एसआईआर न्यायिक- निर्णय संबंधी कार्यों को पूरा कर रहे थे, तभी ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया। इन अधिकारियों को दोपहर 3:30 बजे से आधी रात तक बंधक बनाकर रखा गया और कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा राज्य प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की अपील किए जाने के बाद ही उन्हें मुक्त कराया जा सका। पीठ ने इस घटना पर गहरी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायिक अधिकारियों की तैनाती का सभी पक्षों द्वारा स्वागत किया जाना चाहिए, क्योंकि वे तटस्थ एजेंट के रूप में कार्य करते हैं, लेकिन अब उन्हें भी हमलों से नहीं बख्शा जा रहा है।

# बंगाल में मतदाता सूची पर बवाल मालदा में विरोध प्रदर्शन जारी

## ईसी अफसरों पर आरोप, वैध कागज पर भी काट रहे नाम



कोलकाता, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** के मालदा में गुरुवार सुबह से एक नया विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। इस बार पुराने मालदा ब्लॉक के मंगलबाड़ी इलाके में। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वैध दस्तावेज होने के बावजूद उनके कई नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं।

गुरुवार को रात में कुछ घंटों के लिए खोले जाने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 को फिर से अवरुद्ध कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने टायरों में आग लगा दी और सड़क को बांस से अवरुद्ध कर दिया। स्थिति पर नजर रखने के लिए मालदा पुलिस स्टेशन की पुलिस टीमों और सीएपीएफ के जवानों को नाकाबंदी स्थल पर तैनात किया गया है। बुधवार को कालियाचक प्रदर्शन में उठाई गई मांगों को लेकर गुरुवार को पुराने मालदा ब्लॉक में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सभी वैध दस्तावेज होने के बावजूद मतदाता सूची से उनके नाम हटाए जाने के विरोध में वे प्रदर्शन कर रहे हैं। बुधवार सुबह से ही मालदा के विभिन्न इलाकों में लोग अपने नाम हटाए जाने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग काफी देर तक अवरुद्ध रहा और न्यायिक अधिकारियों को भी घेर लिया गया। बाद में देर रात उन्हें रिहा कर दिया गया। बुधवार रात को मालदा के कालियाचल में जमा हुई भीड़ सुबह से वहां नजर नहीं आई। लोग सुबह से सड़कों पर निकलने भी लगे हैं। हालांकि, दबा हुआ तनाव अभी भी बरकरार है। गुरुवार सुबह से ही उन इलाकों में पुलिस ने चौकियां लगा रखी हैं, जहां रात में विरोध प्रदर्शन हुए थे। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 और मालदा-मोथाबारी राज्य राजमार्ग पर भी कई स्थानों पर पुलिस की चौकियां स्थापित की गई हैं। इलाके में सुबह से ही पुलिस की मौजूदगी साफ तौर पर देखी जा सकती है। पुलिस के मुताबिक, खुफिया शाखा को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

> ■ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 को जाम कर प्रदर्शनकारियों ने टायरों में लगाई आग
>
> ■ प्रदर्शन के मद्देनजर राज्य राजमार्ग पर भी कई स्थानों पर पुलिस की चौकियां स्थापित की गई

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी समेत पांच राज्यों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश के पांच राज्यों में अगले तीन दिन मौसम में बदलाव रहेगा। मध्य प्रदेश के 30 और उत्तर प्रदेश के 40 जिलों में बारिश का अलर्ट है। बुधवार को उत्तर प्रदेश के लखनऊ और अमेठी समेत 20 शहरों में बारिश हुई। दिल्ली में गुरुवार सुबह बादल छाए रहे। इधर, राजस्थान में 2 अप्रैल से फिर एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा। इससे एक बार फिर बारिश का दौर शुरू होने का अलर्ट है। राज्य में पिछले 24 घंटे में 10 जिलों के मौसम में दोपहर बाद बदलाव देखने को मिला। हरियाणा में बारिश और ओले गिरने से 7 जिलों में फसलों को नुकसान पहुंचा। वहीं 100 गांवों में गेहूं, सरसों और चने की खड़ी फसलें खराब हो गईं। उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग की सोनप्रयाग घाटी में ओले गिरे और केदारघाटी में बारिश हुई।

### जग्गी हत्याकांड: अजीत जोगी का बेटा अमित दोषी करार

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को दोषी करार दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने उन्हें तीन सप्ताह के भीतर सरेंडर करने का आदेश दिया है। सीबीआई के साक्ष्य को स्वीकार करते हुए फैसला सुनाया गया है। वहीं फैसले पर अमित जोगी ने कहा कि हाईकोर्ट ने पूरी सुनवाई का मौका दिए बिना उन्हें दोषी ठहरा दिया, जो उनके लिए अप्रत्याशित है। उन्होंने कहा कि उनके साथ अन्याय हुआ है। सुनवाई के दौरान सतीश जग्गी ने कोर्ट को बताया कि उनके पिता की हत्या एक राजनीतिक साजिश के तहत कराई गई थी। सीबीआई ने 11 हजार पन्नों की चार्जशीट पेश की थी, जिसमें हत्या से जुड़े पर्याप्त साक्ष्य शामिल हैं। इन तथ्यों के आधार पर हाईकोर्ट ने सीबीआई की अपील स्वीकार करते हुए अमित जोगी को सरेंडर करने का आदेश दिया।

### दिल्ली हाईकोर्ट में एएनआई- ओपन एआई केस का फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एएनआई और ओपन एआई से जुड़े मामले में सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। एएनआई ने ओपन एआई पर चैटजीपीटी को ट्रेन करने के लिए उसकी खबरों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है। एएनआई का आरोप है कि ओपन एआई ने वेब टूल्स के माध्यम से उसका कंटेंट इकट्ठा किया और बिना परमिशन- भुगतान उसकी खबरों का इस्तेमाल कर चैटजीपीटी को ट्रेन किया। एएनआई के मुताबिक यह फेयर डीलिंग के नियमों में नहीं आता, क्योंकि इसका उपयोग कमाई और व्यवसाय के लिए किया जा रहा है। ओपन एआई ने आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि सिस्टम सिर्फ इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारी से पैटर्न सीखता है। मॉडल पूरा आर्टिकल कॉपी नहीं करता। ओपन एआई ने कहा कि आगे की ट्रेनिंग के लिए एएनआई की वेबसाइट ब्लॉक कर दी गई है। इस मामले का सबसे बड़ा मुद्दा भारतीय कानून में फेयर डीलिंग की सही व्याख्या है।

# आई-पीएसी के दिल्ली बेंगलुरु व हैदराबाद के ठिकानों पर ईडी की रेड

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को पॉलिटिकल कंसल्टेंट कंपनी आई-पीएसी के तीन ठिकानों पर छापेमारी की। टीम दिल्ली, बेंगलुरु और हैदराबाद में कंपनी के दफ्तरों पर कार्रवाई कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, छापेमारी कोयला चोरी और घोटाले से जुड़े मामले में हो रही है।

कंपनी के को-फाउंडर और डायरेक्टर ऋषि राज सिंह के ठिकाने भी इस कार्रवाई के दायरे में हैं। आई-पीएसी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के लिए चुनाव मैनेजमेंट का काम देखती है। आई-पीएसी और उसके डायरेक्टर पर करोड़ों रुपये के कोयला चोरी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। इस मामले में सीबीआई ने 27 नवम्बर 2020 को एफआईआर दर्ज की थी। पूरा मामला करीब 2,742 करोड़ रुपये से जुड़ा है। इससे पहले जनवरी में ईडी ने कोलकाता में आई-पीएसी के दफ्तर और डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर पर छापेमारी की थी। हाल ही में ईडी ने सिंह और जैन को बयान दर्ज कराने के लिए समन भेजा था।

> ■ कोयला घोटाले से जुड़ा मामला, कंपनी ममता की पार्टी टीएमसी का चुनाव मैनेजमेंट देख रही

### पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट का निर्णय

**नई दिल्ली।** सरकार ने ईरान की लड़ाई और उसके परिणामस्वरूप वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न व्यवधानों को देखते हुए 30 जून, 2026 तक महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट प्रदान करने का निर्णय लिया है। वित्त मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि घरेलू उद्योग के लिए महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल सामग्री की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने और उनको कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल करने वाले क्षेत्रों पर लागत के दबाव को कम करने और देश में आपूर्ति स्थिरता को सुरक्षित रखने के लिए यह उपाय एक अस्थाई और लक्षित राहत के रूप में लागू किया जा रहा है। सरकार के अनुसार इस छूट से पेट्रो रासायनिक कच्चे माल और मध्यवर्ती पदार्थों पर निर्भर विभिन्न क्षेत्रों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

# रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में 38424 करोड़ के सर्वोच्च स्तर पर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक के सर्वोच्च स्तर 38,424 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार एक वक्तव्य में कहा कि यह राशि पिछले वित्त वर्ष के 23,622 करोड़ रुपये के आंकड़े से 14,802 करोड़ रुपये (62.66 प्रतिशत) अधिक है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों और निजी क्षेत्र का योगदान क्रमश: 54.84 प्रतिशत और 45.16 प्रतिशत रहा है।

मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय रक्षा उद्योग की यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को विश्व के शीर्ष रक्षा निर्यातकों में स्थान दिलाने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा उत्पादन विभाग, भारतीय रक्षा निर्यातकों और अन्य सभी हितधारकों के इस अनुकरणीय प्रदर्शन की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि भारत रक्षा उपकरणों का वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। रक्षा मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रेरणादायक नेतृत्व में भारत रक्षा निर्यात में प्रभावशाली सफलता की कहानी लिख रहा है।



> ■ 62.66 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़ोतरी

### बीओआई के पूर्व प्रबंधक व सहयोगी को 7 साल की सजा

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के भोपाल में केंद्रीय जांच ब्यूरो की एक विशेष अदालत ने बैंक धोखाधड़ी के मामले में बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) के पूर्व वरिष्ठ शाखा प्रबंधक और उसके सहयोगी को सात साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने जेल की सजा सुनाते हुए दोनों आरोपियों-पीयूष चतुर्वेदी (जो उस समय बीओआई की मिसरोद शाखा, भोपाल के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक थे) और मोहन सिंह सोलंकी (एक निजी व्यक्ति) पर 60,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। सीबीआई ने 2016 में बीओआई के क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल के तत्कालीन उप क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा दायर एक लिखित शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज किया था।

# युद्ध के चलते तेजस के इंजन की सप्लाई रुकी

## अमेरिकी कंपनी को डिलीवरी देनी है, अब साल के अंत में आएंगे इंजन

शा ह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मिडिल-ईस्ट में चल रहे युद्ध के कारण भारत के बहुप्रतीक्षित लड़ाकू विमान तेजस के इंजन की सप्लाई रुक गई है। इन विमानों के इंजन सप्लाई करने वाली अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को कह दिया है कि अभी सप्लाई नहीं दे पाएंगे। भरोसेमंद सूत्रों ने बताया कि अब साल के अंत तक ही इंजन मिलने की उम्मीद है।

एचएएल ने मार्च 2026 तक 24 तेजस विमान वायुसेना को देने का वादा किया था, लेकिन, एचएएल में खड़े 9 तेजस एमके 1ए विमान इंजन के अभाव में वायुसेना को नहीं मिल पा रहे हैं। जबकि 5 विमान पूरी तरह तैयार हैं। 19 विमानों के एयर फ्रेम भी तैयार हैं। यदि आपूर्ति बहाल होती है तो इस साल 24 और अगले साल तक 30 इंजन मिल जाएंगे। 9000 करोड़ की 113 इंजनों की डील पर कंपनी आगे बढ़ पाएगी। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने करीब 5 महीने पहले अमेरिकी



कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के साथ 1 अरब डॉलर (करीब 8,870 करोड़) की डील की थी। इससे पहले फरवरी 2021 में सरकार ने एचएएल के साथ 83 तेजस मार्क-1। खरीदने के लिए 48,000 करोड़ का करार किया था, लेकिन एचएएल अमेरिकी इंजन की डिलीवरी में देरी की वजह से अभी तक एक भी एयरक्राफ्ट नहीं सौंप पाया है। उम्मीद है कि 2028 तक एचएएल सभी एयरक्राफ्ट्स वायुसेना को सौंप देगा। इसके लिए एचएएल को जीई की ओर से अभी तक 4 इंजन भी मिल चुके हैं।

एलसीए तेजस मार्क-1। लड़ाकू विमान को पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के बीकानेर स्थित नाल एयरबेस पर तैनात करने की योजना है। रक्षा मंत्रालय ने बताया था कि इस जेट में स्वयं रक्षा कवच और कंट्रोल एक्चुएटर होंगे। तेजस मार्क-1। के 65 फीसदी से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। मार्क 1।, सिंगल इंजन वाले तेजस एयरक्राफ्ट का एडवांस वर्जन है। यह चौथी पीढ़ी का हल्का लड़ाकू विमान है, जो कम वजन के बावजूद बेहद फुर्तीला है। इसमें अपग्रेडेड एवियानिक्स और रडार सिस्टम लगे हैं। तेजस के पुराने वर्जन को भी एचएएल ने डेवलप किया है। इसे एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) और डीआरडीओ की मदद से बनाया गया है। इसे हवा, पानी और जमीन पर हमलों के लिए डिजाइन किया गया है। यह मुश्किल हालात में भी अपने टारगेट को निशाना बना सकता है। मार्क-1। एयरक्राफ्ट वायुसेना के मिग-21 के बेड़े का रिप्लेसमेंट है। मिग-21 26 सितम्बर को रिटायर हो चुका है। इसने 62 साल की सर्विस के दौरान 1971 युद्ध, कारगिल और कई बड़े मिशन में अहम भूमिका निभाई थी।

> ■ एचएएल ने मार्च 2026 तक 24 तेजस विमान वायुसेना को देने का किया था वादा
>
> ■ 9 तेजस एमके 1ए विमान इंजन के अभाव में वायुसेना को नहीं मिल पा रहे

# शासन प्रणाली को निरंतर अद्यतन किए जाने की जरूरत: पीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य के साथ सार्वजनिक सेवाओं के तालमेल की आवश्यकता पर बल देते हुए गुरुवार को कहा कि भारत तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्थाओं के बीच तेजी से प्रगति कर रहा है और उसे अपनी शासन प्रणाली को निरंतर अद्यतन करते रहना होगा।

श्री मोदी ने गुरुवार को क्षमता निर्माण आयोग के स्थापना दिवस के अवसर पर कर्मयोगी साधना सप्ताह को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कर्मयोगी साधना सप्ताह, यह सुनिश्चित करने के प्रयास में एक महत्वपूर्ण कड़ी है कि हमारी सार्वजनिक सेवा 21वीं सदी में प्रासंगिक और उत्तरदाई बनी रहे। श्री मोदी ने मौजूदा शासन के मार्गदर्शक सिद्धांत पर विस्तार से बात करते हुए कहा कि प्रशासन का मूल मंत्र नागरिक देवो भव: है, जिसका अर्थ है नागरिक को सर्वोपरि मानना। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोक सेवा को अधिक सक्षम और नागरिकों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने के लिए पुनर्परिभाषित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन को सही मायने में नागरिक-केंद्रित बनाकर उसे एक नई पहचान दी जा रही है।

> ■ कहा: भारत तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्थाओं के बीच तेजी से प्रगति कर रहा

## संक्षिप्त समाचार

### दादरी रैली के बाद बदली सरकार की भाषा : अखिलेश

**लखनऊ (ब्यूरो)।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि दादरी की रैली के बाद भाजपा सरकार की भाषा ही बदल गई है और भाजपा अब अपने कामों को लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है। यादव ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में आरोप लगाया कि भाजपा अब मेट्रो और रिवर फ्रंट जैसी परियोजनाओं का श्रेय लेने की कोशिश कर रही है, जबकि ये काम सपा सरकार के दौरान शुरू हुए थे। उन्होंने कहा कि जनता पूछ रही है कि भाजपा सच बोल रही है या 'असर' का 'असर' दिखाने की कोशिश कर रही है। भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश में भ्रष्टाचार और अव्यवस्था बढ़ी है।

### कफ सिरप तस्करी मामले में छह पकड़े

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के चर्चित कफ सिरप तस्करी मामले में बुधवार को वाराणसी की कोतवाली पुलिस और विशेष जांच दल (एसआईटी) ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हवाला के 42 लाख रुपये, नोट गिनने की तीन मशीनें और दस मोबाइल फोन बरामद किए। गिरफ्तार आरोपियों में नई दिल्ली के मूल निवासी अशोक, राजस्थान के बीकानेर निवासी मोहित, राम अवतार, गिरधारी, गाजीपुर निवासी संतोष गिरी और बलिया निवासी ओम प्रकाश शामिल हैं। इन सभी के नाम सरगना शुभम जायसवाल के करीबी हवाला कारोबारी वैभव जायसवाल की गिरफ्तारी के बाद सामने आए। पूछताछ में पता चला कि ये सभी हवाला कारोबार और कफ सिरप तस्करी से अर्जित अवैध धन के हेर-फेर के नेटवर्क को संचा. लित करते थे। जैतपुरा थाना क्षेत्र के संजय गांधी नगर कॉलोनी में इन्होंने अपने काले कारोबार का पूरा अड्डा बना रखा था।

### सैनिकों को मिले सम्मान, जिसके हैं वे हकदार: राहुल गांधी

# पूर्व सैनिकों की उपेक्षा कर रही सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



- 72 लाख से भी अधिक पूर्व सैनिक और उनके परिवार स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इस योजना पर निर्भर हैं
- यदि कोई सैनिक सेवा में है, तो उसकी विकलांगता पेंशन पर टैक्स लगाया जाएगा

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार पूर्व सैनिकों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है जिसके कारण उनका संकट लगातार गहराता जा रहा है।

गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सरकार उन पूर्व सैनिकों की उपेक्षा कर रही है जिन्होंने देश की सेवा की है। सरकार को पूर्व सैनिकों को वह सारी सुविधाएं देनी चाहिएए जिसके वे हकदार हैं। कांग्रेस नेता ने पूर्व सैनिकों से हुई एक मुलाक. ात का हवाला देते हुए कहा कि जनसंसद में कुछ दिन पहले देश की रक्षा में घायल होने वाले पूर्व सैनिकों से मुलाकात हुई। उन्होंने एक्स सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम में प्रतिपूर्ति में देरी, दवाइयों की कमी, अस्पतालों का इलाज से इनकार या बकाया राशि का भुगतान नहीं होने के कारण योजना से बाहर हो जाने जैसी गंभीर कमियों के बारे में बताया। मैंने जब यह मुद्दा संसद में उठाया, तो मोदी सरकार ने मेरे सवालों को टालने की कोशिश की। कैग ने कहा है कि ईसीएचएस को पर्याप्त धनराशि नहीं मिल रही है , लेकिन सरकार ने यह जवाब देने से मना कर दिया। विकलांग पूर्व सैनिकों के लिए टैक्स छूट से जुड़े मेरे सवाल को भी नजरअंदाज कर दिया।

इसी बीच वित्त विधेयक में यह प्रस्ताव रखा गया है कि यदि कोई सैनिक सेवा में बना रहता है, तो उसकी विकलांगता पेंशन पर टैक्स लगाया जाएगा। यह कदम उन सैनिकों को सजा देने जैसा है जो देश की सेवा जारी रखते हैं।

### असम के सीएम हिमंता भ्रष्टाचारी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने असम विधानसभा चुनाव में अपने प्रचार अभियान में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार देते हुए उन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने यह भी कि राज्य में नफरत और डर का माहौल बनाया जा रहा है, जबकि असम की पहचान आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक एकता से रही है। उन्होंने महान हस्तियों की विरासत का उल्लेख करते हुए लोगों को जोड़ने और प्रेम का संदेश आगे बढ़ाने की बात कही।

### विपक्ष की सशस्त्र पुलिस बल विधेयक जेपीसी को भेजने की मांग

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष ने कहा है कि सशस्त्र पुलिस बल विधेयक सरकार जल्दबाजी में लाई है और इसमें गहनता से विचार करने की आवश्यकता है इसलिए विधेयक को संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) को भेजा जाना चाहिए। लोकसभा में कांग्रेस के हरीश चंद्र मीणा ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक 2026 पर चर्चा की शुरुआत करते हुए गुरुवार को कहा कि विधेयक को जिस तरह से पेश किया गया है वह जल्दबाजी में लाया गया प्रतीत होता है।

# जरूरतमंद को आवास, बीमार को इलाज प्राथमिकता: योगी

**गोरखपुर, वार्ता**



- साथ आए बच्चों को चॉकलेट देकर पढ़ने को प्रेरित किया

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह गोरखपुर प्रवास के दौरान गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने जरूरतमंदों को आवास और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए हर संभव आर्थिक सहायता देने का भरोसा दिलाया।

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने बैठे लोगों के बीच पहुंचकर एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिपरक तरीके से किया जाए। पुलिस से जुड़े मामलों में त्वरित और सख्त कार्रवाई के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई, जिस पर मुख्यमंत्री ने उसे सरकारी आवास योजना के तहत घर दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं, गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद मांगने आए लोगों से उन्होंने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जरूरतमंद मरीजों के इलाज का इस्टीमेट जल्द तैयार कर उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें शीघ्र मदद मिल सके। उन्होंने आए बच्चों को चॉकलेट देकर उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# ऐलान की तारीख से ही तलाक मान्य: इलाहाबाद हाईकोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**



- बड़ा फैसला सुनाया, मुस्लिम महिलाओं को राहत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत तलाक को लेकर बड़ा और महत्वपूर्ण फैसला दिया है, जिसमें कोर्ट ने कहा कि जिस दिन पति तलाक का ऐलान करता है, उसी तारीख से तलाक प्रभावी माना जाएगा। बाद में अदालत द्वारा दिया गया कोई भी आदेश केवल घोषणात्मक होता है, जोकि तलाक की पुष्टि करता है।

यह आदेश तलाक की मूल तारीख से ही जुड़ा माना जाएगा और इससे कोई नया तलाक नहीं बनता। कोर्ट का यह फैसला उन मुस्लिम महिलाओं के लिए बड़ी राहत है, जिनकी दूसरी शादी तलाक की घोषणा के बाद हुई हैं। यानि अब उन्हें पति से हर्जाना मिल सकता है। कोर्ट में जस्टिस मदन पाल सिंह की सिंगल बेंच ने यह मामला सुना और फैसला दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि मोहम्मदिया कानून के मुताबिक पति द्वारा तलाक का ऐलान करने की तारीख से ही माना जाता है। कोर्ट का बाद का आदेश केवल उसकी पुष्टि करता है न कि नई तलाक की तारीख, इसलिए डिक्री की तारिख को तकनीकी आधार बनाकर महिला को उसके अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता है। बता दें कि हुमायरा रियाज ने प्रयागराज के परिवार न्यायालय के उस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें सीआरपीसी की धारा 125 के तहत उनके दूसरे पति से खुद के भरण-पोषण की अर्जी खारिज कर दी गई थी। हालांकि परिवार न्यायालय ने उनके दो नाबालिग बेटों के भरण-पोषण का आदेश दिया था।

# यूपी में 11 परियोजनाओं को दी मंजूरी

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने प्रदेश के रियल एस्टेट सेक्टर को गति देते हुए 3,212.63 करोड़ की लागत वाली 11 नई परियोजनाओं को मंजूरी दी है। यह परियोजनाएं प्रदेश के 9 जनपदों में विकसित होंगी, जिनके तहत लगभग 2,914 आवासीय, वाणिज्यिक और मिश्रित इकाइयों का निर्माण किया जाएगा।

चेयरमैन संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में एक दिन पूर्व बुधवार को सम्पन्न हुई यूपी रेरा की 199वीं प्राधिकरण बैठक में निवेश के लिहाज से गाजियाबाद सबसे आगे रहा, जहां 1,108.69 करोड़ की लागत से 568 आवासीय इकाइयों की परियोजना को स्वीकृति मिली वहीं, इकाइयों की संख्या के मामले में गौतमबुद्ध नगर शीर्ष पर रहा, जहां 843.14 करोड़ की लागत से 1,077 आईटी कार्यालय विकसित किए जाएंगे। लखनऊ में 947.04 करोड़ की दो परियोजनाओं को मंजूरी मिली, जिनमें कुल 815 इकाइयां विकसित होंगी। इसके अलावा झांसी, आगरा, मथुरा, मेरठ, बरेली और फिरोजाबाद में भी विभिन्न आवासीय परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिससे छोटे और मध्यम शहरों में भी नियोजित शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा। यूपी रेरा के अनुसार, इन परियोजनाओं से निर्माण कार्य के दौरान बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

### वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारतीय कंपनियों की बैलेंसशीट मजबूत: रिपोर्ट

**मुंबई।** पहले अमेरिकी आयात शुल्क और अब पश्चिम एशिया संकट के बीच भारतीय कंपनियों की बैलेंसशीट मजबूत बनी हुई है और उनका कर्ज का अनुपात घट रहा है। साख निर्धारक एजेंसी केयरएज रेटिंग्स की साख गुणवत्ता रिपोर्ट 'क्रेडिट रेशियो' के अनुसार, साख बढ़ने और घटने का अनुपात यानी क्रेडिट रेशियो वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही की तुलना में दूसरी छमाही में कम होने के बावजूद 10 साल के औसत से ऊपर बना हुआ है। दूसरी छमाही में क्रेडिट रेशियो 1.93 रहा जबकि पहली छमाही में यह 2.56 था। इस दौरान 363 कंपनियों की रेटिंग बढ़ाई गई जबकि 188 कंपनियों की रेटिंग घटाई गई। इस मामले में 10 साल का औसत 1.55 है। साख घटने की दर सात प्रतिशत रही जो दस साल के औसत 10 प्रतिशत से कम है।

### दिल्ली-एनसीआर में बंद हो सकती हैं 462 फैक्ट्रियां!

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करने की कोशिशों के बीच केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में स्थित 462 फैक्ट्रियों को चिन्हित किया है, जो प्रदूषण की निगरानी के लिए जरूरी उपकरण लगाने में नाकाम रही हैं। इन सभी कंपनियों पर अब तालाबंदी या भारी जुर्माने जैसी सख्त कार्रवाई की तलवार लटक रही है। प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने खास श्रेणी के उद्योगों के लिए ऑनलाइन कांटीन्यूअस इमीशन मॉनीटरिंग सिस्टम (ओसीईएमएस) लगाना अनिवार्य किया है। इस सिस्टम में आधुनिक कैमरे और सेंसर लगाए जाते हैं, जो फैक्ट्रियों से निकलने वाले धुएं और कचरे की रियल टाइम (सीधी) निगरानी करते हैं। इन उपकरणों को सीधे सीपीसीबी के सर्वर और पोर्टल से जोड़ा जाता है। इससे अधिकारियों को दफ्तर में बैठे ही पता चल जाता है कि कौन सी फैक्ट्री तय मानकों से ज्यादा प्रदूषण फैला रही है। सीपीसीबी की जांच में पाया गया कि चिन्हित की गई 462 फैक्ट्रियों ने या तो यह सिस्टम लगाया ही नहीं है, या फिर इनके उपकरण तय मानकों के अनुरूप नहीं हैं। इसके चलते इन औद्योगिक इकाइयों से होने वाले उत्सर्जन की सटीक निगरानी संभव नहीं हो पा रही थी। सीपीसीबी ने संबंधित राज्यों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को इन इकाइयों पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 71608.05
निफ्टी 22383.40



सोना 146000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 225000
प्रति किलो



# ट्रम्प के बयान के बाद शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स-निफ्टी लुढ़के

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनोल्ड ट्रम्प के ईरान युद्ध को लेकर जारी बयान के बाद गुरुवार को दुनिया भर में शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई और घरेलू स्तर पर बीएसई का सेंसेक्स 1,500 अंक से ज्यादा लुढ़क गया।

सेंसेक्स 872.27 अंक की गिरावट में 72,262.05 अंक पर खुला और कुछ ही मिनट में लगभग 1,525 अंक टूटकर 71,608.05 अंक तक उतर गया। खबर लिखे जाते समय यह 1,473.37 अंक (2.01 प्रतिशत) की गिरावट में 71,660.95 अंक पर रहा। श्री ट्रम्प ने राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा है कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ मिशन में अपने मुख्य लक्ष्य हासिल कर लिए हैं, लेकिन अगले दो.तीन सप्ताह में हमले और तेज किए जाएंगे। उनके इस बयान के बाद जल्द युद्ध समाप्ति की उम्मीद लगाए बैठे निवेशकों को निराशा हुई और शेयर बाजारों में बिकवाली देखी गई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 296 अंक गिरकर 22,383.40 अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह 460.70 अंक यानी 2.03 प्रतिशत नीचे 22,218.70 अंक पर था। शेयर बाजार में फिलहाल चौतरफा बिकवाली देखी जा रही है। बैंकिंग, फार्मा, स्वास्थ्य, रियलटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, ऑटो, वित्त, धातु, मीडिया, तेल एवं गैस और रसायन समूहों पर ज्यादा दबाव है।

**तीस कंपनियां गिरावट में**

सेंसेक्स की सभी 30 कंपनियां अभी गिरावट में हैं। विमान सेवा कंपनी इंडिगो और दवा बनाने वाली सनफार्मा के शेयर चार फीसदी से ज्यादा नीचे चल रहे हैं। अडानी पोर्ट्स, एलएंडटी, इटरनल और टाट स्टील के शेयर तीन से चार प्रतिशत फिसल चुके हैं।

### सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** अमेरिका इजरायल की ईरान से चल रही जंग के बीच सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट जारी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक गुरुवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 5,346 रुपए घटकर 1.46 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले बुधवार को यह 1.51 लाख पर था। एक किलो चांदी भी 15,176 रुपए घटकर 2.25 लाख रुपए रह गई, जो 25 मार्च को 2. 40 लाख रुपए पर थी। अमे. रिका-ईरान जंग के कारण सोना 34 दिन में 13,590 और चांदी 42,040 सस्ती हुई है। रायपुर में आज सोना सबसे सस्ता मिल रहा है। यहां 10 ग्राम सोने की कीमत 1,48,380 रुपये चल रही है। कानपुर और लखनऊ सोने की कीमत सबसे ज्यादा है। यहां 10 ग्राम सोना 1,49,650 रुपये में मिल रहा है।

# चावल, गेहूं, चीनी व दालों के भाव में रही गिरावट, खाद्य तेलों के भाव में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल की औसत कीमत गिर गई। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालों में भी नरमी देखी गई जबकि खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 47 रुपये घटकर 3,819 रुपये प्रति क्विंटल रह गया।

गेहूं दो रुपये सस्ता हुआ और 2,789 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत पिछले कारोबारी दिवस पर ही रही। दाल-दलहनों में नरमी रही। उड़द दाल औसतन 67 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। चना दाल की कीमत 51 रुपये और मूंग दाल की 40 रुपये गिर गई। तुअर दाल 36 रुपये और मसूर दाल 32 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 25 रिंगिट चढ़कर 4,794 रिंगिट प्रति टन पर रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.65 प्रतिशत की बढ़त के साथ 68.21 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 84 रुपये और सोया तेल की 47 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई।

मूंगफली तेल 125 रुपये और वनस्पति 93 रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल की कीमत 59 रुपये और सूरजमुखी तेल की 53 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 31 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7668.78 रुपये, मसूर काली 8073.16 रुपये, मूंग दाल 10121.92 रुपये, उड़द दाल 10747.45 रुपये, तुअर दाल 11219.48 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2788.53 रुपये और चावल 3818.68 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3275.84 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4300.91 रुपये और गुड़ 4964. 60 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17789.85 रुपये, मूंगफली तेल 18695.62 रुपये, सूरजमुखी तेल 17266.75 रुपये, सोया तेल 14604.85 रुपये, पाम ऑयल 13231.22 रुपये और वनस्पति 14639.70 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# मंत्री की गैरमौजूदगी पर सख्त हुए लोस अध्यक्ष ओम बिरला

### लोकसभा स्पीकर ने कहा-दोबारा ऐसा नहीं होना चाहिए

**नई दिल्ली, वार्ता**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को सदन में कुछ सदस्यों के देर तक बातचीत करने पर नाराजगी जताई। इसके अलावा उन्होंने एक मंत्री के विभाग से संबंधित प्रश्न पूछे जाने के दौरान सदन में मौजूद नहीं होने पर गुस्सा जाहिर किया।

प्रश्नकाल के दौरान एक सप्लीमेंट्री क्वेश्चन पूछा जाना था। यह सवाल सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय (एमएसएमई) से जुड़ा था, लेकिन उस समय केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी सदन में मौजूद नहीं थे। उनके राज्य मंत्री भी अनुपस्थित थे। जिसपर सदन अध्यक्ष ने उन्हें फटकार लगाई।

इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने नाराजगी जताई। उन्होंने संसदीय कार्य मंत्री से कहा कि वे इस मामले को ध्यान में लें और आगे से ऐसा न हो, यह सुनिश्चित करें। अध्यक्ष ने पूछा कि एमएसएमई के राज्य मंत्री कौन हैं? राज्य मंत्री के भी अनुपस्थित रहने का संज्ञान लेने के बाद बिरला ने संसदीय कार्य मंत्री से इस मामले को ध्यान में रखने को कहा।

उन्होंने कहा कि दोबारा ऐसा नहीं होना चाहिए। शून्यकाल शुरू होने पर अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने कई सदस्यों और मंत्रियों को खड़े होकर लंबी बातचीत करते देखा है। उन्होंने कहा कि सिर्फ जरूरत होने पर ही एक-दो मिनट बात कर सकते हैं। लंबी बातचीत नहीं करनी चाहिए। बिरला ने चेतावनी दी कि आगे से वह ऐसा करने वालों के नाम लिए जाएंगे। इससे पहले प्रश्नकाल में अध्यक्ष ने निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को टोका।

उन्होंने कहा कि पप्पू यादव आसन (स्पीकर की तरफ) की तरफ पीठ करके कई मिनट से दूसरे सदस्य से बात कर रहे हैं। अध्यक्ष ने कहा कि आप तो वरिष्ठ सदस्य हैं, ऐसा व्यवहार नहीं करना चाहिए। अध्यक्ष ने कहा कि सदन की मर्यादा बनाकर रखना सबकी जिम्मेदारी है। सभी सदस्यों और मंत्रियों को इसका पालन करना चाहिए।

# आप ने राघव चड्ढा को राज्यसभा उपनेता पद से हटाया

**नई दिल्ली।** राघव चड्ढा को आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा उपनेता के पद से हटा दिया। उनकी जगह पार्टी ने अशोक मित्तल को इस पद की जिम्मेदारी दी है। पार्टी के इस फैसले पर संजय सिंह की प्रतिक्रिया सामने आई है। जब मीडिया ने संजय सिंह से इसको लेकर सवाल किया, तो उन्होंने कहा कि जो भी बताना था वो राज्यसभा सचिवालय बता दिया है। राज्यसभा सचिवालय को पार्टी का जो फैसला था उससे अवगत करा दिया गया है।

आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को लिखे पत्र में इस बात का जिक्र किया है कि राघव चड्ढा को संसद में बोलने के लिए समय आवंटित न किया जाए। इसके साथ ही आप ने राज्यसभा सचिवालय से आग्रह किया है कि सांसद राघव चड्ढा की जगह सांसद अशोक कुमार मित्तल को राज्यसभा में पार्टी का डिप्टी लीडर नियुक्त किया जाए। अशोक कुमार मित्तल ने इस बदलाव को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पार्टी में बदलाव एक निरंतर प्रक्रिया है। पहले एनडी गुप्ता उपनेता थे, फिर राघव जी ने पदभार संभाला और अब मुझे यह जिम्मेदारी दी गई है। कल किसी और को यह मौका मिल सकता है। पार्टी चाहती है कि हर सांसद और नेता अलग-अलग भूमिकाओं से सीखे और अनुभव प्राप्त करे। राघव चड्ढा के पार्टी छोड़ने की अटकलें को मित्तल ने अफवाह करार दिया है। राघव चड्ढा को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं कि वो आम आदमी पार्टी का साथ छोड़कर बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। पंजाब में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। कथित शराब घोटाले में आप के कई बड़े नेताओं के रिहा होने के बाद राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई थी। इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं कि चड्ढा आम आदमी पार्टी से नाराज हैं।

# सरकारी मदरसों में मिड-डे मील योजना की जांच की कवायद शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- यूपी में 558 सरकारी अनुदान प्राप्त मदरसे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के सहायता प्राप्त मदरसों में संचालित मिड-डे मील योजना में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की जांच के आदेश के बाद इसकी कवायद तेज हो गई है। यह जांच प्रदेश के सभी 558 सरकारी अनुदान प्राप्त मदरसों में कराई जाएगी।

मिड-डे मील प्राधिकरण की निदेशक मोनिका रानी द्वारा 23 मार्च को जारी पत्र के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि योजना के क्रियान्वयन से जुड़ी शिकायतों की जांच कर जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस पत्र के साथ 30 जनवरी को यूपी ऑल इंडिया पसमान्दा मंच की ओर से दी गई शिकायत भी संलग्न की गई है, जिसमें विभिन्न जिलों के मदरसों में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने आदेश की पुष्टि करते हुए कहा कि सरकार को शिकायतें मिली हैं कि मदरसों में छात्रों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि मदरसों के बच्चों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव न हो और उन्हें बेहतर शिक्षा के साथ गुणवत्तापूर्ण भोजन भी मिले। मंत्री ने कहा कि यदि मिड-डे मील योजना में किसी प्रकार का भ्रष्टाचार पाया जाता है, तो यह सरकार की मंशा के विपरीत है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बलरामपुर के तीन सहायता प्राप्त मदरसों-मदरसा आयशा सिद्दीका, मदरसा दारुल उलूम फारूकिया और मदरसा फजले रहमानिया-में लगभग 8 करोड़ रुपये के घोटाले का मामला सामने आया है। इस संबंध में 26 नवम्बर 2025 को कोतवाली नगर थाने में 44 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जिनमें से 12 की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। मामले के सामने आने के बाद तीनों मदरसों के प्राचार्यों को निलंबित कर दिया गया। इसके अलावा, बाराबंकी में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा जुलाई 2025 में कुछ मदरसों में मिड-डे मील योजना के क्रियान्वयन न होने पर नोटिस भी जारी किया गया था। प्रदेश में कुल लगभग 25,000 मदरसे हैं, जिनमें से 558 को सरकार से अनुदान प्राप्त होता है।

# घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

## एक सप्ताह पहले हुआ था घायल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सड़क हादसे में घायल युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उसका उपचार मुरादाबाद के निजी अस्पताल में चल रहा था। पोस्टमार्टम के बाद स्वजन ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया है। प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी गई है।

थाना व गांव डिडौली में तेजपाल सिंह उर्फ पप्पू का परिवार रहता है। तीन भाइयों में सबसे छोटे तेजपाल ट्रैक्टर-ट्राली चलाते थे। परिवार में पत्नी अनीता, एक बेटी व दो बेटे हैं। एक सप्ताह पहले वह मुरादाबाद की तरफ से ट्रैक्टर-ट्राली लेकर घर लौट रहे थे। दिल्ली-बरेली हाईवे पर जब वह डिडौली कोतवाली क्षेत्र में गांव अम्हेड़ा के पास पहुंचे तो पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। हादसे में तेजपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद स्वजन उन्हें उपचार के लिए मुरादाबाद के कासमास अस्पताल ले गए थे। जहां उनका उपचार चल रहा था। बुधवार देर शाम उनकी मौत हो गई। गुरुवार को स्वजन ने पोस्टमार्टम के बाद मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया है। तेजपाल सिंह की मौत से स्वजन में कोहराम मच गया। प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी है।

# आम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

## बीती शाम घर से निकला था युवक, परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के कलाली रोड स्थित आम के बाग में गुरुवार सुबह 20 वर्षीय नमन का शव पेड़ से लटका मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते बाग में भीड़ जमा हो गई। परिजनों मे को. हराम मच गया। सूचना पर थाना प्रभारी अमरपाल सिंह और कस्बा चौकी प्रभारी नीरज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाकर साक्ष्य संकलन कराए गए। पुलिस ने मौके का बारीकी से निरीक्षण किया और शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर कब्जे में ले लिया। साथ ही मौके से फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराकर जरूरी साक्ष्य भी जुटाए गए। मृतक की पहचान मोहल्ला शिवपुरी निवासी नमन गिरि (20) पुत्र विनोद गिरि के रूप में हुई। बताया गया कि उसके पिता वाहन चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। जवान बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। माता-पिता समेत परि. जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि नमन बुधवार शाम करीब सात बजे घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। गुरुवार सुबह उसका शव बाग में पेड़ से लटका मिलने की सूचना से परिवार और मोहल्ले के लोग स्तब्ध रह गए। थाना प्रभारी अमरपाल सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# डिप्टी कलेक्टर के चालक ने लगायी फांसी

## परिजनों की सतर्कता के चलते बची जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डिप्टी कलक्टर की सरकारी कार पर तैनात चालक ने घरेलू कलह के चलते आत्महत्या का प्रयास किया। उसने अपने घर में फांसी लगा ली, लेकिन समय रहते परिजनों की सतर्कता से उसकी जान बच गई। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद उसकी स्थिति में सुधार हो गया और चिकित्सकों ने उसे छुट्टी दे दी।

डिप्टी कलक्टर की सरकारी कार पर तैनात चालक क्षेत्र के गांव रजाकपुर निवासी 37 वर्षीय नीरज पुत्र मनीराम सिंह ने बुधवार को अपने ही घर में फांसी लगा ली। गनीमत रही कि समय रहते परिजनों को इसकी भनक लग गई और वह मौके पर पहुंच गए। नीरज को फांसी के फंदे से उतारकर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार के बाद छुट्टी दे दी गई। इस बावत सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि नीरज ने पारिवारिक क्लेश के चलते फांसी लगाई थी। जांच में सामने आया है कि वह बीते 15 साल से अनुबंध पर चालक है। परि. जनों की ओर से मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। पुलिस गांव पहुंची थी। एंबुलेंस से नीरज को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे मेरठ रेफर किया गया था। हालत में सुधार आने पर चिकित्सकों ने छुट्टी दे दी।

# मौलिक अधिकारों की रक्षा करना संघ का कर्तव्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर के तीरथ बैंकट हॉल में गुरुवार को भारत राष्ट्रीय सेवक संघ का स्थापना दिवस एवं हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन के विस्तार, सामाजिक अनुशासन और नागरिक अधिकारों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर विनोद नागर का कार्यकर्ताओं ने हनुमान जी का चित्र और गदा भेंट कर जोरदार स्वागत किया। उनके साथ मंच पर कर्नल अश्वनी कुमार, ताराचंद नागर, नवीन विजय सोई एनआरआई, अनीता कसाना और विशाखा त्यागी प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। वक्ताओं ने भगवान हनुमान के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने और अनुशासित रहने का आह्वान किया। अपने संबोधन में प्रोफेसर विनोद नागर ने कड़े शब्दों में कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को मिले मौलिक अधिकारों की रक्षा करना संघ का प्राथमिक कर्तव्य है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समाज में किसी भी व्यक्ति के मौलिक अधिकारों का हनन किया जाता है। तो संघ उसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। और संगठन के माध्यम से इसका कठोर जवाब दिया जायेगा। समारोह के समापन पर सभी उपस्थित लोगों को स्थापना दिवस की बधाई दी गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धीरज सिंह, सत्यपाल सिंह, अजयपाल कटारिया, मुनेश चंद, उदयवीर सिंह, दीपक गुर्जर, पूजा चौधरी, छाया सागर, सोम. वती शर्मा, अंकित बंसल, शीशपाल सिंह और स्वामी मनोज दास सहित भारी संख्या में गणमान्य नागरिक और कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह आयोजन संगठन की एकजुटता और सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा।



# हादसे में पत्नी की मौत, पति व बेटा घायल

## ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में मां की मौत हो गयी जबकि पिता व बेटा घायल हो गये। हालत गंभीर होने पर दोनों को हायर सैंटर रैफर किया गया है। रहरा थाना क्षेत्र के गांव चचौरा निवासी अली हसन पुत्र लियाकत अपनी पत्नी परवीन (45) एवं अपने बेटे राशिद के साथ आज दोपहर रहरा बैंक में किसी कार्य से आए थे। वापस जाते वक्त अलीगढ़ हसनपुर मार्ग पर रहरा में होटल के नजदीक गवां की दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों बाइक सवार रोड पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गये। जबकि परवीन की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों घायलों को सीएचसी रहरा में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार देने के बाद डॉक्टरों ने रशीद को हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## एक नजर

### धनौरा में पांच नामित सभासदों को दिलायी शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर पालिका परिषद सभागार में गुरुवार को शासन से नामित पांच सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव ने नामित सभासदों कुसुमलता गोयल, सीमा रानी, प्रत्यक्ष शर्मा, जसवीर सिंह उर्फ जोनी और ओमवीर सैनी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि नामित सभासदों के जुड़ने से नगर के विकास कार्यों को नई मजबूती मिलेगी। सभी सदस्य मिलकर जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएंगे और नगर की सफाई, सड़क, पानी, प्रकाश और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने का काम करेंगे। समारोह में पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, ईओ अवधेश वर्मा, वरिष्ठ लिपिक उमेश सैनी, लेखाकार सोनू पिवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, सुनील प्रजापति, देवेश तंवर, विशाल कौशिक, पवन वर्मा आदि मौजूद रहे।

### नामित सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** नगर पालिका सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने नामित सभासदों मानवी त्यागी, ज्योति गर्ग, अजयपॉल, पंकज भटनागर, पंकज भटनागर को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि सरकार ने भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं को पालिका में नामित करके उन्हें जनता की सेवा करने की जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कहा कि सरकार पूरे प्रदेश का जमकर विकास कर रही है। पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि वह सभी को साथ लेकर नगर में विकास करने का काम करेंगे। इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष हरि सिंह सैनी, विधायक पुत्र देवेंद्र खड़गवंशी, विजयपाल सिंह, मंयक अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, पूर्व प्रमुख महावीर सिंह, मोहसिन खान, जुनेद खान, शराफत मलिक आदि मौजूद थे।

### जोया में नामित सभासदों को दिलायी शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** शासन द्वारा नगर पंचायत में नामित तीन सभासदों प्रमोद अग्रवाल, सीमा चौधरी, आकाश बाल्मीकि को पंचायत के सभागार में डिप्टी कलेक्टर ने शपथ दिलाई। ईओ विपिन सेंगर, चेयरमैन जुबेर अहमद, ब्लाक प्रमुख सरदार गुरेंद्र सिंह ढिल्लों, गिरीश त्यागी, भूप सिंह बेनीवाल, एवं कृष्ण कुमार सिंह, जीत सिंह, अनुज कुमार, जीशान अहमद, विजय पांडे, जितेंद्र कुमार, राजवीर विश्वकर्मा, माया गुप्ता, गिरीश गुप्ता, विपिन गुप्ता, प्रमोद चौधरी, मीनू गुप्ता, विजय प्रसाद शर्मा, मधु कुमारी पारूल अग्रवाल, राजकुमार चंदेल अनुराग गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर युवती से बनाए शारिरिक संबध

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एक युवती के एक युवक ने शादी का झांसा देकर कई बार अलग अलग होटलों में ले जाकर शारिरिक सम्बंध बनाए, लेकिन अब शादी करने से इंकार कर दिया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपी युवक के विरूद्ध तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

नगर के एक मौहल्ला निवासी युवती के अपनी मां की भतीजी के लड़के नितिनसे छह वर्ष पूर्व प्रेम संबध हो गए थे, तभी से नितिन युवती से शादी का भरोसा देता रहा।

**■ तहरीर के आधार पर आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज**

आरोप है कि छह सात माह पूर्व नितिन ने युवती को नगर के अलग अलग होटलों में ले जाकर शारिरिक सम्बंध बनाए। इसके बाद युवक ने शादी से मुकरने की बात शुरू कर दी। कई बार युवती ने उसे समझाया मगर वह युवक नहीं माना। इसके बाद पीड़िता ने बुधवार को थाने पहुंचकर तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी नितिन के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम

## बाबा गंगानाथ मन्दिर में महाआरती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** श्री रामायण संकीर्तन मंडल द्वारा बाबा गंगानाथ मंदिर में भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कमेटी के पदाधिकारियों ने हनुमान जी का भव्य श्रृंगार कर चोला ओढ़ाया, महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

बृहस्पतिवार को बड़ा बाजार स्थित बाबा गंगानाथ मंदिर में भगवान हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। बाहर के कलाकारों एवं कमेटी के पदाधिकारियों ने सुंदर कांड का पाठ किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष चैन सुख गोले, अनिल स्वरूप टंडन, प्रतुल शर्मा, अतुल पंडित, संदीप रस्तोगी, राजवीर यादव, सुधांशु शर्मा, दयाल शर्मा, अमित रस्तोगी, आशुतोष त्रिवेदी आदि मौजूद रहे। उधर मोहल्ला पुष्कर नगर स्थित बाला जी धाम मंदिर में श्री बालाजी भक्त मंडल ट्रस्ट की ओर से भगवान हनुमान का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ट्रस्ट ने बालाजी महाराज का स्वर्ण श्रृंगार किया और महाआरती कर छप्पन भोग लगाया। इसके बाद सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान संजीव कुमार, सौरभ अग्रवाल, नवीन जिंदल, रोहित अग्रवाल, तरूण अग्रवाल, शशांक अग्रवाल, ममता अग्रवाल, सिम्मी, रीता, अंजली, अंशु आदि मौजूद रहे।



# मंत्रोच्चार व जयकारों से हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हनुमान जयंती के अवसर पर नगर के हाइवे स्थित खेम सिंह कालोनी में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके बाद भंडारा आयोजित करके प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान पूरा वातावरण मंत्रोच्चार और जयकारों से गूंज उठा।

**■ खेम सिंह कॉलोनी में संकट मोचन मंदिर में हुआ आयोजन**

बता दें कि खेम सिंह कालोनी में स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर हनुमान जी की प्रतिमा स्थापना के लिए पंडित जयप्रकाश शुक्ल के दिशा निर्देशन में 31 अप्रैल से धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ किया गया था। 31 अप्रैल को अन्नवास व पूजन हुआ तो वहीं 01 अप्रैल को दूधवास व पूजन किया गया। 02 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व हनुमान जी की प्रतिमा को कॉलोनी में भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम स्थल हनुमान जी की जयकारों और मंत्रोच्चार से गुंजित हो उठा। दोपहर में हनुमान जी को छप्पन भोग के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर मुख्य यजमान अरविंद चौधरी, अरूणा चौधरी, दीपक सिंह, आशा रानी, भीष्म सिंह, रेनु देवी, अंकित चौधरी, पूनम सिंह, अरूण चहल, सुरजीत सिंह, अरूणा, उषा देवी, रेनू देवी, आंचल समेत आचार्य नमन शर्मा, आचार्य गौरव शुक्ला, आचार्य श्रीकांत पाण्डेय, आचार्य कन्हैया प्रसाद आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।



# आठ साल से फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## पिता का नाम बदलकर रह था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** पिता का नाम बदलकर रह रहे फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना क्षेत्र के गांव मूंढा इम्मा में वर्ष 2017 में दर्ज गोकशी और पुलिस पर हमले के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी पुलिस से बचने के लिए आधार कार्ड में अपने पिता का नाम बदलकर पहचान छिपाए हुए था। 6 जून 2017 को उपनिरीक्षक संजीव कुमार ने गोकशी के मामले में चार महिलाओं सहित 18 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मामले में वांछित आरोपी वसीम पुत्र अकबर उर्फ लल्ला उर्फ नवावजान लंबे समय से फरार चल रहा था। जो स्थाई (रेड) जारी कर दिया गया था। प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र वालियान ने एसआई जसवीर सिंह तथा सिपाही संदीप कुमार और मानवेंद्र सिंह की टीम के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी वसीम ने बताया कि पुलिस से बचने के लिए उसने करीब पांच साल पहले अपने आधार कार्ड में पिता का नाम अकबर की जगह नवावजान दर्ज करा लिया था और फरार होकर रह रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार जेल भेज दिया है।

# पालिका ने दस पशु पालकों पर कराया मुकदमा

## रोक के बावजूद पशु पालकों पर कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर पालिका ने शहर में अवैध रूप से पशुपालन और डेयरी संचालन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 10 पशुपालकों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बार-बार नोटिस और चेतावनी के बावजूद नियमों का पालन न करने पर पालिका ने यह कदम उठाया है।

पालिका प्रशासन के अनुसार, शहर में अवैध पशुपालन के चलते नालियों में गंदगी, जल निकासी में बाधा और संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा था। कई बार संबंधित पशुपालकों को अपने पशु नगर सीमा से बाहर रखने के निर्देश दिए गए, लेकिन उन्होंने आदेशों की अनदेखी की। इसी के चलते पालिका ने सख्ती दिखाते हुए श्री असलम, श्री रहमान, श्री बुद्धा, श्री इस्लाम, श्री सुल. मान, श्री अच्छन, श्री गफ्फार, श्री रहीम, श्री अनवर एवं श्री सरवर, निवासी मोहल्ला छेड़ा, जाटव धर्मशाला के पास, जनपद अमरोहा के खिलाफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में वाद दायर करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिशासी अधिकारी ने साफ कहा है कि नगर क्षेत्र में अवैध पशुपालन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अन्य पशुपालकों को भी चेतावनी दी गई है कि वे अपने पशुओं को निर्धारित स्थानों पर रखें, अन्यथा उनके खिलाफ भी इसी प्रकार की कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नगर में स्वच्छता और बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# निर्माण के दौरान गिरी दीवार, कई मजदूर घायल

## हादसे का वीडियो हुआ वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** निर्माण कार्य के दौरान एक दीवार अचानक ढह गई, जिससे कई मजदूर घायल हो गए। हादसा पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। घटना अमरोहा शहर कोतवाली क्षेत्र में कैलसा बाईपास मोहल्ले में हुई। यहां मजदूर एक दीवार का निर्माण कर रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। दीवार अचानक भरभराकर मजदूरों के ऊपर आ गिरी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी के हालात बन गए। इस दुर्घटना में कई मजदूर चोटिल भी हुए। हादसे के तुरंत बाद, आसपास के लोगों ने बचाव कार्य शुरू किया। सभी घायल मजदूरों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले में जांच किए जाने की बात कही।

# प्रदेश सरकार निरंतर कर रही जनहित के कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**मण्डी धनौरा।** विधानसभा धनौरा के शेरपुर मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित विधायक राजीव तरारा ने प्रदेश सरकार द्वारा संच. ालित कल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान विधायक ने प्रदर्शनी का भी फीता काटकर शुभारंभ किया। गुरूवार को आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार निरंतर जनहित में कार्य कर रही है और अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि अधिकाधिक लोगों को लाभ मिल सके। विधायक ने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश व प्रदेश की साख बढ़ी है। महिला सशक्तीकरण, रोजगार सहित सभी विषयों पर सरकार का पूरा ध्यान है।



# घर के पीछे से फायरिंग का आरोप

## पुरानी रंजिश में तीन नामजद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** थाना क्षेत्र के गांव लम्बिया में पुरानी रंजिश को लेकर फायरिंग और धमकी देने का मामला सामने आया है। गांव निवासी मनवीर सिंह पुत्र होमपाल सिंह ने थाना बछरायूं में तहरीर देकर गांव के ही तीन लोगों पर घर के पीछे से जान से मारने की नीयत से फायर करने का आरोप लगाया है।

तहरीर के अनुसार बुधवार शाम मनवीर सिंह के घर के पीछे से गांव निवासी देवेन्द्र सिंह उर्फ गुड्डू, पमित उर्फ छोटे तथा एक अन्य युवक पर फायरिंग करने का आरोप है। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने तुरंत यूपी-112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित ने थाना पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# लैंडमार्क ने छह विकेट से जीता चैम्पियन लीग फाइनल

## असमिया किंग को हराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** चैंपियन लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में लैंड मार्क होमबिल्ड ने असमिया किंग को 6 विकेट से करारी शिकस्त दे दी।

सोहरका मार्ग पर स्थित लाला नत्थूमल क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे चौंपियन लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में गुरुवार को असमिया किंग की टीम ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 17 ओवर 5 गेंद में 113 बनाये। जिसमें राजन व अभिषेक चौहान ने 14-14 रन बनाये। जब के असद रुमान ने 25 व आजम खान ने 27 रनों का योगदान दिया। बैटिंग करने को उतरी लैंड मार्क होमबिल्ड ने चार विकेट होकर जीत का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। जिसमें कप्तान राहुल गुर्जर ने आवाज 40 रन बनाये। इसके अलावा कृष्णा 18 मोहम्मद बिलाल 17 व अमित ने 16 रनों का योगदान दिया। पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी द्वारा विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में मैन ऑफ दा सीरीज, मैन ऑफ दा मैच, बेस्ट फिल्टर का भी पुरस्कार दिया गया। पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि युवा क्रिकेटरों के लिए वह हमेशा उनका सहयोग करने के लिए तैयार है। बेस्ट कमेंट्री करने के लिए अजहर फारूक व असद खान को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंकज भटनागर, सचिन गुप्ता, भोजराम सिंह खड़कवंशी, नितिन सैनी, राहुल सैनी, अजहर फारूक, असद खान मौजूद थे।

# स्टंट करने में ट्रैक्टर चालक का चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** तेज आवाज में म्यूजिक बजाकर डिवाईडर पर ट्रैक्टर ट्राली चढ़ाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले ट्रैक्टर चालक का पुलिस ने चालान कर दिया। बता दें कि गाजियाबाद निवासी तरूण ट्रैक्टर ट्राली में जनपद सम्भल से ईंटे भरने जा रहा था। आरोप है कि वह एक तो गलत दिशा से आ रहा था, ऊपर से तेज आवाज में म्यूजिक बजाकर डिवाईडर पर ट्रैक्टर ट्राली चढ़ाकर स्टंट कर रहा था। इस कारण पीछे चल रहे वाहन चालक भी हादसे के डर से आशंकित हो रहे थे। किसी राहगीर ने इस बात की जानकारी चौपला पर पुलिस को दी। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को चौपला पर रूकवाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर चालान की कार्रवाई की और भविष्य में ऐसा न करने की नसीहत दी।

# हनुमान जयंती पर निकाली प्रभात फेरी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** श्री झारखंडी महादेव सेवक संघ के तत्वाधान में हनुमान जयंती का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह के समय नगर में सुन्दर प्रभात फेरी निकाली तो वहीं दोपहर में चोला चढ़ाया गया। शाम को भोग लगाने के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

**चोला चढ़ाया, छप्पन भोग के बाद हुआ प्रसाद का वितरण**



नगर के बस्ती स्थित हनुमान मंदिर से गुरूवार की सुबह आठ बजे पूजा अर्चना के बाद हनुमान जी की प्रभात फेरी प्रारंभ हुई जो कि नगर के प्रमुख मार्गों पर घूमी। इस दौरान श्रद्धालु हनुमान जी के जयकारे लगा रहे थे। प्रभात फेरी के बाद दोपहर में 12 बजे हनुमान जी को चोला चढ़ाया गया तो वहीं सांय तीन बजे से श्री रामचरित मानस कृत सुंदरपाठ का आयोजन हुआ। शाम को छह बजे आरती, सात बजे छप्पन भोग के बाद प्रसाद वितरण हुआ। इस मौके पर वैभव गोयल, अमन अग्रवाल, आयुष जिंदल, केशव कौशिक, अमन शर्मा, हर्ष सिंघल, तन्मय सिंघल, आकाश बंसल, निशांत वर्मा, सुमित गर्ग, उत्कर्ष जिंदल, अंकित अग्रवाल, आदित्य गोयल, विट्ठल गोयल, मयंक शर्मा, वरुण अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, कृष्णा बंसल, नितिन बंसल, शीतल प्रसाद अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# अपग्रेड के चलते 16 घंटे बंद रहेंगी ऑनलाइन सेवाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** आर०एम०एस बिलिंग प्रणाली पर मेंटेनेंस एवं कॉन्फिगरेशन करने के 16 घण्टे तक ऑनलाइन बिल जमा करने सहित अन्य सेवाएं बाधित रहेंगीं।

विद्युत विभाग के आईटी प्रभाग के अधीक्षण अभियंता अरविंद कुमार ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि, यूपीपीसीएल एवं सहयोगी डिस्कॉम (पूर्वांचल, मध्यांचल, दक्षिणांचल, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड एवं केस्को) हेतु आर०एम०एस बिलिंग प्रणाली पर मेंटेनेंस एवं कॉन्फिगरेशन करने के कारण 03 अप्रैल की रात 10 बजे से दिनांक 04 अप्रैल को दोपहर दो बजे के मध्य सोलह घंटे साइटें पूर्ण रूप से बंद रहेगी। इस अवधि में बिलिंग प्रणाली, ऑनलाइन उपभोक्ता पोर्टल एवं UPPCL कंज्यूमर ऐप पर उपलब्ध सभी ऑनलाइन सेवाएं (बिल भुगतान, स्मार्ट मीटर रिचार्ज, बिल जनरेशन, भार वृद्धि इत्यादि) बाधित रहेंगी। अपग्रेड के बाद साइट व एप आदि सेवाएं यथावत प्रारम्भ हो जाएंगी।

# पालिका के नामित सभासदों को शपथ



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** नगर पालिका के नामित सदस्यों को एसडीएम द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शासन द्वारा श्रीमती आशा आर्य, श्री प्रेम सिंह सैनी, श्री सुगंध शर्मा, श्री शार्दुल अग्रवाल एवं श्रीमती पिंकी रानी वर्मा को नगर पालिका का सदस्य नामित किया गया है। आज श्रीमती आशा आर्य, श्री सुगंध शर्मा, श्री शार्दुल अग्रवाल एवं श्रीमती पिंकी रानी वर्मा को एसडीएम ने शपथ ग्रहण करायी। नव-नामित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि वे नगर के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे। इस दौरान अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार, पूर्व पालिका अध्यक्ष अतुल जैन, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बृजेश चौधरी, जिला महामंत्री पूरन सिंह सैनी, राकेश वर्मा, चंद्रभान भाटी, अखिल जैन, मोनू यादव, निरंजन चौधरी सहित पालिका के सभासद, स्टाफ और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# गोल्डन पेटल्स स्कूल में बच्चों को किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** गोल्डन पेटल्स इंटरनेशनल स्कूल में सत्र 2025-26 का भव्य दीक्षांत समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर नन्हे विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खुर्रम आजाद खान ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा की पैरेंट्स को इस दोर में बच्चों की सेफ्टी का बहुत ध्यान रखने और समझाने की जरूरत है। इस अवसर पर एसबीएम प्रेसिडेंट हाजी शब खान, डायरेक्टर एसबीएम दानिश खान उपस्थित रहे। समारोह के दौरान कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। सभी टीचर्स को अलग अलग कैटेगरी में अच्छी परफॉरमेंस के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ बेस्ट पैरेंट्स अवार्ड दिये गये। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अफजल सिद्दीकी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# एलएसए में स्काउट-गाइड को प्रमाण पत्र वितरित

## 53 शिक्षकों को भी किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** लिटिल स्कॉलर्स एकेडमी में स्काउट-गाइड के बेसिक कोर्स में सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्रा रहे, जिन्होंने अपने करकमलों से यूनिट लीडर्स को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

यह कार्यक्रम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. मोनिका के निर्देशन में आयोजित हुआ, जबकि संचालन संगठन आयुक्त (स्काउट) डॉ. अजय कुमार ने किया। मई 2025 में प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र शीतलखेत में आयोजित 7 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में शामिल 53 शिक्षकों को इस अवसर पर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने विषम परिस्थितियों में जीवन जीने की कला और स्काउटिंग के मूल्यों को व्यवहारिक रूप में सीखा। इस अवसर पर शिक्षा विभाग एवं स्काउट-गाइड से जुड़े कई अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# राजेन्द्र एकेडमी में परीक्षाफल घोषित



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** राजेंद्रा एकेडमी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा फल लेकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। गुरुवार को विद्यालय में प्रबंधिका ने दीप प्रचलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि छात्रों को भविष्य में और अधिक महत्व और मेहनत करनी की जरूरत है। बताया कि परीक्षा का परिणाम केवल अंक नहीं होता बल्कि यह हमारे ज्ञान प्रयास सुधार की दिशा को दर्शाता है। हमें हमेशा सीखते रहना चाहिए और आगे बढ़ते रहना चाहिये। उन्होंने बताया कि यह बच्चों के अभिभावकों और शिक्षकों की संपन्न और मेहनत के द्वारा ही संभव है। इस दौरान नर्सरी व कक्षा 9 से 11 तक के परिणाम घोषित किये गये।

# पुरानी एजेंसी का लाईसेंस निरस्त किया जाये

## आरटीआई परिषद ने एसडीएम को दिया ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जनहित की समस्याओं का जल्द समाधान किये जाने की मांग की है।

गुरुवार को परिषद के कार्यकर्ताओं ने उपाधिकारियों को ज्ञापन देते हुए कहा कि गैस उपभोक्ताओं के मोबाइल पर डिलीवरी होने का मैसेज आता है। उस डिलीवरी को काला बाजारी में बेचा जा रहा है। बताया कि गैस सिलेंडर 2500 में ब्लैक किया जा रहा है। जनप्रतिनिधि और प्रशासन का कोई ध्यान इस ओर को नहीं है। उन्होंने कहा कि रसूख दार लोगों को फोन पर ही सिलेंडर दिये जा रहे हैं। जब के उपभोक्ता लाइनों में लगकर परेशान है। उन्होंने कहा कि गरीब उपभोक्ताओं की कटौती कर उन्हें बेवजह परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ उपभोक्ताओं के कनेक्शनो को निरस्त किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा की पुरानी एजेंसी का लाइसेंस निरस्त कर किसी अन्य एजेंसी में अटैच कर दिया जाये। ज्ञापन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव अनुपम त्यागी टेकचंद अमित सिंह नीरज शर्मा राधा अग्रवाल राजकुमार अग्रवाल मोहित त्यागी रजनी मनोज गोयल आदि के हस्ताक्षर थे।

# गेहूं की फसल पर टूटकर गिरा तार



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव बहलोलपुर में एचटी लाइन का तार टूटकर खेत में गिर गया, जिसके बाद गेहूं में आग लग गई, गनीमत रही कि किसान और स्वजन गेहूं काट रहे थे, उन्होंने तुरंत आग पर काबू पाया अन्यथा आग पूरे खेत को तबाह कर सकती थी। किसान की मांग है कि तारों के नीचे गार्डिंग लगाई जाए। गांव निवासी हरपाल सिंह के खेत में 15 बीघा भूमि में गेहूं पककर तैयार है। गुरूवार को किसान और स्वजन गेहूं काट रहे थे कि तभी खेत के ऊपर से गुजर रही एचटी लाइन का तार टूटकर गिर गया और आग लग गई। लपटें उठतीं देखकर किसान व स्वजनों ने आग पर काबू पाया। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आग गेहूं को तबाह कर सकती थी। किसान की मांग है कि तारों के नीचे गार्डिंग लगाई जाए।

# नामित सभासदों को दिलाई शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर पालिका परिषद के नामित सभासदों को पालिका कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। एक सभासद के बाहर होने के कारण वे शपथ में शामिल नहीं हो सके। बता दें कि नगर पालिका में शासन द्वारा पांच सभासदों को नामित किया गया है, जिनमें से डॉ.आशुतोष भूषण शर्मा का चार माह पूर्व निधन हो गया था। गुरूवार को आयोजित कार्यक्रम में वैभव गोयल, सत्यपाल पाल एवं गीता रानी को एसडीएम न्यायिक पुष्कर नाथ चौधरी द्वारा पद एवं गोपनीयता दिलाई। इस मौके पर चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी, पूर्व विधायक हरपाल सिंह, ईओ ललित कुमार आर्य, ब्रजेश अग्रवाल, अशोक चौधरी, अरविंद यादव, देवेश शर्मा, फुरकान आदि मौजूद रहे।

# होली का त्यौहार प्रेम व भाईचारे का प्रतीक: कमाल

## छजलैट में पीडीए की पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** कांठ के छजलैट स्थित आनंदी फार्म हाउस में सपा युवा नेता जयकुमार प्रजापति द्वारा होली मिलन एवं पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रमेश प्रजापति व विशिष्ट अतिथि विधायक कांठ एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत होली मिलन और पारंपरिक स्वागत के साथ हुई, जहां सभी ने एक-दूसरे को रंगों के पर्व की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में कमाल अख्तर ने होली को प्रेम, भाईचारे और एकता का प्रतीक बताते हुए प्रजापति समाज के सम्मान और राजनीतिक भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा इस समाज को मुख्यधारा में लाने का काम किया है। वहीं, रमेश प्रजापति ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में एकता और जागरूकता बढ़ाते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन सौहार्द, रंगों की खुशियों और सामाजिक एकता के संदेश के साथ हुआ। अध्यक्षता अमित कुमार प्रजापति व संचालन हिमांशु सैनी ने किया। इस मौके पर अनिल प्रजापति, विजयपाल प्रजापति, एडवोकेट मनोज प्रजापति, देवी लाल प्रजा. पति, पूरन प्रजापति, भगवान दास प्रजापति, विक्रम सिंह यादव, जोगेंद्र सिंह, दिव्यांशु सागर, प्रेम सिंह पासी, लाखन सिंह सैनी, अतिकुरहमान, अरशद, कपिल ठाकुर, मनोज चौधरी, दुर्गा शर्मा, जय किशोर बाल्मिकी, हरपाल सिंह यादव, नौरतन सिंह, आनंद यादव आदि लोगो मौजूद रहे।



# नायब तहसीलदार चयनित होने पर स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** पीसीएस परीक्षा में नायब तहसीलदार पद पर चयनित होने के बाद पूर्व विधायक हरपाल सिंह के भतीजे विजेन्द्र सिंह का नगर पहुंचने पर फूल मालाओं एवं ढ़ोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। गुरूवार को विजेन्द्र सिंह ने स्वजनों के साथ इंदिरा चौक स्थित गंगा प्याऊ शिव मंदिर में पूजन करके ईश्वर से आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा अर्चना के बाद विजेन्द्र सिंह और स्वजन ढ़ोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते हुए विजयनगर स्थित आवास पर पहुंचे। इस मौके पर पूर्व विधायक हरपाल सिंह, विपिन सागर, ब्रजेश अग्रवाल, प्रमोद कुमार, विक्की वर्मा, अरविन्द, सतवीर प्रधान, सुशील सैनी, नरेन्द्र ढिल्लों, रिंकल, संजय सागर, रिंकू, सुभाष, योगेश चौधरी, अचित शर्मा, अजय चौधरी, भूपेंद्र प्रधान, रोहित सिद्धू मौजूद रहे।

# धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव चकनवाला स्थित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में वार्षिकोत्सव पुरस्कार वितरण एवं स्कूल चलो अभियान के तहत नामांकन रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीईओ प्रकाश चन्द ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान बीईओ प्रकाश चंद्र ने कहा कि विद्यालय में सभी प्रकार की बच्चों के लिए सुविधा होने से बच्चों का संपूर्ण विकास हो रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अपने 06 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों को स्कूल भेजकर प्रवेश कराने की अपील की। रैली के बाद विद्यालय का वार्षिकोत्सव भी धूमधाम से आयोजित किया गया। प्रधानाध्यापक सुखदेव सिंह ने आभार जताया।

# नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोप

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता की मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार शाम उनकी बेटी घर के घेर में लकड़ी लेने गई थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव का ही राजा पुत्र चन्द्रपाल वहां पहुंच गया और किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। मां के मौके पर पहुंचने पर आरोपी वहां से भाग निकला। बाद में किशोरी ने मां को पूरी घटना बताई। आरोप है कि जब मां आरोपी के घर शिकायत करने पहुंची तो उसने गाली-गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार किया और झगड़े पर उतारू हो गया। इसके बाद पीड़िता की मां थाना मण्डी धनौरा पहुंची और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू.डि.)
महोदय हसनपुर जनपद अमरोहा
विधिक वाद सं0 15/ 2023
(संबंधित मूल वाद सं.139/2010)
1. नौबहार सिंह पुत्र ओमपाल सिंह
2. सतीश सिंह पुत्र ओमपाल सिंह
3. जितेंद्र सिंह पुत्र ओमपाल सिंह
समस्त निवासी गण ग्राम हिरना खेड़ी तहसील चांदपुर जनपद बिजनौर
प्राथीगण प्रतिवादीगण
बनाम
मिसम अब्बास पुत्र स्व0 रईसुल हसन द्वारा श्रीमती इंतजार फातिमा पत्नी नफीसुल हसन संरक्षिका एवं वाद मित्र निवासी ग्राम गेहली तहसील चांदपुर जनपद बिजनौर
विपक्षी/वादी
चूंकि उप रिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एततद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदक के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2026 के माह 05 के दिवस 05 को 10 बजे पूर्वाहन अथवा बंधक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो। अगर ऐसा करने में असफल रहे तो मुकदमा एक पक्षीय सुना जायेगा और फैसला होगा।
प्रबंधक
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू.डि.) हसनपुर जनपद अमरोहा।

# हनुमान जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा कांग्रेस नेताओं ने लिया आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर गुरुवार को नगर में श्रद्धा, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। मोहल्ला चमरी में भगवान हनुमान के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। शोभायात्रा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी और कांग्रेस कार्यकर्ता भी पहुंचे, जहां उन्होंने महंत जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान आयोजकों एवं क्षेत्रवासियों ने दोनों नेताओं का फूल-मालाओं और पटका पहनाकर जोरदार स्वागत किया। शोभायात्रा में शामिल होकर नेताओं ने न केवल धार्मिक परंपराओं में अपनी सहभागिता दिखाई, बल्कि सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा, हनुमान जयंती केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह हमारे समाज की आस्था, शक्ति और एकता का प्रतीक है। भगवान हनुमान जी त्याग, सेवा, निष्ठा और समर्पण के आदर्श हैं, जिनसे हमें जीवन में संघर्षों का सामना करने की प्रेरणा मिलती है। आज के समय में जब समाज को एकजुट रखने की सबसे अधिक आवश्यकता है, ऐसे पर्व हमें आपसी भाईचारे और सौहार्द को मजबूत करने का अवसर देते हैं।



हनुमान जी की कृपा से सभी के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आए, यही हमारी कामना है। मैं समस्त क्षेत्रवासियों को इस पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं कि हम सभी मिलकर समाज में प्रेम, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेंगे। अरविंद शर्मा ने भी सभी को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और हमें अपनी संस्कृति से जुड़े रहने की प्रेरणा देते हैं। शोभायात्रा के दौरान भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। पूरे मार्ग पर जगह-जगह पुष्पवर्षा की गई और भंडारे का आयोजन भी किया गया। आयोजन में एससी-एसटी कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश भाटी, जिला महासचिव गौरव गर्ग समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# निर्वाचन कार्य में बेहतरीन योगदान, बीडीओ रामकुमार शर्मा का बढ़ा मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (SIR) 2026 अभियान के अंतर्गत निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावी और पारदर्शी बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को गुरुवार को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में विकासखंड अधिकारी (बीडीओ) रामकुमार शर्मा को उनके उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा और जिम्मेदार कार्यशैली के लिए प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

धौलाना तहसील में आयोजित कार्यक्रम के दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी द्वारा जारी प्रशस्ति-पत्र में उल्लेख किया गया कि 01 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटोयुक्त विधानसभा निर्वाचक नामावली के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने में बीडीओ रामकुमार शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-58 धौलाना में इस अभियान को सुचारु, व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संच.ालित करते हुए उल्लेखनीय योगदान दिया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सहित अन्य अधिका.रियों ने भी बीडीओ शर्मा के कार्यों की सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के समर्पित और जिम्मेदार अधिकारी ही निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उनके प्रयासों से मतदाता सूची को अधिक सटीक और व्यापक बनाने में सफलता मिली है।



सम्मान प्राप्त करने के बाद बीडीओ रामकुमार शर्मा ने कहा, यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि पूरी टीम की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। हमने पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित किया कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। भविष्य में भी मैं इसी जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता रहूंगा।

# भक्ति और भाईचारे का संगम, धौलाना में हनुमान जन्मोत्सव पर उमड़ा जनसैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** चैत्र पूर्णिमा के पावन अवसर पर कस्बे के महाशक्ति धाम शक्तिपीठ में 26वां हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा, उल्लास और भक्तिभाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति की गूंज सुनाई दी और वातावरण पूरी तरह रामभक्ति में सराबोर नजर आया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुबह से ही मंदिर पहुंचे और विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मंदिर समिति के तत्वावधान में भगवान हनुमान का विधिवत अभिषेक और भव्य श्रृंगार किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इसके पश्चात सामूहिक रूप से सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, जिससे पूरा परिसर भक्तिरस में डूब गया। भक्ति गीतों और जयकारों से माहौल गूंजता रहा। पूजन के बाद भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एक साथ शामिल होकर आस्था का परिचय दिया। हनुमान बाबा को सवामणि मोतीचूर के लड्डुओं का भोग अर्पित किया गया। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और सेवा भाव का परिचय दिया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिली। कार्यक्रम संयोजक पंडित अजेय भारद्वाज, पीठाधीश्वर महाशक्ति धाम शक्तिपीठ धौलाना ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव हमें सेवा, समर्पण और शक्ति का संदेश देता है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को एकजुट करने का कार्य करते हैं। वहीं समा.जवादी पार्टी के भावी प्रत्याशी श्रवण शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन सामा.जिक समरसता को मजबूत करते हैं और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसमें गंगा-जमुनी तहज़ीब की अनोखी झलक देखने को मिली। विभिन्न समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। अब्दुल कादिर और सलामत अली सहित कई मुस्लिम भाइयों की सहभागिता ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। इस अवसर पर सुबोध शर्मा, सुशील शर्मा, सुधीर तोमर, ब्रजेश चौहान, आनंद शर्मा, ऋषभ भारद्वाज समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# श्रीकृष्ण जन्म कथा से जागी आस्था, हनुमान जयंती पर झूमा पिलखुवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर में इन दिनों भक्ति, आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। एक ओर रेलवे रोड स्थित बाल मुकुंद धर्मशाला में श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन श्रद्धालुओं को भावविभोर कर रहा है, वहीं दूसरी ओर हनुमान जन्मोत्सव पर पूरे नगर में भक्तिभाव का सैलाब उमड़ पड़ा है।

श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा व्यास आचार्य राजेंद्र पांडे ने अपने ओजस्वी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को धर्म और आस्था का गूढ़ संदेश दिया। श्रीकृष्ण के जन्म और बाल लीलाओं का सजीव चित्रण करते हुए उन्होंने श्रद्धालुओं को भक्ति और सच्चे विश्वास की शक्ति से अवगत कराया। गोवर्धन पर्वत प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर पर्वत उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की, जो इस बात का प्रतीक है कि सच्चे भक्तों की भगवान हर संकट में रक्षा करते हैं। कथा के दौरान भजनों की मधुर ध्वनि पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा परिसर जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। वहीं हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पिलखुवा नगर पूरी तरह भक्तिमय रंग में रंगा नजर आया। मैन मार्केट स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर, गुलरू बाबा मंदिर, परतापुर रोड स्थित बालाजी मंदिर तथा सर्वोदय नगर के बालाजी मंदि.रों में भव्य आयोजन किए गए। सभी मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों की सजावट और आकर्षक झांकियों से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण दिव्य आभा से आलो.कित हो उठा। आयोजन समिति द्वारा सुरक्षा, साफ-सफाई और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। इस प्रकार पिलखुवा में एक ओर श्रीकृष्ण की लीलाओं का दिव्य संदेश श्रद्धालुओं को प्रेरित कर रहा है, तो दूसरी ओर हनुमान जन्मोत्सव के माध्यम से आस्था और उत्साह का अनोखा संगम पूरे नगर को भक्तिमय बना रहा है।



# नगर को स्वस्थ बनाने की पहल, अप्रैल से चलेगा विशेष अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर में संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। अप्रैल माह से पूरे शहर में व्यापक स्तर पर सफाई और जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसका उद्देश्य न केवल स्फाई व्यवस्था को सुदृढ़ करना है, बल्कि आमजन को रोगों के प्रति जागरूक कर उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना भी है।

अधिकारियों के अनुसार, इस विशेष अभियान के तहत नगर के सभी वार्डों में नियमित और विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। नालियों की साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण की प्रभावी व्यवस्था और जलभराव वाले स्थानों की पहचान कर वहां दवाओं का छिड़काव किया जाएगा। खासतौर पर मच्छरों के पनपने वाले स्थानों को चिन्हित कर उन्हें समाप्त करने पर जोर दिया जाएगा, ताकि डेंगू और मलेरिया जैसे खतरनाक रोगों को समय रहते रोका जा सके। अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए 10 अप्रैल से 'दस्तक अभियान' भी शुरू किया जाएगा। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करेंगी और उन्हें आवश्यक सावधानियां अपनाने के लिए प्रेरित करेंगी। अधिशासी अधिकारी इंद्रपाल सिंह ने कहा, यह अभियान तभी सफल होगा जब हर नागरिक इसे अपना अभियान समझकर इसमें भागीदारी निभाए। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें और प्रशासन द्वारा दिए जा रहे दिशा-निर्देशों का पालन करें। लगातार और सुनियोजित प्रयासों के जरिए पिलखुवा को स्वच्छ और स्वस्थ नगर बनाने की दिशा में यह अभियान एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।




# मिशन शक्ति के तहत पुलिस सक्रिय, अलग-अलग क्षेत्रों में जागरूकता का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद पुलिस ने गुरुवार को दो अलग-अलग क्षेत्रों में प्रभावी पहल करते हुए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। हाफिजपुर और धौलाना थाना पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान चलाकर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया।

हाफिजपुर क्षेत्र में थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने क्षेत्र में लोगों को महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। वहीं धौलाना क्षेत्र में थाना प्रभारी अवनीश शर्मा के निर्देशन में एसएसएन पब्लिक स्कूल में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्राओं को 'गुड टच' और 'बैड टच' के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने बच्चों को बताया कि वे कैसे सही और गलत स्पर्श की पहचान करें और किसी भी अनुचित स्थिति में तुरंत अपने अभिभावकों, शिक्षकों या पुलिस को सूचित करें। कार्यक्रम के दौरान महिला कांस्टेबल शीतल चौहान और महिला गार्ड तनु कश्यप ने छात्राओं को सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। साथ ही उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। स्कूल के प्रधानाचार्य राकेश शर्मा, शिक्षक राहुल शर्मा और विवेक शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और उन्हें आत्मरक्षा के प्रति जागरूक बनाते हैं।



## एक नजर

### पुलिस का वार, अवैध चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना पुलिस को एक अहम सफलता हाथ लगी है। नियमित चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम ने एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद किया है।

थाना प्रभारी के अनुसार, थाना धौलाना क्षेत्र में देहरा से निधावली की ओर जाने वाले मार्ग पर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक युवक संदिग्ध अवस्था में आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गुफरान पुत्र तौसीफ निवासी ग्राम पिपलेहड़ा, थाना धौलाना जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### रात के अंधेरे में लग्जरी गाड़ियों पर पत्थरबाजी से दहशत

xkMkA जिले के नवाबगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत नवाबगंजदृमनक.ापुर मार्ग पर स्थित किशुन दासपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास इस समय अराजक तत्वों का आतंक चरम पर है। जो रात के अंधेरे में लग्जरी गाड़ियों को निशाना बनाकर उनपर पत्थरबाजी कर रहे हैं, जिससे उधर से गुजरने वाले दहशत में हैं। बुधवार की रात करीब 10 बजे के करीब उधर से गुजर रही गाड़ियों पर अराजक तत्वों ने ताबड़तोड़ पत्थर बरसाकर उनके शीशे चकनाचूर कर दिए। अचानक हुए इस हमले से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और लोग जान बचाकर भागने को मजबूर हो गए। घटना के बाद पीड़ित चालक कोल्हमपुर चौकी पहुंचे और चौकी प्रभारी उमेश सिंह को पूरी जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। घटनास्थल से कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका, जिससे पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।चौकी प्रभारी उमेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, लेकिन लगातार हो रही इन घटनाओं से साफ है कि अराजकतत्वों के हौसले बुलंद हैं और पुलिस का खौफ नहीं है। फिलहाल इस सनसनीखेज वारदात से इलाके में डर का माहौल है। रात में इस मार्ग से गुजरने वाले लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### घर से गायब युवती का गन्ने के खेत में मिला शव, मचा हड़कंप

xkMkA जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत भदवल गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती का शव गन्ने के खेत में मिलने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि युवती पिछले पांच दिनों से लापता थी। परिजन उसकी लगातार तलाश कर रहे थे और इस संबंध में थाने पर मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। गुमशुदगी के बाद से परिवार गहरे तनाव में था, लेकिन अचानक शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही सालपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच – पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर पहुंचे एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि देहात कोतवाली के भदवल गांव में गन्ने के खेत में एक युवती का शव मिला है। साक्ष्य संकलन की कार्यवाही और पूछताछ में पता चला कि युवती के पिता अशोक ने देहात कोतवाली में बीते 30 मार्च को सूचना दी थी कि उनकी बेटी 29 मार्च की दोपहर से बिना बताए कहीं चली गई है और वापस नहीं आयी, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। एसपी ने यह भी बताया कि युवती के पिता से पता चला कि उनकी बेटी की किसी एक नंबर से बात होती थी।एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि,घटना के हर पहलू को जांच की जा रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### भीषण आग से 15 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

xkMkA जिले के नवाबगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत कोल्हमपुर चौकी क्षेत्र के पहली भगाही गांव में गुरुवार दोपहर अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर लगभग 15 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

# दबंगों ने वृद्ध को पीट कर किया घायल

'kkg VkbEl loknnkrk txnh'kiqj veBhA गंदा पानी दरवाजे पर आने से मना करने पर दबंगों ने वृद्ध की पिटाई कर दिया घटना की तहरीर पर पुलिस ने घायल को मेडिकल हेतु भेजकर अग्रिम कार्यवाही में जुटी।

जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पूरे रिसाल मजरे कचनाव निवासी रामदीन यादव ने थाने में तहरीर देकर बताया कि मेरे पड़ोसी अशोक कुमार जिनके दरवाजे का गंदा पानी मेरे दरवाजे की तरफ बहता है जब मैंने पानी रोकने की बात कहा तब दबंग अशोक यादव अपने परिवार के साथ मिलकर मुझे मारा–पीटा हल्ला गुहार मचाने पर सभी लोग ये कहकर मौके से भाग निकले कि आज तो बच गये बाद में तुमको देख लेंगे घटना की तहरीर पर पुलिस ने कार्यवाही का आश्वा.सन देते हुए घायल को उपचार हेतु सीएचसी भेजा ।इस संबंध में पुलिस ने बताया कि घायल को मेडिकल के लिए भेजकर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही जारी है।

# सेवा और समर्पण को मिला सम्मान, एम्बुलेंस कर्मियों का हुआ अभिनंदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद हापुड़ में 2 अप्रैल को ईएमटी (इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) दिवस बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर धौलाना ब्लॉक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 102 और 108 एम्बुलेंस कर्मियों के बीच खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले ईएमटी कर्मियों को सम्मानित किया गया। हापुड़ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वेद प्रकाश अग्रवाल ने सीएमओ कार्यालय में चयनित एम्बुलेंस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनके समर्पण और सेवा भावना की सराहना की। इस दौरान जिला प्रभारी सौरभ शर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने सभी कर्मचारियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपातकालीन सेवाओं में ईएमटी की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है, जो हर परिस्थिति में मरीजों को समय पर सहायता पहुंचाने का काम करते हैं। कार्यक्रम के दौरान केक काटकर और मिठाई बांटकर ईएमटी दिवस को उत्सव के रूप में मनाया गया। सभी कर्मियों ने एक-दूसरे को बधाई दी और सेवा के प्रति अपने संकल्प को दोहराया। जिला प्रभारी सौरभ शर्मा ने अपने बयान में कहा कि हमारी टीम दिन-रात मेहनत कर लोगों की जान बचाने में जुटी रहती है। यह सम्मान उनके मनोबल को और ऊंचा करता है तथा उन्हें बेहतर सेवा के लिए प्रेरित करता है।



# यूपीएससी में फतह कर गांव लौटा लाल, शुकुल बाजार में जश्न का माहौल

शुकुल बाजार, अमेठी। शुकुल बाजार क्षेत्र के पूरे शुक्लन पुरवा, मवैया रहमतगढ़ गांव का लाल आशीष कुमार शुक्ला जब यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में सफलता हासिल कर असिस्टेंट कमिश्नर (GST) बनकर आज अपने गांव पहुंचा, तो पूरे इलाके में जश्न का माहौल बन गया। गांववासियों ने अपने इस होनहार बेटे का भव्य और ऐतिहासिक स्वागत किया।

आशीष के आगमन की खबर मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे तक पहुंच गए। चार पहिया वाहनों और मोटरसाइकिलों का लंबा काफिला बनाकर उन्हें गांव लाया गया। ढोल–नगाड़ों और फूल–मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया गया। रास्ते भर "गांव का लाल जिंदाबा.द" के नारों से माहौल गूंजता रहा। अंबेडकर चौराहे पर भी भारी भीड़ उमड़ी, जहां लोगों ने फूल बरसाकर उनका अभिनंदन किया।

इसके बाद गांव पहुंचने पर परिवार की महिलाओं ने आरती उतारकर और तिलक लगाकर पारंपरिक तरीके से स्वागत किया।

पूरे गांव में उत्सव जैसा दृश्य देखने को मिला। इस मौके पर गांव के पूर्व प्रधान त्रिभुवन यादव समेत अन्य ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए कहा कि आशीष की सफलता पूरे गांव के लिए गर्व की बात है।

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि साबित करती है कि गांव के युवा भी मेहनत और लगन से देश की सर्वोच्च सेवाओं में स्थान बना सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पहली बार गांव से कोई इतना बड़ा अधिकारी बना है, जिससे पूरे क्षेत्र की पहचान बढ़ी है। युवाओं में भी इस उपलब्धि को लेकर खासा उत्साह देखा गया और वे आशीष को अपना आदर्श मान रहे हैं।

# भारतीय किसान यूनियन द्वारा एक भव्य दौड़ प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

ijuiijA विधानसभा पूरनपुर के ग्राम पंचायत रायपुर बिचपुरी में किसान यूनियन द्वारा एक भव्य दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के अनेक युवाओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर युवाओं का उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण अंचल में खेल भावना, आपसी भाईचारा और उत्साह का वातावरण बना रहा। प्रतिभागियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ दौड़ में हिस्सा लिया, जिससे कार्यक्रम अत्यंत रोमांचक और आकर्षक बन गया। मुख्य अतिथि समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सपा नेता राजकुमार "राजू" रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के खेल आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर खेल और शिक्षा की ओर अग्रसर होते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने के लिए ऐसे कार्यक्रम समय–समय पर आयोजित होते रहने चाहिए।

उन्होंने किसान यूनियन के पदाधिकारियों एवं आयोजकों को इस सराहनीय पहल के लिए बधाई देते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजकों द्वारा प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी।

दौड़ प्रतियोगिता के दौरान सुरक्षा एवं अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों का भी उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। यह आयोजन ग्रामीण क्षेत्र में खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ।

# सपाइयों के आगे झुका प्रशासन बिना टेंट के हुआ धरना

■ एसडीएम-सीओ आवास के सामने धरने पर बैठे भगवत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर नवाबगंज गुरुवार को पूरी तरह सपाइयों के कब्जे में रहा, और स्थानीय प्रशासन की लाख को. शिशों के बाद भी सपा का धरना अपने पूर्व स्थान पर बिना टेंट और कुर्सी के हुआ।

क्षेत्र की समस्याओं को लेकर गुरुवार को सपाइयों द्वारा पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार के नेतृत में धरना प्रदर्शन किया जाना था, जिसे लेकर स्थानीय प्रशासन पहले से ही सतर्क हो गया था, और धरना प्रदर्शन से एक दिन पहले ही उसने सपाइयों को धारा 144 की आड़ लेकर अनुमति न दिए जाने की बात कहकर धरना प्रदर्शन को टालने का भरसक प्रयास किया, लेकिन वह इसमें कामयाब नहीं हो पाया।





गुरुवार को जब प्रशासन के रुख की जानकारी सपा नेताओं को हुई तो सुबह 7 बजे ही पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार नगर आ धमके, और एसडीएम/सीओ आवास के सामने ही अकेले धरने पर बैठ गए। भगवत सरन गंगवार के अकेले धरने पर बैठ जाने की खबर सोशल मीडिया पर जैसे ही वायरल हुई तो बड़ी संख्या में सपाइयों का आना शुरू हो गया, देखते ही देखते बड़ी संख्या में सपाई धरना स्थल पर पहुंच गए, जिसे देख प्रशासन के हाथ पैर फूल गए और पूरी तरह से बैक फुट पर आता दिखाई दिया। स्थानीय प्रशासन ने बुधवार की रात में ही धरना स्थल से टेंट और कुर्सी उखाड़ डाली थी, जिसको लेकर रात करीब 1 बजे तक सपा नेता कोतवाली नवाबगंज में एसडीएम उदित पवार, सीओ नीलेश मिश्र और कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव से वार्ता करते रहे, लेकिन कोई भी निर्णय नहीं हो सका। प्रशासन किसी भी सूरत में सपा का धरना प्रदर्शन नहीं होने देना चाहता था। जिस स्थल से प्रशासन ने टेंट और कुर्सी उखाड़ डाली थीं, धीरे-धीरे सपा नेता वहीं जमा होने लगे।

### एक बजे धरना स्थल पर पहुंचे भगवत सरन

6 घंटे तक एसडीएम/सीओ आवास के सामने अकेले धरने पर बैठे पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार एक बजे वहां से उठकर धरना स्थल पर पहुंचे, और सरकार के साथ ही स्थानीय सत्ता पक्ष के नेताओं पर किसानों का शोषण किए जाने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जहां किसानों का करोड़ों रुपया चीनी मिल दवाए बैठी है, वहीं राशन की दुकानों पर सत्ता पक्ष के नेताओं की फैक्ट्री में बनने वाला साबुन, नमक और निरमा जबरन बिकवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छुट्टा पशुओं से क्षेत्र का किसान दुखी है वह रात-रात भर जाग कर अपनी फसलों को रखा रहा है। पूर्व मंत्री ने सत्ता पक्ष के इशारे पर उनके इस धरना प्रदर्शन को न होने देने का आरोप लगाया, कहा कि क्षेत्र का किसान इसका बदला आने वाले समय में जरूर लेगा। धरना प्रदर्शन में सेंथल नगर पंचायत अध्यक्ष कंबर एजाज शानू, पार्टी के पीलीभीत जिले के सपा कोषाध्यक्ष गयासुद्दीन मंसूरी, जिला पंचायत सदस्यों तेजपाल गंगवार, अरविन्द गंगवार डब्लू, छेदालाल दिवाकर, नीलम गंगवार, प्रतिनिधि नवाव अहमद अंसारी, हाजी मुख्तियार अहमद अंसारी,भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष ओमेंद्र गंगवार, युवा नेता प्रो राशिद अंसारी, निसार अहमद अंसारी, हाजी डॉक्टर मोईन बेग, डॉक्टर मुक्ता प्रसाद, विजय गंगवार, भगवान दास उर्फ मुन्ना गंगवार, वीरपाल गंग. वार, तसव्वर हुसैन अंसारी, रफीक सिद्दीकी,मोहीद सिद्दीकी, निराले अंसारी, सईद अहमद अंसारी, नजाकत खां सहित सैकड़ों की संख्या में सपाई शामिल रहे। डेढ़ बजे पार्टी के विधान सभा अध्यक्ष अनिल गंगवार ने एसडीएम उदित को 16 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा गया, जिसमें स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं के सामने आ रही परेशानी का निराकरण कराए जाने, अस्पतालों और थाना तहसील में फैले भ्रष्टाचार को समाप्त किए जाने, छुट्टा पशुओं से निजात दिलाए जाने सहित कई मांगे शामिल हैं।

## एक नजर

### गौकशी की झूठी सूचना देने वाला सिपाही निलंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** अपने गांव की राजनैतिक प्रतिस्पर्धा के चलते निजी स्वार्थ के उद्देश्य की पूर्ति हेतु एक व्यक्ति के घर में गौ कशी के लिए गौवंशीय पशु बंधे होने की झूठी सूचना डायल 112 पर देने बाले सिपाही को एसएसपी बिजनौर ने तत्काल प्रभाव से निलंवित कर दिया है।

ज्ञात हो कि गत 29 मार्च को थाना शीशगढ़ के ग्राम बूंची निवासी गुलाम मूर्तजा ने गांव में एक व्यक्ति के घर पर गौकशी के लिए गौवंशीय पशु बंधे होने की सूचना डायल 112 पर दी थी।पुलिस जांच में मामला झूठा पाया गया था।झूठी सूचना देने पर थाना शीशगढ़ पुलिस ने उपरोक्त फोन करता को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उपरोक्त गुलाम मूर्तजा ने पुलिस को वताया था कि वह जनपद बिजनौर के थाना हल्दोर में सिपाही के पद पर तैनात है।गाँव की राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के चलते निजी स्वार्थ के उद्देश्य की पूर्ति हेतु उसनें गौ कशी की झूठी सूचना दी थी।स्थानीय पुलिस ने आरोपित का शान्ति भंग में चालान कर थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने रिपोर्ट जनपद मुख्यालय बिजनौर भेजी थी। थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह की रिपोर्ट के आधार पर मामला पूर्ण संज्ञान में लेकर एसएसपी बिजनौर ने आमजन में पुलिस की छबि धूमिल करने व अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही,उदसीनता व स्वेच्छारिता बरतने का दोषी मानते हुए दोषी तत्काल प्रभाव से निलंवित कर दिया।

### मीरगंज में परचून की दुकान में लगी भीषण आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

नकदी समेत लाखों का सामान राख

**मीरगंज।** क्षेत्र के गुगई गांव में बुधवार रात एक परचून की दुकान में अचानक आग लग गई, जिससे नकदी समेत लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी नवाब खां के घर से सटी परचून की दुकान है। बुधवार रात करीब 10 बजे वह दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। देर रात लगभग 2 बजे दुकान से उठता धुआं घर में भरने लगा, जिससे परिजनों को सांस लेने में दिक्कत हुई और उनकी नींद खुल गई।जब परिजन बाहर पहुंचे तो दुकान में आग भड़क चुकी थी और अंदर रखी पेय पदार्थों की बोतलें फट रही थीं। परिजनों ने किसी तरह शटर उठाकर देखा तो दुकान में रखा सामान धू-धू कर जल रहा था।सूचना मिलने पर प्रधान पति मनोज सक्सेना मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया।इस हादसे में दुकान में रखी करीब 60 हजार रुपये की नकदी और लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। प्रधान पति के अनुसार आग से करीब तीन लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर मन्दिरों और घरों में हुई पूजा पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर कस्बा और ग्रामीण अंचल में मंदिरों और घरों में पूजा पाठ, हवन आदि के बाद प्रसाद वितरण,भंडारे का आयोजन किए गए।



कस्बा के ठाकुरद्वारा मंदिर में सुबह पूजन पाठ के बाद यज्ञ में आहुति लगाकर लोगों ने देश दुनिया की सलामती के लिए दुआ की। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण और शाम तक भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद चखा। इसके बाद दोपहर में प्राचीन शनि देव मंदिर के पास भंडारे का आयोजन किया गया। कस्बा में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में आए आसपास के गांवों के लोगों ने भी भंडारे में पहुंचकर पूड़ी, सब्जी व हलवे का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमित गोयल, सुनील कुमार गुप्ता, सौरभ पाठक, अमित सिंह, शीलू सिंह, दीपक गोयल, सतीश गुप्ता, गोविंद, राजेश गुप्ता, नितिन गुप्ता, राकेश कश्यप, मनोहर कश्यप, रिंकू गुप्ता, संजीव शर्मा, मुदित प्रताप सिंह, जगदीश गंगवार, प्रेमपाल गंगवार, मयंक गंगवार, गौरव गंगवार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली भव्य शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर गुरुवार को श्री बालाजी दरबार समिति के तत्वावधान में नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इससे पूर्व विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया, जिसके बाद दोपहर में शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा का शुभारंभ मीरगंज विधायक डॉ. डी.सी. वर्मा ने बालाजी की झांकी की आरती उतारकर किया। यात्रा तहसील रोड से शुरू होकर बिजली घर, हाईवे मार्ग होते हुए नगर के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरी। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। बड़ी संख्या में महिलाएं हाथों में ध्वज लेकर शामिल हुईं, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। साथ ही, शोभायात्रा में भक्ति के साथ देशभक्ति की झलक भी देखने को मिली, जिसने सभी को भाव-विभोर कर दिया।सिंधौली चौराहे पर अंजू गुप्ता के सुपुत्र आयुष गुप्ता, राजेश गुप्ता और हिमांशु गुप्ता द्वारा पुष्पवर्षा की गई तथा श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। इस दौरान



महंत रामकिशोर मौर्य, लव गुप्ता, ओमकार गंगवार, हरिओम गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं विधायक डॉ. डी.सी. वर्मा, भक्ति सिंह लोधी, प्रतिनिधि के.पी. राजपूत, धनेन्द्र कुमार गुप्ता, अमर नाथ गुप्ता, ओमपाल गंगवार, पंडित राज किशोर, विनय कुमार, जतिन कुमार, उमेश कुमार, रोहन कुमार, हेम पाल, ऋतिक भारद्वाज, प्रदीप कुमार, दीपक बजाज, सतीश कुमार और योगेश कुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### मीरगंज के नथपुरा स्कूल में पुरस्कार वितरण मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मीरगंज।** क्षेत्र के नथपुरा गांव स्थित जूनियर हाईस्कूल में गुरुवार को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान उर्मिला और प्रधानपति महावीर सिंह ने कक्षा आठ की प्रतिभाशाली छात्रा दामिनी को पुरस्कार स्वरूप साइकिल भेंट की। वहीं छात्रा राधा और कविता को प्रधानाध्यापिका संगीता पाठक द्वारा सम्मानित किया गया।इस अवसर पर उर्मिला गोस्वामी, अभिनंदा शर्मा, हेमपाल तथा नेहा सक्सेना सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रेमी ने निकाह का झांसा देकर दो वर्ष तक लूटी असमत

■ अश्लील वीडियो बनाकर निकाह से किया इंकार, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** प्रेमी ने निकाह का झांसा देकर दो साल तक प्रेमिका की असमत लूटने के बाद दोस्त के मोबाइल से बनाई अश्लील वीडियो।अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दोनों युवक अबैध सम्बन्ध बनाने को मजबूर कर रहे थे।पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को वताया कि मोहल्ले के ही कैफ से उसकी बेटी का पिछले दो वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था।जिसने निकाह का झाँसा देकर अपने दोस्त सादाब के मोबाइल से बेटी की अनुमति के बिना अश्लील वीडियो बना ली।अब उपरोक्त वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दोस्त के साथ भी संबंध बनाने का दबाव बना रहा है।जिसने निकाह से भी इंकार कर दिया।बेटी डरी सहमी व मानसिक रूप से परेशान है। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने उपरोक्त दोनों युवकों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है, साक्ष्य के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर का द्वितीय दिवस संपन्न

■ चार सत्रों में भाजपा के इतिहास, सोशल मीडिया, एआई और विकसित भारत के संकल्प पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शि. विर के द्वितीय दिवस पर चार महत्वपूर्ण सत्रों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं एमएलसी बहा. रन लाल मौर्य उपस्थित रहे। उनके साथ जिला उपाध्यक्ष अभय चौहान, अजय सक्सेना तथा विधानसभा संयोजक सुरेश गंगवार ने विभिन्न विषयों पर विस्तार से अपने विचार रखे।



सत्रों के दौरान भाजपा के इतिहास, कार्यकर्ता निर्माण, सोशल मीडिया की भूमिका, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अखंड भारत और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में कार्यकर्ताओं की भूमिका पर गहन चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी की मजबूती का आधार उसका समर्पित कार्यकर्ता होता है।

कार्यक्रम में सभी अतिथियों का नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता द्वारा माला और पटका पहनाकर स्वागत किया गया। सभी सत्रों के समापन के बाद राष्ट्रगान हुआ। इसके पश्चात पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए उपस्थित लोगों को एयर प्यूरिफायर के प्रतीक के रूप में छाते का पौधा भेंट किया गया। चारों सत्रों की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी अतुल गर्ग, त्रिवेणी लाल गंगवार, महेश शर्मा और सरदार मेजर सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अरुण गंगवार और सचिन प्रजापति ने किया।

इस अवसर पर सभासद दिनकर गुप्ता, उपाध्यक्ष अवधेश सक्सेना, कामाक्षी शर्मा, सरदार इंद्रजीत सिंह बग्गा, रूप किशोर गंगवार, मनोज गंगवार, राकेश शर्मा, हेमंत गुर्जर, अक्षय मंगलम, आकाश गौड़ सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

### मीरगंज में गोवंश से भरी गाड़ी पकड़ी गई, चालक मौके से फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** बुधवार दोपहर करीब एक बजे अखिल भारतीय गोरक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष ठाकुर राघवेंद्र सिंह को सूचना मिली कि फतेहगंज से रामपुर की ओर एक वाहन में गोवंश को भरकर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने अपनी टीम के साथ हाईवे पर संदिग्ध वाहन का पीछा शुरू कर दिया। टीम द्वारा पीछा किए जाने पर वाहन चालक रास्ता बदलकर मीरगंज होते हुए आंवला रोड की ओर भागने लगा। गोरक्षकों ने गोरा लोकनाथपुर के पास वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक अपने साथियों के साथ वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। इसके बाद गोरक्षा टीम वाहन को अपने कब्जे में लेकर थाने पहुंची और पुलिस को सौंप दिया। वाहन की जांच में उसमें छोटे-बड़े कुल 10 कटरे (बछड़े) ठूंस-ठूंस कर भरे पाए गए।पुलिस ने जिलाध्यक्ष ठाकुर राघवेंद्र सिंह की तहरीर के आधार पर अज्ञात चालक व उसके साथियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### नाहल नदी के पुनर्जीवन को लेकर मीरगंज में बैठक, जनसहभागिता पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** जिलाधिकारी के निर्देश पर रामपुर से होते हुए बरेली सीमा में प्रवेश करने वाली नाहल नदी के पुनर्जीवन को लेकर गुरुवार को तहसील सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी आलोक कुमार ने की, जिसमें डीसी जीरामजी योजना भी उपस्थित रहे।

बैठक में एसडीएम ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नदी का जीर्णोद्धार आपसी समन्वय से किया जाएगा, ताकि कार्य प्रभावी ढंग से पूरा हो सके। उन्होंने नदी क्षेत्र से जुड़े गांवों के प्रधानों से भी अपील की कि वे कार्य शुरू होने पर सक्रिय सहयोग करें और जनसहभागिता सुनिश्चित करें।इस दौरान तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अरविंद कुमार सहित कई ग्राम प्रधान यशवंत सिंह, अकील हुसैन, सोमपाल मौर्य और राजस्व, पंचायत, विकास, वन व सिंचाई विभाग के तहसील एवं एडीओ पंचायत वीरपाल,कुलदीप, अमित कुमार विकासखंड स्तर के अधिकारी मौजूद रहे।

# 3.22 करोड़ की लागत से अमीर नगर में बनेगी पिचिंग, बाढ़ से मिलेगी राहत

■ पूजा-अर्चना के साथ विधायक व ब्लॉक प्रमुख ने कराया कार्य शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**क्योलड़िया।** भदपुरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत अमीर नगर गुलड़ाई को बाढ़ के खतरे से बचाने के लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा 3 करोड़ 22 लाख 45 हजार रुपये की लागत से पिचिंग कार्य कराया जाएगा। इस महत्वपूर्ण परियोजना का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक डॉ. एमपी आर्य, ब्लॉक प्रमुख पति रविशंकर गंगवार तथा डॉ. आशुतोष गंगवार ने विधि-विधान से हवन-पूजन कर किया।



गौरतलब है कि पिछले वर्ष आई बाढ़ ने अमीर नगर क्षेत्र में भारी तबाही मचाई थी। देवहा नदी के तेज कटाव से गांव के बाईं ओर किसानों की हजारों बीघा उपजाऊ जमीन नदी में समा गई, जिससे ग्रामीणों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया था। इसी खतरे को देखते हुए अब गांव की सुरक्षा के लिए पिचिंग कार्य कराया जा रहा है। इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद देवहा नदी के कटाव पर प्रभावी नियंत्रण होगा और गांव को स्थायी सुरक्षा मिल सकेगी। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक डॉ. एमपी आर्य ने कहा कि अमीर नगर गुलड़ाई को देवहा नदी के कटाव से पूरी तरह सुरक्षित किया जाएगा और यह पिचिंग कार्य 31 मई तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

इस अवसर पर अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड नीरज कुमार, सहायक अभियंता चंद्रपाल सिंह, जूनियर इंजीनियर आशुतोष शर्मा, भूपेंद्र सिंह, अजय गंगवार, रविंदर गंगवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य, विधायक प्रतिनिधि बबलू गंगवार, भूमि विकास बैंक के निदेशक हर प्रसाद गंगवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# वार्षिक उत्सव में विधायक के हाथों सम्मानित हुए छात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** न्याय पंचायत अहमदाबाद क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय लावाखेड़ा तालिब हुसैन में गुरुवार को वार्षिकोत्सव एवं संकुल चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया।



आयोजन का शुभारंभ विधायक डॉ. एमपी आर्य और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. ए के गंगवार द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस अवसर पर खेल अनुदेशक अनिल कुमार ने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कंपोजिट विद्यालय लावाखेड़ा अपनी गुणवत्ता के लिए पूरे जनपद में विशेष पहचान रखता है। उन्होंने बताया कि यहां के छात्र-छात्राएं प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएस) तथा राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति में चयनित छात्र-छात्राओं प्रयांशी, नेहा, मीनू तथा अतुल के साथ ही राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में विजेता छात्र अरुण तथा चमेली को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. एमपी आर्य ने विद्यालय के इंचार्ज अर्पण कुमार आर्य की सराहना करते हुए कहा कि उनके परिश्रम एवं समर्पण से विद्यालय के छात्र लगातार राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति एवं राज्य स्तर खेलकूद पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर विधायक एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि द्वारा एलबीडी कक्ष का उद्घाटन रिबन काटकर किया गया तथा स्कूल चलो रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में हरीश गंग. वार, नत्थू लाल आर्य, लेखराज गंग. वार, प्रतिभा रानी आर्य, प्रज्ञा रानी आर्य, रवि कुमार, धर्मेन्द्र गंगवार, रश्मि दीक्षित, गायत्री, पूनम रानी, इरफान जैदी, शहंशाह वाली, नीलम गंगवार, वंदना, विद्या गंगवार, गजेन्द्र गंगवार, रोहित, भानु गंगवार आदि मौजूद रहे रहे।

### मीरगंज में महिला से ठगी, बातों में उलझाकर कानों के कुंडल लेकर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** नगर के मोहल्ला मेवात स्थित टीचर्स कॉलोनी निवासी राजेंद्र कुमार शर्मा की पत्नी शिवकांती के साथ बुधवार दोपहर ठगी की घटना सामने आई। अज्ञात युवकों ने महिला को बातों में उलझाकर उनके कानों के कुंडल उतरवा लिए और फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब एक बजे शिवक. ांती अपनी दुकान से कस्बे में स्थित अपने देवर वीरेंद्र कुमार शर्मा की दुकान पर जा रही थीं। रास्ते में बाजार के पास एक गली के नुक्कड़ पर उन्हें दो युवक मिले।एक युवक ने खुद को अयोध्या से आने की बात कहकर डॉ. शीतल वर्मा का पता पूछा। महिला द्वारा जानकारी न होने की बात कहने पर युवक ने पानी पिलाने का अनुरोध किया। इस पर शिवकांती ने दस रुपये की पानी की बोतल लेकर उसे पानी पिलाया।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत हक की बात कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 'हक की बात जिलाधिकारी के साथ' एवं शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाना तथा उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) संतोष कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा, संरक्षण अधिकारी सौरभ सिंह, वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक चंचल गंगवार, जिला मिशन




कोऑर्डिनेटर (हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन) रिंकी सैनी, परामर्शदाता रसना गुप्ता, हरविंदर कौर, शारीन, सुमन गंगवार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओंख्र मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड/सामान्य) तथा निराश्रित महिला पेंशन योजना की विस्तृत जानकारी देकर की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने योजनाओं के लाभार्थियों एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, सुभाषनगर की छात्राओं से संवाद किया। छात्राओंख्रसेजल, साक्षी सागर, लक्ष्मी सागर, सृष्टि मिश्रा (कक्षा 7), अनामिका गंगवार व रश्मि (कक्षा 8) ने सिविल सेवा, सेना एवं भारतीय पुलिस सेवा में करियर बनाने से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका जिलाधिकारी ने विस्तार से उत्तर देते हुए उन्हें लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित महिलाओं की समस्याएं भी सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सदरपुर, विकासखण्ड नवाबगंज (बरेली)**

**निविदा सूचना**

पंजीकृत फर्मों के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना 2025-26 के अन्तर्गत मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न कार्य को कराए जाने हेतु ईंट, रोड़ा, सीमेंट, बजरफुट, रेत, बजरी का सामान की आवश्यकता है। उक्त सामग्री की सील बंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 22.03.2026 को पूर्वाह्न 11 बजे से 24.03.2026 को 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 24.03.2026 को अपराह्न 2 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। विवरण निम्न है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. माप | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | जीवनलाल के मकान से सुन्दर के मकान तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य। | 105x4 | 6.82 लाख |

**प्रेमवती** (प्रधान) **राजू** (सचिव)

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें। मो0- 9456212547

### ओषधि निरीक्षक टीम की जांच में रक्तदान केंद्रों पर मिली अनियमितताएं

**बरेली।** प्रदेश में रक्तदान केंद्रों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की अंतर जनपदीय टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। औषधि निरीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम ने आगरा, गोरखपुर, प्रयागराज, अमरो. हा, बाराबंकी, बरेली, बस्ती, बदायूं, गोंडा, हाथरस, जालौन, महाराजगंज, संत कबीर नगर, सीतापुर, शामली, उन्नाव और शाहजहांपुर सहित कई जिलों में कुल 54 रक्तदान केंद्रों की गहन जांच की। जांच के दौरान टीम को 10 रक्तदान केंद्रों पर गंभीर अनियमितताएं मिलीं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## एक नजर

### भव्य शोभायात्रा निकाली



**राजा का ताजपुर।** हनुमान जन्मोत्सव पर बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद द्वारा आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। मां चामुंडा देवी मंदिर से बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं द्वारा कस्बे के मुख्य मार्गो से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मां चामुण्डा देवी मंदिर से प्रारंभ होकर तोमर धर्मशाला, खलिया पुल, मछली बाजार, चौक बाजार, मां काली देवी मंदिर, सैनी धर्मशाला, पुराना कुंआ, बस स्टैंड, इंटर कॉलेज मार्ग होते हुए मां चामुंडा देवी मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में हनुमान जी व श्रीराम लक्ष्मण की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में युवा जय श्रीराम, वीर बजरंगी, हर-हर महादेव नारे लगाते चल रहे थे। धर्म प्रेमियों ने कई स्थानों पर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में जिला गौरक्षा प्रमुख ह्रदेश कुमार, भाजपा नेता पुष्पेन्द्र सिंह शेखावत, कविश राणा, सचिन तोमर, सुमित सैनी, सुमेंद्र सैनी, प्रदीप कुमार, अक्षय कुमार आदि मौजूद रहे।

### नीलेश्वर महादेव मंदिर में भव्य आयोजन



**नजीबाबाद।** किरतपुर के श्री नीलेश्वर महादेव मंदिर में बीती रात हनुमान जन्मोत्सव से पूर्व सुंदरकांड का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसमें मुख्य यजमान दिव्यांशु गोयल, उनकी धर्मपत्नी नित्या गोयल, पुत्र और माता शुभा गोयल ने भाग लिया। पंडित गणेश दत्त ध्यानी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई। इसके बाद श्री नीलेश्वर महादेव मंदिर युवा कमेटी द्वारा सुंदरकांड का आयोजन किया गया। इस दौरान भजन गायक दिनेश माहेश्वरी और आदेश गिरी ने हनुमान जी के सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। महिलाओं ने भी भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बनाया। पूरे मंदिर परिसर में 'जय श्री राम' और 'जय बजरंगबली' के जयकारों से माहौल गूंज उठा। सुंदरकांड पाठ के समापन के बाद सामूहिक रूप से हनुमान चाली. सा का पाठ किया गया। देर रात लगभग 12 बजे आरती हुई, जिसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में युवा कमेटी के सदस्यों ऋषभ सिंघल, विभोर मित्तल, विभोर गोयल, सागर माहेश्वरी, सत्यम माहेश्वरी, विवेक अग्रवाल, प्रियांशु पाल, गौरव शर्मा और शुभम अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। नवनीत मित्तल, अतुल रस्तौगी, विजय कालरा और कपिल रस्तौगी ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित होने वाले भंडारे में आकर प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित भी किया।

### बास्केटबॉल टीम रवाना

**बिजनौर।** डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोएिशन के सचिव योगेश्वर त्यागी ने बताया कि 36वीं उत्तर प्रदेश राज्य जूनियर पुरुष (18 वर्ष) का आयोजन 2 अप्रैल से आठ अप्रैल तक सेठ अएमआर जयपूरिया स्कूल, विलेज संदुरपुर, परसारामपुर, मकूनपुर बाजार, प्रतापगढ़ में किया जा रहा है। जिसमें भाग लेने वाली बिजनौर डिस्ट्रिक्ट की टीम कल रात को जनता एक्सप्रेस ट्रेन से धामपुर से रवाना हो गई। टीम में आरव कुमार, ध्रुव (श्री राम राय स्कूल, धामपुर), संचित गोस्वामी, दिव्यान सिंह (डीडीपीएस, बिजनौर), माज अहमद, परमीत (सेंट मेरिस, नजीबाबाद), शिवा कुमार, शिवम कुमार, दीपक चौहान (सेंट मेरिस, नूरपुर), राघव कौशिक (डीएवी इंटर कालेज, बिजनौर) एवं प्रशिक्षक विश्वजीत सिंह (धामपुर) है। टीम को धामपुर रेलवे स्टेशन पर धामपुर के पूर्व विधायक डा. इंद्रदेव का आशीर्वाद मिलने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। टीम को रवाना करने के लिए बिजनौर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिवव योगेश्वर त्यागी एवं सगठन सचिव मौहम्मद राशिद भी उपस्थित रहे।

### मंदिर में हवन-यज्ञ व भंडारा



**नहटौर।** हाथीवाला मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भक्ति और श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान मंदिर परिसर में हवन-यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आज दोपहर करीब दो बजे आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन कुंड में आहुतियां डाली गई। भक्तों ने बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया और अपने परिवार की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर हनुमान जी के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में कपिल शर्मा, वैभव गोयल, नरेश कुमार सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति और सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। हवन-यज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर को विशेष रूप से गुब्बारों और फूलों से सजाया गया था, जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा।

### शॉर्ट सर्किट से फसल जली



**अफजलगढ़।** भरतपुर ग्राम में किसान नरेंद्र सिंह पुत्र मलकीत सिंह की लगभग पांच एकड़ गेहूं की फसल आग की चपेट में आकर पूरी तरह जल गई। यह घटना शॉर्ट सर्किट के कारण हुई। घटना की सूचना मिलते ही तहसील प्रशासन मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी बुलाया गया, जो आग लगने के कारणों की प्रारंभिक जांच कर रहे हैं। मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान अंकुर राज ने प्रशासन से पीड़ित किसान को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। ग्रामीणों और अन्य किसानों ने भी इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं किसानों के लिए बड़ा संकट बन रही हैं। कई किसानों ने यह भी मांग उठाई कि दिन के समय सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रखी जाए। उनका तर्क है कि इससे खेतों में आग लगने जैसी घटनाओं से बचाव हो सकेगा और किसानों को राहत मिलेगी। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दुख और आक्रोश का माहौल है। किसानों के लिए यह नुकसान केवल फसल का नहीं, बल्कि उनकी सालभर की मेहनत और उम्मीदों का है। सभी की नजर अब प्रशासन पर है कि पीड़ित किसान को जल्द से जल्द राहत और मुआवजा मिल सके।

# ठेकेदार ने फांसी लगाकर जान दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर के मौहल्ला कूकड़ा चुंगी में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार पानी की टंकी के ठेकेदार विनोद कुमार (करीब 40 वर्ष) मूल रूप से जनपद अमरोहा के थाना धनौरी क्षेत्र के गांव हैवतपुर चौधरिया निवासी थे और पिछले लगभग दस वर्षों से हल्दौर नगर में किराये के मकान में अपने परिवार के साथ रह रहे थे। वह आसपास क्षेत्र की पानी की टंकियों का ठेका कार्य करते थे।

## घटना से क्षेत्र में शोक की लहर

परिजनों के मुताबिक विनोद कुमार काफी समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे और उनका उपचार नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव गोहावर स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा था। बताया गया कि वह उपचार कराने से अक्सर मना करते थे। एक दिन पूर्व उनकी पत्नी उन्हें उपचार के लिए अपने मायके नहटौर क्षेत्र के गांव महमूदपुर मिलक उर्फ बच्चोंवाला ले गई थी, जहां भी उन्होंने आत्महत्या का प्रयास किया



था, लेकिन परिजनों ने उन्हें बचा लिया था। बताया जाता है कि बाद में विनोद कुमार अपनी पत्नी को चकमा देकर हल्दौर स्थित अपने घर आ गए। बृहस्पतिवार को उन्होंने घर के कमरे में छत के पंखे से दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी तब हुई जब उनका साला घर पहुंचा और उन्हें फंदे पर लटका देखा। उसने तुरंत पुलिस और परिजनों को सूचना दी।

सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार मृतक के भाई मनोज कुमार द्वारा तहरीर दी गई है, जिसमें मृतक के मानसिक रूप से परेशान होने की बात कही गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## श्री ठाकुरद्वारा मंदिर में हवन पूजन



**नजीबाबाद।** किरतपुर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्री ठाकुर द्वारा मंदिर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भगवान हनुमान जी का विधि-विधान से पूजन और हवन किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान नवीन अग्रवाल और नीति अग्रवाल रहे। वैदिक मंत्रोच्चार से मंदिर परिसर गूंज उठा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। हवन का संचालन पंडित प्रभुदत्त शर्मा ने किया। हवन के उपरांत सभी उपस्थित भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर राजीव अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, सन्नी अग्रवाल, मास्टर महेंद्र, सौरभ, शंकर कश्यप, मोहित कश्यप, कमल कश्यप, तरुण और कुलदीप प्रदुमन गिरी आदि मौजूद रहे।

## युवा पर्यावरण योद्धा शाश्वत धीमान सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शाश्वत धीमान को यूथ सस्टेनेबिलिटी चैंपियन अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके वेस्ट मैनेजमेंट एवं खुले में फेंक मुक्त अभियान के प्रभावशाली संचालन के लिए प्रदान किया गया।

नई दिल्ली के यूनेस्को हाउस में आयोजित नेट ग्रीन फाउंडेशन हाई इम्पैक्ट सस्टेनेबिलिटी डायलॉग 2026 के दौरान यह सम्मान समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर देश-विदेश के कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। शाश्वत धीमान को यह सम्मान सामूहिक रूप से सुश्री सुरभि गुप्ता निदेशक, नेट ग्रीन फाउंडेशन, डा. बेन्नो बोयर प्रमुख, प्राकृतिक विज्ञान यूनेस्को इंडिया व सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा मंत्री उद्योग खाद्य एवं आपूर्ति, पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव दिल्ली सरकार द्वारा प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण प्रबंध निदेशक पतंजलि आयुर्वेद भी उपस्थित रहे। शाश्वत धीमान गुरुकुल इंटरनेशनल हरचंदपुर में कक्षा सात का छात्र है। शाश्वत धीमान पिछले तीन वर्षों से लगातार अपने अभियान के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहा हैं।

# आभा फाउंडेशन ने छात्राओं को बांटी साइकिले

## शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना उद्देश्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर क्षेत्र की अग्रणी सामाजिक संस्था आभा फाउंडेशन द्वारा फादरसन पब्लिक स्कूल में एक भव्य साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में यूपी बोर्ड की कक्षा 8वीं, 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं की छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में छात्राओं को आगे बढ़ने, शिक्षा प्राप्त करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। आभा फाउंडेशन द्वारा इस योजना के लिए कुल 1250 पंजीकरण प्राप्त हुए थे,




जिनमें से 500 छात्राओं का चयन किया गया और उन्हें साइकिलें वितरित की गईं। फाउंडेशन की संस्थापिका आभा सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही सशक्तिकरण का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने यह भी कहा कि वे समाज सेवा के कार्यों में हमेशा सक्रिय रहेंगी और जरूरतमंदों के साथ खड़ी रहेंगी।

आभा फाउंडेशन द्वारा समय-समय पर समाज कल्याण के अनेक कार्य किए जाते हैं, जिनमें बेटियों के विवाह में सहयोग, रजाई वितरण, नेत्र चिकित्सा शिविर, मेडिकल कैंप, मोतियाबिंद ऑपरेशन, चश्मा वितरण, साइकिल वितरण तथा बाढ़ पीड़ितों के लिए राशन वितरण जैसे कार्य प्रमुख हैं। इसके साथ ही उन्होंने 19 अप्रैल 2026 को 6 वें नेत्र चिकित्सा शिविर के आयोजन की घोषणा की और अधिक से अधिक लोगों से इसमें भाग लेकर लाभ उठाने की अपील की। 500 साइकिलों का यह वितरण कार्यक्रम पूरे क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बना रहा। लोगों ने इस सराहनीय पहल की जमकर प्रशंसा की और आभा फाउंडेशन को धन्यवाद व्यक्त किया। साइकिल मिलने से क्षेत्र की छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## छेड़छाड़ के मामले में ऋषिपाल को तीन साल की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अपर सीजेएम श्री अजय कुमार ने छेड़छाड़ के अभियुक्त ऋषिपाल को तीन वर्ष एवं उसके साथ तीन अन्य अभियुक्तों को दो दो वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। इन्हीं अभियुक्तों ने हत्या के एक मामले में सजा सुनाए जाने पर जज साहब को जान से मारने की धमकी दी थी।

अभियोजन अधिकारी राघवेंद्र कुमार के अनुसार धामपुर थाना अंतर्गत ग्राम मटोरा दुर्ग निवासी पुखराज सिंह चार मई 2015 को अपनी बेटी अंजलि के साथ चांदपुर न्यायालय में तारीख पर आये थे। शाम चार बजे के करीब न्यायालय के गेट के सामने शिवाला कलां थाना अंतर्गत ग्राम शीमला निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र निहाल सिंह, मिथलेश पत्नी राजेंद्र सिंह, ग्राम शेरगढ़ निवासी ऋषिपाल पुत्र भगवंत सिंह, रश्मि पत्नी ऋषिपाल सिंह, ग्राम ककराला निवासी नागेंद्र ने युवती के कपड़े फाड़ दिए और अश्लील हरकतें कीं। गंदी-गंदी गालियां दीं। इस मामले मे

### तीन अन्य अभियुक्तों को दो-दो साल का कारावास

पुखराज ने थाना चांदपुर मे रिपोर्ट दर्ज कराई मुकदमे के विचरण के दौरान मिथलेश की मृत्यु हो गई। इस मामले में अपर सीजेएम अजय कुमार ने अपराध सिद्ध होने पर अभियुक्त राजेंद्र सिंह, ऋषिपाल सिंह, रश्मि व नागेंद्र सिंह को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 325 के तहत दो-दो वर्ष कारावास व एक-एक जार रुपए तथा धारा 323 के तहत तीन-तीन माह का कारावास, धारा 147 के तहत छह-छह माह कारावास की सजा सुनायी है, जबकि ऋषिपाल को धारा 354बी के तहत तीन वर्ष कारावास एवं 2 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

उल्लेखनीय है कि इन्हीं अभियुक्तों ने हत्या के मामले में सजा सुनाए जाने पर अपर जिला जज निज. ेंद्र कुमार को जान से मारने की धमकी दी थी।

## बालाजी मंदिर में भजन-कीर्तन



**धामपुर।** प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर मुख्य बाजार में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में सुंदरकांड, हनुमान चालीसा पाठ तथा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।

मंदिर के स्वामित्व महंत डा. अमित गिरी महाराज ने मुख्य यजमान जतिन गुप्ता, नेहा गुप्ता, मनोज गुप्ता, अर्चना गुप्ता के द्वारा गौरी गणेश पूजन, कलश पूजन, नवग्रह पूजन विधि-विधान से कराया। संगीतमय सुंदरकांड हनुमान चालीसा व भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। महंत डा. अमित गिरी ने गाइए गणपति वंदना, मोती शर्मा ने गुरु वंदना, अभिषेक वर्मा ने मां सरस्वती वंदना गाकर सुंदरकांड की शुरुआत की। महंत आदित्य गिरी व डा. अमित गिरी ने यजमान के द्वारा संपूर्ण आरती तथा सभी भक्तों के द्वारा संपन्न कराई। भगवान को प्रसाद का भोग लगाकर सभी भक्तों में वितरण किया गया।

## बैंक विभाग ने सब रजिस्ट्रार ऑफिस को हराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नेशनल एंटी करप्शन सोल्जर ट्रस्ट द्वारा आयोजित नजीबाबाद प्रीमियर लीग सीजन-4 क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन आज बैंक विभाग और सब रजिस्ट्रार ऑफिस के बीच मुकाबला हुआ। इस मैच में बैंक विभाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि डॉ. महमूद अहमद भोलू ने मैच का शुभारंभ किया और झंडारोहण किया। इस दौरान प्रकृति अग्रवाल, शगुन प्रजापति, मायांशी कश्यप, यशस्वी, ईशानी, परविंदर कौर और इशिका ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। डॉ. भोलू ने दोनों टीमों को शुभकामनाएं दीं और टूर्नामेंट की विजेता व उपविजेता टीमों को दी जाने वाली ट्रॉफी का अनावरण भी किया। अंपायर फाजिल अली और विनीत कुमार की देखरेख में यह मैच खेला गया। बैंक विभाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने निर्धारित ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर 248 रन बनाए। जवाब में सब रजिस्ट्रार टीम 14 ओवर में 153 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस तरह बैंक विभाग ने यह मुकाबला जीत लिया। बैंक विभाग की ओर से मोंटी ने 34 गेंदों पर 91 रन बनाए, जबकि हैप्पी ने 17 गेंदों में 40 रन का योगदान दिया। बैंक विभाग के मोंटी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सब रजिस्ट्रार विभाग के मौहम्मद दानिश ने 13 गेंदों में 29 रन बनाए और उन्हें फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने मोंटी को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी और मौहम्मद दानिश को फाइटर ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रदान की। टूर्नामेंट में संतोष सिंह और अभिनव अग्रवाल ने मैच की शानदार कमेंट्री की। चौथे दिन का दूसरे मैच का खुर्शीद मंसूरी ने फीता काट के शुभारंभ किया। मैच पीडब्लूडी टीम और बार एसोसिएशन के बीच खेला गया।

## एक नजर

### स्मार्ट मीटर के विरोध में धरना सात को



**चांदपुर।** विद्युत विभाग के अधिकारियों की हठधर्मिता, किसान समस्याओं के समाधान एवं स्मार्ट मीटर के विरोध में भाकियू (हिंद) कार्यकर्ता सात अप्रैल को सुबह दस एसडीओ कार्यालय, चांदपुर पर धरना व प्रदर्शन करेंगे। भाकियू के वरिष्ठ प्रदेश प्रवक्ता अकील अंसारी ने बताया कि विद्युत विभाग से हर आम जन की डोर बंधी हुई है, लेकिन विभाग के कुछ अधिकारी किसानों के प्रति अपने रवैये को नहीं बदल पा रहे हैं। किसानों का उत्पीड़न आम बात हो गई है। समस्याओं का समाधान समय पर ना करना, विद्युत विभाग के कुछ अधिकारियों की हठधर्मिता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भाकियू (हिंद) के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता इसके विरोध में सात अप्रैल को विद्युत विभाग के चांदपुर कार्यालय धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि धरने को सफल बनाने के लिए धरना स्थल पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष साजिद चौधरी भी आ रहे है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से धरने को सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में धरना स्थल पर पहुंचने की अपील की है।

### महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू डिग्री कॉलेज में आज राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में 'मिशन शक्ति 5.0 चरण-2 के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी मौहम्मद आरिफ के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य विषय महिला सशक्तिकरण रहा। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण विषय पर ओजपूर्ण काव्य पाठ किया। जिसके माध्यम से समाज में नारी की शक्ति और अधिकारों का संदेश दिया गया। महाविद्यालय के अकादमिक डायरेक्टर प्रो.अनिल कुमार वर्मा ने अपने विचार साझा करते हुए छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए महिलाओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कुमारी श्रद्धा वत्स, मुबश्शरा नाज और नायला हसन ने भी विषय पर प्रभावशाली ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किए। श्रद्धा वत्स ने जोर देते हुए कहा कि यदि महिलाएं सशक्त होंगी तभी देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान के विभाग अध्यक्ष प्रो. दिनेश सिंह, असिस्टेंट प्रो.मौहम्मद सुलेमान, इतिहास विभाग के प्रवक्ता गौतम सिंह तथा अन्य शिक्षक गण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भागीदारी और उनके स्वावलंबन के संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

### स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली



**नजीबाबाद।** ब्लॉक क्षेत्र के मंडावली आंगनबाड़ी केंद्र के छात्र-छात्राओं ने संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूकता रैली निकाली। इस रैली के माध्यम से बच्चों ने ग्रामीणों को संचारी रोगों के प्रति सतर्क रहने और स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। रैली में आंगनबाड़ी केंद्र मंडावली के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उनके हाथों में 'स्वच्छता अपनाएं, संचारी रोगों को दूर भगाएं', 'हम सबने ठाना है, संचारी रोगों को भगाना है', 'जागरूक रहें, सुरक्षित रहें', 'हाथ धोएं, बीमारी भगाएं' जैसे नारे लिखी तख्तियां थीं। बच्चों ने ग्रामीणों को चेचक, हैजा, छोटी माता, डेंगू ज्वर, सुजाक, हेपेटाइटिस ए, बी और सी जैसे संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने सभी रोगों की एक दवाई, घर में रखें साफ सफाई और 'स्वस्थ जीवन, स्वस्थ भारत' जैसे नारों से स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। शिक्षक नईमुद्दीन अली ने बताया कि बारिश के मौसम में गंदगी के कारण संचारी रोग तेजी से फैलते हैं। उन्होंने इन रोगों से बचाव के लिए निरंतर जागरूकता बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर सीएचओ मंडावली गो. विंद कुमार, आशा संगिनी शांति त्यागी, आशा कार्यकर्ता रीना, सोनम, रेनू और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### झूठी सूचना देने पर आरक्षी निलंबित

**बिजनौर।** एसपी द्वारा झूठी सूचना देने वाले आरक्षी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। 28 मार्च, 2026 की रात करीब नौ बजे थाना हल्दौर पर नियुक्त आरक्षी गुलाम मुर्तजा निवासी ग्राम बूची, थाना शीशगढ़, जनपद बरेली के द्वारा डायल 112 के माध्यम से अपने गांव की राजनैतिक प्रतिस्पर्धा के चलते निजी स्वार्थ के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु गांव के ही एक व्यक्ति के घर में गौकशी के लिए गौवंशीय पशु बंधे होने की सूचना दी थी। इस संबंध में थाना शीशगढ़ पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच करने पर सूचना असत्य पाई गई। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि थाना हल्दौर पर तैनात आरक्षी गुलाम मुर्तजा द्वारा भ्रामक एवं असत्य सूचना देकर पुलिस को गुमराह किया गया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, पीलीभीत।

पत्रांक:- 145 / न0पा0परि0पी0 / 2025-26 **प्रस्ताव सूचना** दिनांक:- 30/03/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 हेतु पालिका को उच्चतम रैंक प्राप्त कराने के दृष्टिगत एम0 आर0 एफ0 सेन्टर का व्यवस्थित संचालन किया जाना अति आवश्यक है। जिसके लिए अनुभवी एजेन्सी का चयन किया जाना है। इच्छुक फर्म/एजेन्सी/व्यक्ति अपना अपना प्रस्ताव कार्यालय नगर पालिका परिषद पीलीभीत में दिनांक 30/03/2026 से दिनांक 07/04/2026 को समय दोपहर 02.00 बजे तक प्राप्त करा सकते हैं। जो कि पालिका द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय उपरान्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। उक्त से सम्बन्धित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पालिका परिषद पीलीभीत के स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 हेतु पालिका को उच्चतम रैंक प्राप्त कराने के दृष्टिगत एम0 आर0 एफ0 सेन्टर के व्यवस्थित संचालन किये जाने हेतु अनुभवी एजेन्सी का चयन | 6000 | 300 | 01 वर्ष |

1. निविदा के साथ 03 प्रतिशत धरोहर धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पीलीभीत के नाम बंधक करना अनिवार्य है एवं 7 प्रतिशत धरोहर धनराशि को निविदा होने के उपरान्त एफ0डी0आर0 के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। 2. यदि फर्जी / गलत दस्तावेजो की जानकारी अनुबन्ध गठन के पश्चात् होती है तो अनुबन्ध निरस्त करते हुये दण्ड के रूप में धरोहर राशि जब्त करते हुये सम्बन्धित फर्म / एजेंसी को काली सूची में डाल दिया जायेगा।
3. बिना धरोहर धनराशि के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. निविदादाता की निविदा स्वी ति उपरान्त 100/- रू0 के स्टाम्प पर अपने व्यय पर एक अनुबन्ध कराना होगा तथा 10 रूपये के स्टाम्प पर शपथ-पत्र देना होगा।
5. किसी भी निविदा एंव समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।
6. ब्लैक लिस्ट ठेकेदारों को निविदा क्रय करने का अधिकार नही होगा, नॉन ब्लैक लिस्ट का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. समस्त निविदादाताओं को अपने अपने पंजीकृत प्रमाण पत्र आयकर, जी0एस0टी0 नम्बर, बैलेन्स शीट सी0ए0 द्वारा प्रमाणित, प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा निविदा की वैधता एक माह है।
8. निविदादाता द्वारा उसका कोई भी सगा सम्बन्धी नगर पालिका परिषद, पीलीभीत में कार्यरत नही है, का शपथ पत्र साथ में संलग्न करना अनिवार्य होगा।
9. किसी भी वाद-विवाद की स्थिति में सुनवाई केवल मा0 न्यायालय जनपद पीलीभीत में होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद
पीलीभीत।

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद
पीलीभीत।

## बिचपुरी लालजी में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर, सैकड़ों ग्रामीणों की हुई जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी )।/रामपुर** क्षेत्र के विजपुरी लालजी में टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में तहसील शाहबाद के ग्राम बिचपुरी लालजी में विशेष स्वास्थ्य जांच शि. विर का आयोजन किया गया। यह शि. विर "100 दिवसीय सघन टीबी अभियान" के अंतर्गत स्थानीय सरक. ारी स्कूल में लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।शिविर में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के लोगों की व्यापक स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर ही संभावित मरीजों के नमूने लिए और आवश्यक चिकित्सीय परामर्श भी दिया।इस दौरान ग्रामीणों को टीबी के लक्षण, समय पर जांच और नियमित इलाज के महत्व के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। साथ ही पौष्टिक आहार और स्वच्छ जीवनशैली अपनाने की भी सलाह दी गई। कार्यक्रम में डिजिटल व्यवस्था के तहत लैपटॉप और आधुनिक उपकरणों का उपयोग कर मरीजों का डेटा दर्ज किया गया, जिससे रिपोर्ट और फॉलो-अप प्रक्रिया को व्यवस्थित बनाया जा सके।शिविर में चिकित्सा अधीक्षक शाहबाद डॉ. मोहि. हत रस्तोगी, एसटीएस जतिन शर्मा, एलटी गौरव व शोएब तथा सीएचओ जोगेंद्र सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शिवि. रों से गांव स्तर पर ही बीमारी की समय रहते पहचान हो जाती है। स्वास्थ्य विभाग ने आश्वस्त किया कि जिन लोगों में टीबी के लक्षण पाए जाएंगे, उनका पूरा इलाज सरकार द्वारा निशुल्क कराया जाएगा। शिविर के माध्यम से एक बार फिर यह संदेश दिया गया कि- "जन-जन का रखे ध्यान, टीबी मुक्त भारत अभियान" और समय पर जांच व पूरा उपचार ही इस बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

## श्री बालाजी राधा-कृष्ण की झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी। /रामपुर** नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री बाला. जी महाराज की भव्य शोभायात्रा पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन ने पूरे नगर को भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान ने फीता काटकर किया। घ्शोभायात्रा का आगाज श्माता चौराहे वालीश से विधि-विधान के साथ हुआ। यहाँ से शुरू होकर यात्रा नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों से गुजरी। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ी, श्रद्धालुओं का हुजूम जुड़ता गया। जगह-जगह स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया। गर्मी के मौसम को देखते हुए नगरवासियों ने सेवा भाव दिखाते हुए जगह-जगह स्टाल लगाकर श्रद्धालुओं को मीठा शरबत और शीतल जल वित. रित किया। घ्इस बार की शोभायात्रा में कई विशेष आकर्षण रहे जिन्होंने लोगों का मन मोह लिया।अखाड़े के कलाकारों ने हैरतअंगेज प्रदर्शन कर दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। रथ पर विराजमान राधा-कृष्ण की मनमोहक छवि



भक्तों के आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। मुख्य रथ पर सवार श्री बालाजी महाराज के दर्शनों के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। घ्शोभायात्रा में हनुमान जी का स्वरूप धरे कलाकारों के साथ बच्चों और युवाओं में भारी उत्साह देखा गया। डिजिटल दौर का असर यहाँ भी दिखा, जहाँ बच्चों ने बढ़-चढ़कर हनुमान जी के साथ सेल्फी ली और इस पल को यादगार बनाया। घ्नगर भ्रमण के बाद शोभायात्रा का समापन श्री बालाजी मंदिर पर भव्य आरती के साथ हुआ। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। आयोजन समिति ने सभी आगंत. ुकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भारी संख्या में नगरवासी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## चौयरमैन मोहन लाल सैनी ने नायब तहसीलदार राहुल सैनी को दी हार्दिक बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर।** स्थानीय सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय चौयरमैन मोहन लाल सैनी ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित नायब तहसीलदार राहुल सैनी को उनके पैत्रक निवास दलेलनगर पहुंचकर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर परिवारजन और गाँव के अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे। बधाई देने वालों में पन्नालाल सैनी, लक्ष्मी सैनी, प्रेमपाल सैनी, राज किशोर सैनी, महेंद्र सैनी, सोरन सिंह (एडवोकेट), मुंशीलाल सैनी, राकेश सैनी, संजय मौर्य और नरेंद्र सैनी शामिल थे।

मोहन लाल सैनी ने राहुल सैनी के उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें नायब तहसीलदार के पद पर सफल कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

## सीएमओ के नेतृत्व में सर्वाइकल कैंसर अभियान के तहत सीएचसी पर भी टीके लगना शुरू

### किशोरियों को मुफ्त टीके लगाने की सुविधा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद रामपुर में सर्वाइकल कैंसर अभियान के तहत जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया गया है। इस अभियान का नेतृत्व सीएमओ के द्वारा किया जा रहा है। नोडल अधिकारी डॉ. के. के. चहल ने बताया कि सभी किशोरियाँ जिनका 14वां जन्मदिन पूरा हो चुका है लेकिन 15 साल पूरे नहीं हुए हैं, वे जिला महिला चिकित्सालय और सीएचसी बिलासपुर, मिलक, टांडा, स्वार एवं शाहबाद में निशुल्क टीका लगवा सकती हैं। उन्होंने बताया कि यह सुविधा पूरी तरह सरकारी और निशुल्क है और टीके का कोई साइड इफेक्ट नहीं है। अधिकारियों ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों को समय पर टीका लगवाने के लिए संबंधित केंद्रों पर जरूर पहुँचाएँ, ताकि उन्हें सर्वाइकल कैंसर से बचाने में मदद मिल सके।

## पुलिस अधीक्षक रामपुर ने थाना सिविल लाइन का आकस्मिक निरीक्षण किया





**शाह टाइम्स संवाददाता**

..........................

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक रामपुर ने आज दिनांक 02.04.2026 को थाना सिविल लाइन का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय में रखे अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि का जायजा लिया और उनके रख-रखाव, साफ-सफाई और प्रविष्टियों की समीक्षा की।

साथ ही पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न ऑनलाइन पोर्टलों पर की जा रही फीडिंग का भी निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिसर में बने कार्यालय, भोजनालय, मालखाना, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष, मिशन शक्ति केंद्र और साइबर सेल की साफ-सफाई का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ताकि थाने का संचालन और व्यवस्थापन और अधिक प्रभावी हो सके।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारम्भ, भक्तिमय हुआ सैफनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।/रामपुर** क्षेत्र में धार्मिक आस्था और उत्साह के बीच गुरुवार को श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारम्भ कलश यात्रा के साथ किया गया। इस दौरान पूरा नगर भक्ति के रंग में रंगा नजर आया और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रामगंगा नदी तक पहुंची, जहां से श्रद्धालुओं ने कलश में पवित्र जल भरकर कथा स्थल तक यात्रा निकाली। यात्रा में शामिल महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर श्रद्धा भाव से भाग लिया, वहीं पुरुषों ने भी पूरे उत्साह के साथ सहयोग किया। भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।कथा का आयोजन सैफनी स्थित जनता इंटर कॉलेज के मैदान में



किया जा रहा है, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के बाद कथा का शुभारम्भ हुआ। कथा व्यास श्री गोविन्द आचार्य जी ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाच. ार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। आयोजकों के अनुसार यह धार्मिक कार्यक्रम 8 अप्रैल तक चलेगा। कथा के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं में कथा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और पूरा क्षेत्र भक्ति रस में सराबोर है।

## सैफनी में बच्चे से मारपीट, थाने में दी तहरीर - कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

सैफनी क्षेत्र के कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने अपने बेटे के साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला गांधी आश्रम निवासी मुवीन अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा अता अशरफ 29 मार्च 2026 को दोपहर करीब 3 बजे दुकान से सामान लेने गया था। इसी दौरान रास्ते में बच्चों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया।


आरोप है कि जब अता अशरफ बच्चों की शिकायत करने मुन्ना पुत्र जमरूद्दीन के घर गया, तो वहां उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। किसी तरह अता अशरफ वहां से जान बचाकर घर पहुंचा। मारपीट में उसे चोटें भी आई हैं।

पीड़ित पिता का कहना है कि जब वह काम से लौटकर आरोपी के घर शिकायत करने पहुंचे, तो दरवाजा नहीं खोला गया। इसके बाद उन्होंने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# शौचालय के गड्डे में गिरने से किशोर की मौत

### घटना को लेकर लोगों ने किया हंगामा, लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कोतवाली क्षेत्र के बड़का रोड गांव के निकट शौचालय के खुले गड्डे में गिरकर 10 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में आक्रोश के साथ-साथ हड़कम मच गया। घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना को लेकर लोगों ने जमकर हंगामा किया।

लोगों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बुधवार शाम मृतक इरशाद पुत्र शमशाद ट्यूबवेल के पास खेल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार निर्माणधीन शौचालय का गड्डा काफी समय से खुला पड़ा था। खेलते समय अचानक दस वषीर्य किशोर उसमें गिर गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वही स्थानीय लोगों जमील, फारूक, सलीम और आरिफ का आरोप है कि नगर पालिका की जमीन पर शौचालय स्थापित है और उसी स्थान पर अल्पसंख्यक विभाग की ओर से विवाह मंडप का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य के चलते खुला गड्डा बच्चे को दिखाई नहीं दिया, जिससे यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए थे। गड्डा लंबे समय से खुला पड़ा था, जिसे ढकने या घेरने की व्यवस्था नहीं की गई। घटना के बाद लोगों में आक्रोश है और उन्होंने निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग की है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मनोज रस्तोगी ने बताया कि संबंधित भूमि सरकारी है, जहां नगर पालिका का शौचालय स्थापित है। उसी स्थान पर अल्पसंख्यक विभाग द्वारा विवाह मंडप का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खुले गड्डे के मामले की जांच कराई जाएगी और लापरवाही मिलने पर संबंधित कर्मचारी व ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उधर कोतवाली प्रभारी दीक्षित त्यागी ने बताया कि अभी तहरीर नहीं प्राप्त हुई है। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## धनौरा की नोरेक्स ने नोएडा में बढ़ाया कदम

### 80 देशों में पहचान के बाद खुला इनोवेशन सैंटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** छोटे कस्बे धनौरा से निकलकर विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुकी नोरेक्स फ्लेवर्स प्राइवेट लिमिटेड ने अब विकास का एक और नया अध्याय शुरू करते हुए नोएडा के सेक्टर-63 में क्रिएशन एंड इनोवेशन सेंटर की शुरुआत की है। कंपनी का यह नया सेंटर रिसर्च, आधुनिक तकनीक और नए उत्पाद विकास का प्रमुख केंद्र बनेगा।

कंपनी के निदेशक वैभव अग्रवाल ने बताया कि मंडी धनौरा जैसी छोटी जगह में सीमित मूलभूत सुविधाओं के बावजूद फर्म ने विश्व पटल पर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि आज विदेशी ग्राहक और बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधि उनकी फर्म के साथ-साथ क्षेत्र में मेंथा के खेतों का भ्रमण करने भी आते हैं, जिससे धनौरा की पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत हुई है। उन्होंने बताया कि कंपनी वर्तमान में अमेरिका, यूके, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, सऊदी अरब, कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड समेत 80 से अधिक देशों में अपने उत्पादों का निर्यात कर रही है। फ्लेवर और मेंथा आधारित उत्पादों के क्षेत्र में कंपनी ने गुणवत्ता और भरोसे के दम पर यह



मुकाम हासिल किया है। वैभव अग्रवाल ने बताया कि कंपनी केवल कारोबार तक सीमित नहीं है, बल्कि स्थानीय किसानों के उन्नयन में भी अहम भूमिका निभा रही है। इसके लिए संकल्प प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से हजारों मेंथा किसानों को नई कृषि तकनीक, बेहतर उत्पादन और आधुनिक खेती के तौर-तरीकों का प्रशिक्षण दिया जाता है। इससे किसानों को सीधे तौर पर लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नोएडा में शुरू किया गया नया सेंटर कंपनी के सपनों, विजन और भविष्य की नई सोच का प्रतीक है। इससे रिसर्च और इनोवेशन को नई दिशा मिलेगी, वहीं मंडी धनौरा का नाम देश-दुनिया में और मजबूती से स्थापित होगा।

# बालाजी धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

### हनुमान जन्मोत्सव पर यज्ञ-भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर बालाजी धाम, कंचन बाजार में चल रहे श्री हनुमान जन्मोत्सव के चौथे दिन गुरुवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। बालाजी भक्त मंडल सोसायटी के संयोजन में संकट मोचन यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने श्री बाला. जी महाराज के चरणों में अर्जी, दरख्वास्त और भेंट चढ़ाकर अपने परिवार की सुख-शांति व संकटों से मुक्ति की प्रार्थना की। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मंदिर के महंत दिनेश द्विवेदी ने विधि-विधान से श्री बालाजी महाराज की विशेष आरती की। इसके बाद बालाजी महाराज को स्वर्ण श्रृंगार कराया गया और छप्पन भोग अर्पित किया गया। भोग के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मंडल के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, सिम्मी अग्रवाल, विनोद अरोड़ा, शिवकुमार वर्मा, भोले शाह, सुमित अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, नीति अग्रवाल, शिखा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत जोया, जनपद अमरोहा

पत्रांक: 782/न.प.जोया/2026 दिनांक- 26.3.2026

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पंचायत जोया द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु शासकीय व्यवस्था के अन्तर्गत कान्हा गौशाला में संरक्षित गौवंशों के भरण पोषण हेतु भूसा/चोकर/खल की आपूर्ति का कार्य प्रति कुन्तल की दर के अनुसार "शासन/रा.वि. आयोग/बोर्ड फण्ड से प्राप्त धनराशि" से किये जाने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं से निविदा/दर आमंत्रित की जाती हैं।

इच्छुक ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता निम्न कार्य हेतु अपनी मोहरबंद निविदायें दिनांक 10.04.2026 को अपरान्ह 1.00 बजे तक कार्यालय में दे सकते है। जो उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे महोदय के समक्ष खोली जायेंगी। अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार होगा। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | निविदा की दर | धरोहर राशि | निविदा शुल्क समस्त कर सहित | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत जोया द्वारा संचालित कान्हा कौशाला में संरक्षित गौवंश के भरण पोषण हेतु 2500 कुन्तल सूखा भूसा, 730 कुन्तल चौकर एवं 730 कुन्तल खल की आपूर्ति हेतु दर (प्रति कुंतल) (आवश्यकतानुसार पहुंचाना/लोडिग/अनलोडिग वार्षिक हेतु। | प्रति कुंतल दर आमंत्रित | 50000.00 | 2000.00 | एक वर्ष (वित्तीय वर्ष 2026-27 |

अधिशासी अधिकारी अध्यक्ष

# मदरसा जामे उल उलूम फुरकानिया में तकरीब-ए-तकसीम-ए- नताइज का शानदार इनकाद







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** मदरसा जामे उल उलूम फुरकानिया, मस्टन गंज रामपुर में बेसिक व जुबैर दरजात के सालाना इम्तिहानात के नताइज की तकसीम की एक पुरवकार व बा-शान तकरीब का इनकघद किया गया, जिसमें तलबा, असातिजा और सरपरस्तों की कसीर तादाद मौजूद रही।

तकघ्रीब की निजामत मौलवी अब्दुल वहाब खान फैजान ने बेहद खुबसूरती से अंजाम दी, जबकि आगाज मौलवी इतिसामुल्लाह खान वजीही के तआरुफी खघ्तिाब से हुआ, जिसमें उन्होंने मदरसे की तालीमी व दीनि खिदमात पर रौशनी डाली।

इस मौके पर मौलवी मोहम्मद मकसूद साहब फुरकानी ने तलबा को कघीमती नसीहतों से नवाजते हुए इल्म के साथ अच्छे अखलाक अपनाने की तरगीब दी। इसके बाद प्रोफेसर जुल्फिकार अली सिद्दीकी ने बतौर इंचार्ज-ए-शोबा-ए-तालीम तलबा की तालीमी कारकर्दगी की तफसीली रिपोर्ट पेश की, जिसे हाजिरीन ने खूब सराहा।

तकरीब के इखिततताम पर तलबा में नताइज तकसीम किए गए और नुमायां कारकर्दगी दिखाने वाले तलबा को इनामात से नवाजा गया।

नुमायां नताइज इस तरह रहे:

अव्वल दर्जा: आतिफ अव्वल, साजम दोम, मोहम्मद हमजा सोम

दोम दर्जा: अल्फैज अव्वल, कघदिर अली दोम, मोहम्मद अमान सोम

सोम दर्जा: इमरान अव्वल, मोहम्मद हैदर दोम, अब्दुल अहद सोम

चहारुम दर्जा: अब्दुल अहद अव्वल, शाहनवाज दोम, अरसलान सोम

पंजुम दर्जा: फैज अव्वल, तौहीद दोम, जैब सोम

शशुम दर्जा: औन अव्वल, तैय्यब दोम, फरमान सोम

हफ्तुम दर्जा: अब्दुल कादिर अव्वल, अब्दुल्लाह फातिर दोम, अब्दुस्समद सोम

हश्तुम दर्जा: अब्दुल कादिर अव्वल, जैद दोम, अमन सोम

तकरीब के मेहमान-ए-खुसूसी, अमरोहा से तशरीफ लाए जनाब मुफ्ती रियासत अली साहब (नाजिम-ए-आला, जामा मस्जिद अमरोहा) ने कामयाब तलबा में इनामात तकसीम किए और उनकी हौसला अफजाई की। आखिर में मदरसा इंतजामिया ने इस अज्म का इजहार किया कि आइंदा भी तालीमी मयार को बुलंद करने और तलबा की हर पहलू से तरककी के लिए अपनी कोशिशें जारी रखेंगे।

# चौयरमैन मोहन लाल सैनी की कयादत में सहकारी बैंक को शानदार कामयाबी, 6.26 करोड़ का मुनाफा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** रामपुर जिला सहकारी बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की सालाना लेखाबंदी में काबिले-तारीफ कामयाबी हासिल करते हुए पिछले साल के मुक.ाबले बेहतर प्रदर्शन किया है और 6.26 करोड़ रुपये का मुनाफा अर्जित किया है। इस कामयाबी ने सहकारी क्षेत्र में बैंक की मजबूत पकड़ और बेहतर इंतजामिया का सबूत पेश किया है।

बैंक के चेयरमैन मोहन लाल सैनी ने इस मौके पर तमाम अफसरान और मुलाजिमीन की खिदमात को सराहते हुए कहा कि यह कामयाबी सबकी मुश्तरका कोशिशों, ईमानदारी और बेहतरीन इंतजाम का नतीजा है। उन्होंने बैंक के स्टाफ को दिली मुबारकबाद पेश की और उम्मीद जताई कि आइंदा भी इसी तरह कामयाबी का सिलसिला जारी रहेगा।

उन्होंने बैंक के संचालक बोर्ड का भी शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि उनके मुसलसल तआवुन और रहनुमाई से ही यह मुकाम हासिल हुआ है। चेयरमैन ने तमाम जुड़े हुए लोगों को दिली बधाई और नेक ख्वाहिशात पेश कीं। यह कामयाबी न सिर्फ बैंक के लिए बल्कि पूरे जनपद के लिए फख्र की बात है, जिससे सहकारी तंत्र में एक नई जान और भरोसा पैदा हुआ

# शक्ति धाम में हनुमान जन्मोत्सव, हवन-भंडारे के साथ केक काटकर मनाया गया उत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** नगर के शक्ति धाम धर्मशाला में इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हवन-पूजन, विशाल भंडारे और केक काटकर जन्मोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य नितिन भारद्वाज ने विधि-विधान के साथ हवन-पूजन से कराई। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति देकर सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे दिन पूजन चलता रहा।हवन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। जन्मोत्सव का विशेष आकर्षण हनुमान जी का केक काटना रहा, जिसे लेकर युवाओं और बच्चों में खासा उत्साह देखा गया।पूरा वातावरण भक्ति गीतों और जयकारों से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर देवीदास रस्तोगी, नितिन भारद्वाज, अपूर्व पूठिया, शुभम रावत, विपुल शर्मा, यशवेंद्र चौहान, राम शर्मा, मोंटी शर्मा, राजेश पूठिया, पंकज चंद्रवंशी, सोहनलाल रस्तोगी, मनोहरी लाल, मोतीलाल बरनवाल, मक्खन लाल, आदेश रावत, वरुण शर्मा, विकास देवल सहित कई गणमान्य व्यक्ति और श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मुकदमे बाजी को लेकर सिपाही पति ने महिला को पीटा

## जान से मारने की नीयत से चाकू मारने का भी है आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** मुकदमेबाजी के चक्कर में सिपाही पति ने घर में घुसकर महिला को बुरी तरह से पीटा। आरोप है कि जान से मारने की नीयत से चाकू से वार कर दिया। जिससे महिला बेहोश हो गई। होश में आने पर महिला ने फोन द्वारा अपने भाई को सूचना दी और आपबीती बताई। पीड़िता ने सिपाही पति के खिलाफ सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के विष्णुविहार किट प्लाई रोड निवासी अनीता यादव का कहना है कि उसका विवाह विनय कुमार के साथ हुआ था। विनय कुमार यूपी पुलिस में सिपाही है और मौजूदा समय में मुरादाबाद के मूढापांडे थाने में तैनात है। अनीता के अनुसार पति से झगड़ा होने के कारण पहले से एक मुकदमा चल रहा है। जिससे पति विनय उससे खुन्नस खाने लगा। 28 मार्च को विनय घर आया और अनीता से झगड़ा करने लगा। विवाद बढ़ा तो आरोप है कि विनय ने उसे पीटना शुरू कर दिया। बेरहमी से पीटने के बाद चाकू से वार कर दिया। जिससे वह बेहोश हो गई। इसके बाद विनय घर से चला गया। होश आने पर पीड़िता ने फोन द्वारा अपने भाई को सूचना दी। इस मामले में अनीता ने सिविल लाइंस कोतवाली में तहरीर दे दी थी। जिस पर अब विनय कुमार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# बाइक खड़ी करने के विवाद में कपड़ा विक्रेता को पीटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** तहसील बाजार में बाइक खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में कपड़ा विक्रेता एहतेशाम को कुछ लोगों ने जमकर पीट दिया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई। अन्य दुकानदारों ने बीच-बचाव कर घटना को और बढ़ने से रो.कने की कोशिश की। घटना के समय पर सूचना पाकर कपड़ा विक्रेता के परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, गंज कोतवाली क्षेत्र के थाना टीन निवासी एहतेशाम की बाजार में गारमेंट्स की दुकान है। गुरुवार की सुबह वह दुकान खोलने गया था और उसने दुकान के बाहर अपनी बाइक खड़ी की। इसी बात को लेकर कुछ लोगों के साथ उसका विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने उसे जमकर पीटा, जिससे एहतेशाम के सिर पर चोटें आईं। आसपास के दुकानदारों और लोगों ने बीच-बचाव कर मामला बढ़ने से रोका। पुलिस ने भी मामले की सूचना पाई है और जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली स्वार का किया आकास्मिक निरीक्षण

## पोस्टिंग के बाद स्वार कोतवाली का निरीक्षण किया





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना द्वारा थाना स्वार का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने दस्तावेज एवं उनके रख रखाव उनमे अंकित की जाने वाली प्रविष्टयो को चेक किया गया साथ ही थाने में बने बैरक,मालखाना आदि की साफ सफाई को चौक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान अपराध नियंत्रण कानून, शान्ति व्यवस्था तथा अपराध रजिस्टर,त्योहार रजिस्टर, आई जी आर एस रजिस्टर,आडर बुक, जनशिकायती रजिस्टर, मालमुकदमाती रजिस्टर,अन्य अभिलेखों एवं थाना परिसर में बने थाना कार्यलय,साइवर हेल्प डैस्क, सीसी टीएन एस कक्ष, मेस व विवेचना कक्ष को चौक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देशित दिये गए।इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक व कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, गंभीर घायल रेफर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** गुरुवार को एक बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।जानकारी के अनुसार, शाहबाद के मोहल्ला मंगोली निवासी बिष्णु कुमार अपनी बुआ के घर ढकीया चौकी क्षेत्र के भगवतीपुर जा रहा था। वह वहां रह रही अपनी मां को बुलाने बाइक से निकला था।ग्राम बन्दार के पास किसी अज्ञात वाहन ने बिष्णु की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बिष्णु सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तत्काल एंबुलेंस की मदद से घायल बिष्णु को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया।डॉक्टरों ने बिष्णु को प्राथमिक उपचार दिया, लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# 45 दिन बाद भी नहीं मिली गैस, उपभोक्ता परेशान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर में श्री गिरधारी चौधरी इंडेन गैस एजेंसी पर गैस की बुकिंग और होम डिलीवरी न होने से नगर के गैस उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि समय पर गैस की बुकिंग नहीं की जा रही है और सिलेंडर भी उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। नगर पंचायत मसवासी में गैस उपभोक्ताओं के लिए एजेंसी ने 45 दिन का बुकिंग बोर्ड चस्पा किया है, लेकिन इसके बावजूद सिलेंडर 45 दिन बाद भी उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रहे हैं। बुकिंग कराने के लिए लोगों को बार-बार एजेंसी का चक्कर काटना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि वे पहले भी कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। नगर के नागरिक शहर की तरह सभी टैक्स भरते हैं, फिर भी एजेंसी संचालक की नजर में मसवासी नगर को ग्रामीण क्षेत्र माना जा रहा है। यही कारण है कि नगर के उपभोक्ताओं को भी ग्रामीण श्रेणी में रखकर उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के चलते नगर के कई उपभोक्ताओं ने उपजिला अधिकारी से भी शिकायत की है और मामले के त्वरित समाधान की मांग की है।

# ग्रेड यूरिया के दुरुपयोग पर रोक हेतु औद्योगिक इकाइयों में सघन छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** अनुदानित नीम लेपित यूरिया के डायवर्जन को रोकने और टेक्निकल ग्रेड यूरिया के दुरुपयोग पर नियंत्रण के लिए औद्योगिक इकाइयों में सघन छापेमारी की गई। इन निर्देशों के तहत उन उद्योगों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, जो पशु आहार, कुक्कुट पालन, पेंट में इमल्शन बाइंडर, चीनी/शीरा के एल्कोहल किण्वन, प्लाईवुड और पार्टिकल बोर्ड, प्लास्टिक उत्पाद, कपड़ा रंगाई-छपाई और डिश शॉप जैसे क्षेत्रों में तकनीकी ग्रेड यूरिया का उपयोग करते हैं। जिलाधिकारी रामपुर द्वारा गठित टीम, जिसमें उप कृषि निदेशक, उपायुक्त उद्योग, जिला कृषि अधिकारी और सहायक आयुक्त शामिल थे, ने जनपद की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया। इस दौरान बिलासपुर स्थित यू.पी. प्लाईबुड इंडस्ट्रीज, यू.पी. डोर इंडस्ट्रीज, दीप प्लाईबुड, आर. एंड सन्स प्लाईबुड्स, दनियापुर स्थित एटॉप वुड कंपनी, रोशन बाग स्थित ए.डी. एग्रोवेट, इंडियन टोनर्स एंड डेवलपर्स लिमिटेड और श्री राम प्लाईबुड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टेक्निकल ग्रेड यूरिया के 3 नमूने लिए गए, जिन्हें परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई से यूरिया के अवैध उपयोग पर कड़ा नियंत्रण रखा जाएगा और किसानों एवं उद्योगों दोनों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

# बस कंडक्टर और सवारी को टाटा मैजिक ने मारी टक्कर, दोनों की मौत

## शाहबाद के बड़ागांव के पास हुआ हादसा, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद।** दिल्ली से शाहबाद रूट पर चलने वाली एक निजी बस गुरुवार तड़के 5 बजे बड़ागांव चौराहे पर रुकी। इसी बीच बस का हेल्पर रिजवान (32) और कुछ सवारियां सामान उतार रही थीं। इसी दौरान शाहबाद नगर के मोहल्ला कानून गौयान निवासी अरशद (25) भी अपना सामान देखने के लिए बस से उतरे, इसी दौरान बिलारी की ओर से आ रही तेज रफ्तार टाटा मैजिक ने अनियंत्रित होकर उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में शाहबाद के मोहल्ला कानून गोयान निवासी सवारी अरशद (25) व थाना शहजादनगर निवासी हेल्पर रिजवान (40) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, शाहबाद के मित्तरपुर निवासी विशाल और खरसोल निवासी कासिम मामूली चोटें आई हैं। जनपद संभल के असमोली निवासी टाटा मैजिक चालक वसीम भी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने रिजवान और अरशद को मृत घोषित कर दिया। गंभीर घायल चालक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। अरशद की मौत की सूचना मिलते ही परि.जनों में कोहराम मच गया। परिजन रोते बिलखते शाहबाद सीएचसी पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पेंशनर की मृत्यु की सूचना कोषागार को तुरंत दें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** कोषागार ने सभी पेंशनरों और उनके परिजनों/संबंधियों को चेतावनी दी है कि पेंशनर या पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु होने पर इसकी सूचना तुरंत कोषागार रामपुर को उपलब्ध कराना अनिवार्य है।

वरिष्ठ कोषाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि कई मामलों में मृत्यु की सूचना समय पर नहीं मिलने के कारण पेंशन का भुगतान जारी रहता है और अतिरिक्त भुगतान की स्थिति उत्पन्न होती है। बाद में इस अतिरिक्त राशि की वसूली की कार्रवाई की जाती है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह परिजनों का नैतिक और कानूनी दायित्व है। मृत्यु के बाद प्राप्त पेंशन की राशि अनधिकृत मानी जाएगी और इसे बैंक के माध्यम से या भू-राजस्व बकाये के रूप में वसूला जाएगा।

कोषागार ने सभी से अनुरोध किया है कि किसी भी मृत पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की सूचना देने में देरी न करें, ताकि अनावश्यक भुगतान और विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो।

# मेधावी छात्राओं को बाटी साइकिलें, खिल उठे चेहरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी** क्षेत्र के मानपुर उत्तरी स्थित कंपोजिट विद्यालय में गुरुवार को वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को ग्राम प्रधान द्वारा साइकिलें वितरित की गईं।



साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। परिजनों ने भी इस पहल की सराहना की और विद्यालय प्रबंधन का आभार जताया। कार्यक्रम में शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान साजिद हुसैन, प्रधानाध्यापक धर्मवीर सिंह, कपिल देशवाल, सारिका शर्मा, सपना वर्मा, पंकज कुमार, रमनजीत कौर, राजेदरी, कमलजीत सिंह और जहांगीर आलम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0,**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, रामपुर**

पत्रांक : 1074 दि. 02.04.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

**अल्पकालीन ई-निविदा संख्या एंव कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1 :- 01/2026-27 EDC (R) विद्युत परीक्षण खण्ड-रामपुर के क्षेत्रान्तर्गत स्थापित 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों पर वी०सी०बी०, सी०टी०, पी०टी०, रिले एवं 11 केवी वी०सी०बी० इत्यादि के अनुरक्षण का कार्य कराने हेतु।
प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00, धरोहर राशि रू० 46000.00

**ई-निविदा की अंतिम तिथि : 18.04.2026 11:00 बजे**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर, घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** गुरुवार को एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार रघुनाथ सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल सीएचसी शाहबाद ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार दिया गया।यह घटना उस समय हुई जब चकरपुर कदीम निवासी रघुनाथ सिंह किसी आवश्यक कार्य से शाहबाद आ रहे थे। शाहबाद की ओर से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।टक्कर मारने के बाद अज्ञात बाइक सवार मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने घायल रघुनाथ सिंह को देखा और तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया। डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया।

# बालाजी जन्मोत्सव पर भक्ति का माहौल, सात हनुमान चालीसा पाठ के साथ भजन-कीर्तन आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** अग्रवाल धर्मशाला मंदिर में आज बालाजी जन्मोत्सव बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय जाग्रति हिंदू महासंघ के तत्वावधान में सात हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति का माहौल रहा और श्रद्धालु भजन-कीर्तन में झूमते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान भगवान बालाजी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई और प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इस मौके पर कंचन सक्सेना, सुमन गुप्ता, जया गुप्ता, वीरांगना मांगलिक, रेनू सक्सेना, सीमा शर्मा, संगीता अग्रवाल, पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा (पुजारी), पंडित सत्यम शर्मा (पुजारी), पंडित ललित मोहन शर्मा, संजय शर्मा, रंजीत कौर, राज बाला, अन्नू मिश्रा (पुजारी), सरिता, दीपा, ममता, विशाल गुप्ता, राजेन्द्र अग्रवाल और पंडित भगवान दास शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता और आस्था को बल मिलता है।

# SRH ने KKR के सामने रखा बड़ा लक्ष्य

### हैदराबाद ने अभिषेक, हेड़ व क्लासेन दम पर बनाएं 226 रन जवाब में केकेआर की भी तेज शुरूआत

**कोलकाता, वार्ता।** आईपीएल के 7वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 227 रन का टारगेट दिया। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में केकेआर ने बालिंग चुनी। एसआरएच ने पावरप्ले में 84 रन बनाने के बाद 10 ओवर तक 4 विकेट गंवा दिए। हेनरिक क्लासन ने फिफ्टी लगाकर टीम को 226 तक पहुंचा दिया। कोल. काता से ब्लेसिंग मुजरबानी ने 4 विकेट लिए।

कोलकाता ने 1.3 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 30 रन बना लिए हैं। टीम से अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंशी पिच पर हैं। फिन एलन 28 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें हर्ष दुबे ने



पवेलियन भेजा। सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 226 रन बना लिए। यह इस सीजन का बेस्ट स्कोर है। इससे पहले मुंबई इंडियंस ने एसआरएच के खिलाफ ही 224 रन बनाए थे। एसआरएच से हेनरिक क्लासन ने 52, नीतीश रेड्डी ने 39, अभिषेक शर्मा ने 48 और ट्रैविस हेड ने 46 रन बनाए। कोलकाता के लिए ब्लेसिंग मुजरबानी ने 4 और वैभव अरोड़ा ने 2 विकेट लिए। कार्तिक त्यागी और अनुक. ूल राय को 1-1 विकेट मिला। 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर ब्लेसिंग मुजरबानी ने शिवांग कुमार को कैच करा दिया। यह उनका चौथा विकेट रहा। उन्होंने हेनरिक क्लासन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन को भी पवेलियन भेजा। आखिरी ओवर में हेनरिक क्लासन ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने तीसरी गेंद पर स्क्वेयर लेग की दिशा में चौका लगाया और 34 गेंद पर हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। अगली ही गेंद पर वे कैच भी हो गए। 19वें ओवर में वैभव अरोड़ा ने 2 विकेट झटक लिए। उन्होंने पहली गेंद पर नीतीश रेड्डी को वरुण चक्रवर्ती के हाथों कैच कराया। रेड्डी ने 39 रन बनाए। अगली ही गेंद पर वैभव ने सलिल अरोड़ा को बोल्ड भी कर दिया। 18 ओवर के बाद हैदराबाद ने 200 रन पूरे कर लिए। नीतीश रेड्डी ने कार्तिक त्यागी के खिलाफ ओवर की आखिरी गेंद पर सिंगल लिया और टीम की डबल सेंचुरी पूरी करा दी। नीतीश रेड्डी और हेनरिक क्लासन ने 5वें विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। टीम ने 10वें ओवर में 118 रन के स्कोर पर चौथा विकेट गंवा दिया था। रेड्डी और क्लासन ने यहां से 15 ओवर में टीम का स्कोर 168 रन तक पहुंचा दिया। 14वें ओवर में सनराइजर्स हैदराबाद ने 150 रन पूरे कर लिए। टीम ने 9वें और 10वें ओवर में 3 विकेट गंवा दिए थे। यहां से हेनरिक क्लासन और नीतीश रेड्डी ने पारी संभाल ली।



**KKR के खिलाफ अपनी 48 रनों की धुआंधार पारी के दौरान शॉर्ट खेलते हैदराबाद के अभिषेक शर्मा।**

---

**खेल विशेष**

### भूटान को 5.0 से रौंद कर भारत सैफ अंडर-20 चैपिंयनशिप के फाइनल में

**माले (मालदीव), वार्ता।** भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भूटान को 5.0 से हराकर सैफ अंडर 20 चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है। जहां उसका मुकाबला बंगलादेश से होगा। नेशनल स्टेडियम में बुधवार रात खेले गए मुकाबले में मौजूदा चैंपियन टीम ने रफ्तार, सटीकता और जबरदस्त फिनिशिंग से भरा एक शानदार प्रदर्शन किया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम का शुक्रवार को बंगलादेश के खिलाफ फाइनल मुकाबला तय हो गया, क्योंकि दूसरे सेमीफाइनल में बंगलादेश ने नेपाल को 1-0 से हराया था। मैच में रोहेन सिंह चापामयुम सबसे बेहतरीन खिलाड़ी बनकर उभरे। उन्होंने 56वें और 57वें मिनट में दो गोल किए और भारत के आक्रामक खेल में अहम भूमिका निभाई।

### आदित्य एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में

**उलानबटार, वार्ता।** भारतीय बॉक्सर आदित्य प्रताप यादव ने गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में पुरुों के 65किग्रा भार वर्ग के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। आज यहां खेले गए मुकाबले में आदित्य ने सऊदी अरब के मूसा अलहवसाव को 5.0 से हराया। अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए उनका मुकाबला उज्बेकिस्तान के अब्दुल्लोह मदामिनोव से होगा। अब तक, विश्वनाथ सुरेश (पुरु 50किग्रा), सचिन (पुरु 60किग्रा), प्रिया (महिला 60किग्रा), प्रीति पंवार (महिला 54किग्रा) और दीपक (पुरु 70किग्रा) ने एशियन बॉलक्सग चैंपियनशिप 2026 में अपने शुरुआती दौर के मुकाबले जीत लिए हैं। जादुमणि सिंह (पुरु 55किग्रा) टूर्नामेंट में अपना मैच पहले ही हार गए थे। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले, ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75किग्रा) और पूर्व विश्व चैंपियन निखत जरीन (51किग्रा) को उनके शुरुआती दौर में 'बाय' (सीधे अगले दौर में प्रवेश) दिया गया था।

---

## फीफा रैंकिंग में फ्रांस नंबर वन पर पहुंचा

**(स्विट्जरलैंड), वार्ता।** मार्च महीने के अंतर्राष्ट्रीय मैचों में शानदार प्रदर्शन करे हुए फांस लगभग आठ साल में पहली बार फीफा विश्व रैंकिंग में शीर्ा पर वापस आ गया है। फीफा रैंकिंग की ताजा अपडेट के अनुसार ब्राजील और कोलंबिया पर दोस्ताना मैचों में जीत ने फांस को स्पेन और अर्जेंटीना से ऊपर पहुंचा दिया। 'लेस ब्लूज' (फांस की टीम) ने सितम्बर 2018 के बाद पहली बार शीर्ा स्थान हासिल किया है।

शीर्ा तीन टीमों के बीच अंकों का अंतर बहुत कम था, जिससे मुकाबला काफी कड़ा रहा। स्पेन, जो सितम्बर 2025 से शीर्ा पर था, िम्र के साथ गोल रहित ड्रॉ खेलने के बाद दूसरे स्थान पर खिसक गया, जबकि विश्व चैंपियन अर्जेंटीना तीसरे स्थान पर आ गया। इंग्लैंड चौथे स्थान पर बना हुआ है, जबकि पुर्तगाल अपने हालिया मैचों में एक जीत और एक ड्रॉ हासिल करने के बाद ब्राजील से आगे निकलकर पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। उसे ब्राजील की फांस के हाथों हार का फायदा मिला। शीर्ा 10 में बाकी टीमों की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है( नीदरलैंड, मोरक्को, बेल्जियम और जर्मनी अपने-अपने स्थानों पर बने हुए हैं। मोरक्को 1,755-87 अंकों के साथ रैंकिंग में आठवें स्थान पर बना हुआ है, और अफीका की सबसे ऊंची रैंक वाली टीम के रूप में अपना दर्जा बरकरार रखे हुए है।

---

## पंजाब किंग्स का हरफनमौला संतुलन रंग लाएगा

### सीएसके की शुरुआती सीजन की निराशा के बीच आज होगी चिदंबरम स्टेडियम में जंग

**चेन्नई, वार्ता।** पंजाब किंग्स का हरफनमौला संतुलन बनाम चेन्नई सुपर किंग (सीएसके) की शुरुआती सीजन की निराशा के बीच एम चिदंबरम स्टेडियम में जंग होगी। यह मुकाबला आईपीएल 2026 में दोनों टीमों के पिछले मैचों की लय, खिलाड़ियों की व्यक्तिगत फॉर्म और अहम प्रदर्शनों से तय होगा।

पंजाब किंग्स अपने शुरुआती मैच में एक आत्मविश्वास भरी जीत के बाद इस मुकाबले में उतर रही है, जहां कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया था। कूपर कोनोली ने 44 गेंदों में 72 रनों की संयमित और नाबाद पारी खेलकर सबका ध्यान खींचा। उन्होंने लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम को संभाला और दबाव भरे हालात में स्थिरता बनाए रखी। प्रभसिमरन सिंह ने पारी की शुरुआत में 24 गेंदों में 37 रनों की तेज पारी खेलकर टीम को आक्रामक शुरुआत दी, जिससे पंजाब को पारी की शुरुआत में ही अच्छी लय मिल गई। कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी 11 गेंदों में 18 रनों की तेज पारी खेली। उन्होंने एक मजबूत स्ट्राइक रेट बनाए रखा और लक्ष्य का पीछा करते समय टीम को सही रास्ते पर बनाए रखने में मदद की। गेंदबाजी के मोर्चे पर भी पंजाब के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन किया। विजयकुमार वैशाख सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने अपने चार ओवरों में 34 रन देकर 3 विकेट लिए और सही समय पर विकेट लेकर विपक्षी टीम पर दबाव बनाया। युजवेंद्र चहल ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए 28 रन देकर 2 विकेट लिए, उन्होंने बीच के ओवरों में विकेट लेकर विपक्षी टीम की रन गति पर लगाम कसी। मार्को जानसेन ने भी 20 रन देकर 1 विकेट लेकर प्रभावित किया, उन्होंने कसी हुई गें. दबाजी करते हुए डॉट गेंदों के जरिए विपक्षी टीम पर दबाव बनाया। दूसरी ओर, चेन्नई सुपर किंग्स अपने निराशाजनक शुरुआती मैच की हार से उबरने की कोशिश कर रही है, जहां उनकी बल्लेबाजी क्रम सामूहिक रूप से अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहा था। जेमी ओवरटन टीम के लिए कुछ सकारात्मक पहलुओं में से एक रहे। उन्होंने 36 गेंदों में 43 रन बनाए और टीम के विकेटों के लगातार गिरने के बावजूद पारी को संभाले रखा। कार्तिक शर्मा ने 15 गेंदों में 18 रन बनाए, जबकि सरफराज खान ने 12 गेंदों में 17 रन जोड़े, लेकिन कोई भी बल्लेबाज अपनी अच्छी शुरुआत को एक बड़े स्कोर में नहीं बदल पाया। गेंदबाजी की बात की जाये तो अंशुल कंबोज ने कुछ हद तक विरोध किया और अपने 3 ओवरों में 27 रन देकर 2 विकेट लिए, एक मुश्किल मैच में सीएसके के लिए वह सबसे असरदार गेंदबाजों में से एक साबित हुए। हालांकि, कुल मिलाकर गेंदबाजी में वह धार नहीं दिखी, क्योंकि विरोधी टीम ने आसानी से लक्ष्य का पीछा कर लिया। इससे सीएसके की कुछ कमजोरियां सामने आ गईं, जिन पर वे इस मैच में सुधार करने की कोशिश करेंगे। दोनों टीमें अलग-अलग तरह की फॉर्म और व्यक्तिगत प्रदर्शन के साथ इस मुकाबले में उतर रही हैं, इसलिए पंजाब किंग्स अपने फॉर्म में चल रहे खिलाड़ियों और संतुलित गेंदबाजी आक्रमण पर निर्भर रहेगी। वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स अपने सीनियर खिलाड़ियों जिनमें ऋतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन शामिल हैं से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी, ताकि वे अपने घरेलू मैदान पर टीम की स्थिति को मजबूत कर सकें।

---

## ओडिशा ने जीते खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में महिला व पुरुष वर्ग के खिताब

**रायपुर, वार्ता।** ओडिशा ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में पुरु और महिला दोनों वर्गों में हॉकी का स्वर्ण पदक जीतकर अपने दबदबे को साबित किया। रायपुर के वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में पुरु टीम ने झारखंड को 4-1 से हराया,

जबकि महिला टीम ने रोमांचक मुकाबले में मिजोरम को 1-0 से मात दी। पुरु वर्ग में झारखंड को रजत और छत्तीसगढ़ को कांस्य मिला, जबकि महिला वर्ग में झारखंड ने कांस्य पदक हासिल कर पोडियम पूरा किया। आज यहां खेले गए मुकाबलों में ओडिशा की पुरु टीम ने फाइनल में झारखंड को 4-1 से हराया, जबकि महिला टीम ने कड़े मुक. ाबले में मिजोरम को 1-0 से परा. जित किया। झारखंड और छत्तीसगढ़ की टीमें भी पोडियम




तक पहुंचीं, जो इन क्षेत्रों से उभरती प्रतिभा की गहराई को दर्शाता है। लेकिन पदकों से आगे बढ़कर असली कहानी उन गांवों, जंगलों और समुदायों में छिपी है, जहां हॉकी पहचान और अवसर दोनों बन चुकी है। रायपुर में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में ओडिशा की यह दोहरी स्वर्णिम सफलता केवल एक खेल उपलब्धि नहीं, बल्कि यह इस बात का सशक्त उदाहरण है कि कैसे हॉकी ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ के जनजातीय क्षेत्रों में जीवन को नई दिशा दे रही है। खेल प्रतिभा के भंडार माने जाने वाले पूर्वोत्तर राज्यों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जहां मिजा. ेरम की टीम ने फाइनल तक जगह बनाई। दशकों से हॉकी जनजातीय संस्कृति का हिस्सा रही है। बच्चे पेड़ की टहनियों से स्टिक बनाकर ऊबड़-खाबड़ मैदानों पर नंगे पांव खेलते हैं। प्रतिभा हमेशा मौजूद थी, लेकिन उसे आगे बढ़ाने का रास्ता नहीं था-जो अब बदल रहा है। केंद्रीय खेल मंत्रालय और राज्यों द्वारा संचालित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, बेहतर बुनियादी ढांचे और संगठित जमीनी कार्यक्रमों के चलते अब एक मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित हो रहा है। 1992 बार्सिलोना ओलंपिक में भारतीय टीम का हिस्सा रहे पूर्व ओलंपियन अजीत लकड़ा, जो वर्तमान में बिलासपुर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के मुख्य कोच हैं, इस बदलाव को करीब से देख रहे हैं।

---

## ऊंचे स्तर पर खेलते समय दबाव हमेशा रहता है: किरण

**रायपुर, वार्ता।** जब खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के सेमीफाइनल में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट के दौरान किरण पिस्दा ने गोलकीपिंग के दस्ताने पहने, तब वह अपने अब तक के अनुभवों पर भरोसा कर रही थीं।

उन अनुभवों पर, जिन्होंने चुनौतियों और निराशाओं के बीच उन्हें और अधिक मजबूत बनाया। दबाव को संभालना किरण की पहचान बन चुका है। चाहे टीम में जगह के लिए प्रतिस्पर्धा हो या अहम मैचों में प्रदर्शन, उन्होंने खुद को संयमित रखना सीख लिया है। वह कहती हैं कि ऊंचे स्तर पर खेलते समय दबाव हमेशा रहता है। आपको उसे संभालना सीखना पड़ता है। 24 साल की उम्र में किरण अपने खेल कौशल के शिखर पर नजर आती हैं। वह यूरोप में लीग फुटबॉल खेल चुकी हैं और अब बड़े अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की दहलीज पर हैं। हालांकि, उनका यह सफर बिल्कुल आसान नहीं रहा, भले ही उन्हें स्कूल और परिवार से शुरुआती समर्थन मिला। उनके भाई गिरीश पिस्दा, जो खुद राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं, उनके लिए प्रेरणा बने।

किरण ने साई मीडिया से कहा कि मुझे स्कूल में काफी सपोर्ट मिला। वहीं से मुझे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के मौके मिले और हर चयन के साथ मेरा आत्मविश्वास बढ़ता गया। इसके बाद किरण शारीरिक शिक्षा में डिग्री हासिल करने के लिए रायपुर आईं। छत्तीसगढ़ महिला लीग के दौरान उन्होंने चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा और उन्हें राष्ट्रीय शिविर के लिए बुलावा मिला। किरण बताती हैं कि उस समय मैं शारीरिक रूप से उतनी फिट नहीं थी और मेरा मानसिक स्तर भी सीनियर खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार नहीं था। मुझे एहसास हुआ कि वहां जो अनुभव मिला है, उस पर मुझे काम करना होगा। इसके बाद उनके जीवन में आत्म-सुधार का एक कठिन दौर शुरू हुआ। उन्होंने अपनी फिटनेस पर काम किया, मैचों का विश्लोण करना शुरू किया और अपनी पोजशिनल समझ को बेहतर बनाया। लेकिन सबसे बड़ा बदलाव उनकी मानसिकता में आया। उन्होंने कहा कि मैंने खुद से कहा कि चाहे कुछ भी हो जाए, मैं नकारात्मक नहीं सोचूंगी। अगर आप नकारात्मक हो जाते हैं, तो उसका सीधा असर आपके प्रदर्शन पर पड़ता है। जब भी मुझे लगता है कि मैं अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हूं या मन खराब होता है, तो मैं उनसे बात करती हूं। वह हमेशा मुझे सकारात्मक रहने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

---

## रासी वैन डेर डुसेन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा

**केप टाउन, वार्ता।** दक्षिण अफीका के बल्लेबाज रासी वैन डेर डुसेन ने सभी फॉर्मेट में खेलने के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने दो अप्रैल को अपने इस फैसले की पुटि की। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर एक दिल को छू लेने वाला संदेश साझा करते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी यात्रा को याद किया।

वैन डेर डुसेन ने नौ अक्टूबर, 2018 को जिम्बाब्वे के खिलाफ एक टी-20 मैच में अपना डेब्यू किया था और इसके बाद उन्होंने दक्षिण अफीका के लिए तीनों फॉर्मेट में खेला।

उन्होंने अपने करियर में 57 टी-20, 71 एकदिवसीय और 18 टेस्ट मैच खेले। उन्होंने आखिरी बार अंतर्राष्ट्रीय मैच 16 अगस्त, 2025 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 खेला था। उनके बेहतरीन




प्रदर्शनों में से एक आईसीसी पुरु क्रिकेट विश्व कप 2023 में देखने को मिला,

जहां उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ एक शानदार शतक (133 रन) बनाया था।

---

## देबी डायमारी ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में जीता रजत

**अंबिकापुर, वार्ता।** 'जब हालात मुश्किल होते हैं, तो मजबूत लोग आगे बढ़ते हैं- यह एक मशहूर कहावत है जो खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करने की ललक को बयां करती है। असम की महिला पहलवान देबी डायमारी की कहानी बाधाओं को पार करने की इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। उनकी मेहनत रंग लाई ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में रजत पदक जीता। असम के गोलाघाट जिले के सिसुपानी स्थित दिनेशपुर गांव की रहने वाली 28 वीर्य देबी ने सात साल की उम्र में ही अपने माता-पिता को खो दिया था।

इसके बाद उन्हें अपने चाचा-चाची के साथ रहना पड़ा और आर्थिक तंगी के चलते अपनी ट्रेलनग जारी रखने के लिए उन्हें छोटे-मोटे काम भी करने पड़े। और आखिरकार देबी को उन सभी प्रयासों का फल तब मिला, जब उन्होंने यहां 'खेलो इंडिया



ट्राइबल गेम्स' में महिलाओं की 62 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता। बोडो ट्राइब से आने वाली देबी कहती हैं, इस पदक के पीछे मेरी कड़ी मेहनत है। मैंने चार साल पहले ही 2022 में गोलाघाट जिले के बोकाखात में काजीरंगा के बगल में खेलो इंडिया सेंटर में कुश्ती शुरू की थी। इसमें प्रैक्टिस करने के लिए मुझे सेंटर के आसपास रूम लेकर रहना पड़ा। रूम का 1000 रुपया किराया देने के लिए मेरे पास पैसे नहीं थे, इसलिए मुझे एक साल तक पार्ट टाइम जॉब भी करना पड़ा। उन्होंने कहा कि पहले तो मुझे 2022 में 2500 रुपये मासिक वेतन पर ईजी बाजार (बोकाखात) स्टोर में काम करना पड़ा और फिर 2023 में काजीरंगा में स्थित बोन विला रिसॉर्ट में करीब 7000 रुपये के मासिक वेतन पर जॉब करना पड़ा। वहां पर मैं स्वीलमग पूल की देखभाल और सफाई करती थीं। सारा दिन काम करने के बाद शाम को सिर्फ दो घंटे के लिए मैं कुश्ती की प्रैक्टिस कर पाती थी। मैंने जितना भी किया, उसके बदले मुझे ये रजत मिला। लेकिन मैं इससे संतुट नहीं हूं और मैं अब और कड़ी मेहनत करके आगे गोल्ड जीतना चाहती हूं। कुश्ती में मैट पर उतरने से पहले देबी पॉवरलिफ्टंग और आर्म रेसलिंग करती थीं।

लेकिन साल 2022 में उनकी मुलाकात असम टीम के कोच अनुस्तूप नाराह से हुई, जिनके मार्गदर्शन में रहकर वह कुश्ती की दांव पेंच सीखी हैं। कोच अनुस्तूप कहते हैं, " 2022 में जब बोकाखात में पंजा टूर्नामेंट हुआ था तो उस दौरान वह मुझे मिली और मैंने उन्हें देखते ही कह दिया कि तुम रेसलिंग करो। उसने सोच विचार के बाद मुझे हां- कह दिया और फिर मैंने उन्हें सबसे पहले सेंटर के पास ही रहने के लिए कहा ताकि ट्रेलनग के लिए पर्याप्त समय मिल सके। वह बोली कि सर यहां तो रूम लेकर रहना पड़ेगा और मेरे पास इतने पैसे तो नहीं है। फिर मैंने गोलाघाट जिले के कुश्ती सहायक सचिव से कहकर देबी को काम दिलवाया और एक साइकिल भी दिलवाई। देबी उसी साइकिल से जॉब करने लगी और फिर वह सेंटर के पास रहकर ही प्रैक्टिस भी करने लगी। देबी की पिछले साल ही शादी हुई है और उनका पति बेंगलोर में प्राइवेट नौकरी करता है। वह कहती हैं," ससुराल वाले मुझे हर तरह से बहुत सपोर्ट करते हैं।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ट्रम्प का संबोधन

अपने तय कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार की सुबह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने राष्ट्र को संबोधित किया। उनके संबोधन पर पूरी दुनिया की नजर लगी थी, क्योंकि वह अपना संबोधन उस समय कर रहे थे, जब ईरान के साथ जारी युद्ध को करीब 34 दिन हो गए हैं। पिछले दिनों जिस तरह की खबरें आ रही थीं, लोगों को उम्मीद थी कि शायद वह अपने संबोधन में ऐसा कुछ कहेंगे, जिससे यह युद्ध समाप्त होने में मदद मिलेगी। यकीनन ऐसी उम्मीद रखने वाले लोगों को निराशा हाथ लगी है, क्योंकि ट्रम्प ने 3-4 सप्ताह तक ईरान पर गंभीर हमले की बात कही है। अमेरिकी राष्ट्रपति अपने विवादास्पद दावों को लेकर जाने जाते हैं। अपने संबोधन में भी वह अपनी इस आदत के अनुसार भ्रम की स्थिति फैलाते दिखाई दिए। ट्रम्प का कहना था कि अमेरिकी सेना ने ज्यादातर लक्ष्य हासिल कर लिए हैं और ईरान की वायु व जल सेना को पंगु बना दिया है। अब सवाल है कि अगर ईरान की सेना को पंगु बना दिया है तो उस पर हमले भयंकर हमले क्यों करने चाहिएं वह तो खुद ही घुटनों में आ जाना चाहिए। होर्मुज को लेकर जिस तरह ईरान तेवर दिखा रहा है, उससे तो कहीं भी नहीं लगता कि उसकी जल व वायु सेना में कमी आती दिखाई दे रही है। अपने संबोधन में ट्रम्प यह कहने से भी नहीं चूके कि मध्य पूर्व में हम अपने लिए नहीं बल्कि अपने सहयोगियों के हितों की रक्षा के लिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उन्हें मध्य पूर्व से तेल की कोई जरूरत नहीं है। अमेरिका के पास बहुत तेल है। न ही होर्मुज की उन्हें कोई जरूरत है। जिन्हें जरूरत है, उनको जाकर रास्ता खुलवाना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति यह कहते भी दिखाई दिए कि ईरान ने उनसे युद्ध विराम की मांग की है। जिस तरह तेहरान ने उनके तमाम दावों को तुरंत खारिज किया है, निश्चित रूप से यह ट्रम्प की साख के लिए बड़ा झटका होना चाहिए। ईरान के राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान की जनता का अमेरिका, यूरोप व पड़ोसी देशों से कोई बेर नहीं है और अमेरिकी नागरिकों से अपील की है कि वह युद्ध जारी रखने के पीछे ट्रम्प के उद्देश्यों पर सवाल उठाएं। वहीं ईरानी विदेश मंत्री अरागची का कहना है कि अमेरिका से संदेश मिला जरूर है, लेकिन बातचीत को लेकर भरोसा शून्य बना हुआ है। कुल मिलाकर देखा जाए, तो ट्रम्प ने वही बात अपने संबोधन में कही है जो वह पिछले दिनों से कहते आ रहे हैं, उन्होंने नया कुछ भी नहीं कहा। वह इस बात का भी जवाब नहीं दे सके, जो खुद उनके देश में उठ रही है कि आखिर ईरान अमेरिका के लिए खतरा कैसे है। न ही वह अमेरिकी व विश्व की जनता को किसी तरह का भरोसा दिला सके, जिससे लगे कि विकराल रूप लेती यह जंग किसी तरह खत्म हो, बल्कि और भड़काने की बात करते दिखाई दिए। उनका कुल भाषण यह बताता है कि वास्तव में ट्रम्प को अब कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है और वह युद्ध में पूरी तरह उलझ गए हैं।

## पूर्व सैनिकों की उपेक्षा कर रही मोदी सरकार



मोदी सरकार पूर्व सैनिकों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है, जिसके कारण उनका संकट लगातार गहराता जा रहा है, सरकार उन पूर्व सैनिकों की उपेक्षा कर रही है, जिन्होंने देश की सेवा की है। सरकार को पूर्व सैनिकों को वह सारी सुविधाएं देनी चाहिए जिसके वे हकदार हैं, जनसंसद में कुछ दिन पहले देश की रक्षा में घायल होने वाले पूर्व सैनिकों से मुलाकात हुई, उन्होंने एक्स सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ईसीएचएस) में प्रतिपूर्ति में देरी, दवाइयों की कमी, अस्पतालों का इलाज से इनकार या बकाया राशि का भुगतान नहीं होने के कारण योजना से बाहर हो जाने जैसी गंभीर कमियों के बारे में बताया, 72 लाख से भी अधिक पूर्व सैनिक और उनके परिवार अपनी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इस योजना पर निर्भर हैं।

–राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा

# सुधार या बोझ? आम आदमी की जेब पर लगातार पड़ता भार

## नए वित्तीय वर्ष, नई मुश्किलें, खर्च बढ़े, राहत नहीं




देश में कई फैसले ऐसे होते हैं, जो कागज पर छोटे दिखते हैं, लेकिन उनका असर सीधे रसोई, सड़क और जेब तक पहुंचता है। 1 अप्रैल 2026 भी ऐसी ही तारीख बन गई। नए वित्तीय वर्ष के पहले ही दिन आम आदमी पर तीन तरफ से बोझ डाला गयाकृनया इनकम टैक्स कानून, ई20 पेट्रोल का अनिवार्य उपयोग और फास्टैग का महंगा वार्षिक पास। सरकार इन बदलावों को सुधार कह रही है, लेकिन असली असर वही मध्यम वर्ग झेल रहा है, जो पहले से महंगाई, किस्तों और रोजमर्रा के खर्चों में फंसा हुआ था। यह सिर्फ नियमों में बदलाव नहीं, बल्कि आम आदमी की आय स्थिर रहकर खर्चों के बढ़ते दबाव का नया दौर है।

सबसे बड़ा बदलाव नए इनकम टैक्स एक्ट 2025 के रूप में आया है। छह दशक पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 को हटाकर नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। दावा है कि इससे टैक्स सिस्टम आसान, पारदर्शी और आधुनिक बनेगा। कागजों पर राहत भी दिखती है। बच्चों का शिक्षा भत्ता 100 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये प्रतिमाह, हॉस्टल भत्ता 300 से 9000 रुपये और भोजन भत्ता व गिफ्ट लिमिट भी कई गुना बढ़ाई गई है। पहली नजर में यह राहत का पैकेज लगता है, लेकिन असलियत अलग है। इन बढ़ी हुई सीमाओं के साथ शर्तें और कागजी बोझ भी बढ़ गया है। नतीजा यह कि कर्मचारी को राहत कम और उलझन ज्यादा मिल रही है।

नए टैक्स नियमों ने नौकरीपेशा वर्ग के लिए कुछ राहत के साथ कागजी अनुपालन भी बढ़ाया है। अब एचआरए क्लेम के लिए मकान मालिक का पैन और किराए की रसीद जैसे दस्तावेज अनिवार्य हो गए हैं। दस लाख रुपये से अधिक के हर लेन-देन पर भी पैन अनिवार्य कर दिया गया है। फॉर्म 16 की जगह नई अनुपालन प्रक्रिया और फॉर्म लागू हो गए हैं, जिन्हें समझने में कर्मचारियों को परेशानी हो रही है। सबसे बड़ी परेशानी पुरानी और नई टैक्स व्यवस्था के बीच चुनाव को लेकर है। आम कर्मचारी तय नहीं कर पा रहा कि किसमें बचत है और किसमें ज्यादा टैक्स। जिसे आसान और पारदर्शी व्यवस्था कहा गया था, वह अब सलाहकारों, चार्ट और कैलकुलेटर के बिना समझ में नहीं आती। सुधार के नाम पर उलझन और बढ़ गई है। टैक्स के बाद दूसरा बड़ा झटका ई20 पेट्रोल ने दिया है। 1 अप्रैल से देश के हर पेट्रोल पंप पर 20 प्रतिशत एथनॉल मिला पेट्रोल ही बिक रहा है। सरकार इसे तेल आयात घटाने, विदेशी मुद्रा बचाने, प्रदूषण कम करने और किसानों की आय बढ़ाने वाला कदम बता रही है। मंशा पर सवाल नहीं, लेकिन मुश्किल वहां शुरू होती है जहां यह फैसला आम आदमी की गाड़ी से टकराता है। देश में लाखों कारें और बाइक पांच-दस साल पुरानी हैं। उनके मालिक अब डर रहे हैं कि कहीं ई 20 पेट्रोल से इंजन पर असर न पड़े, माइलेज न घट जाए और मरम्मत का नया खर्च न जुड़ जाए। अगर गाड़ी ई 20 के अनुकूल नहीं हुई, तो उसकी कीमत आखिर किसकी जेब से निकलेगी? विशेषज्ञ चेतावनी दे चुके हैं कि ई 20 पेट्रोल से पुरानी गाड़ियों का माइलेज घट सकता है, इंजन पर दबाव बढ़ सकता है और तकनीकी बदलाव की जरूरत पड़ सकती है। पेट्रोल की कीमत भले न बढ़े, वास्तविक खर्च बढ़ जाएगा। माइलेज घटने से महीने के अंत तक कई सौ रूपए अतिरिक्त खर्च होंगे। रोज दफ्तर जाने वाले कर्मचारी, टैक्सी चालक, डिलीवरी कर्मी और छोटे व्यापारी सबसे पहले प्रभावित होंगे। सीमित आय वाले परिवारों के लिए यह नया खर्च बड़ी समस्या बन सकता है। सरकार ने फैसला लागू कर दिया, लेकिन पुराने वाहनों वाले लाखों परिवारों की तैयारी नहीं हुई। सड़क पर निकलने वालों के लिए सबसे तात्कालिक झटका फास्टैग के नए नियमों ने दिया है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने फास्टैग के वार्षिक पास की कीमत 3000 रुपये से बढ़ाकर 3075 रुपये कर दी है। सुनने में यह केवल 75 रुपये की बढ़ोतरी लगती है, लेकिन असली बोझ इससे कहीं बड़ा है। अब 'वन व्हीकल, वन फास्टैग' नियम पहले से सख्ती से लागू है और नकद भुगतान लगभग खत्म हो चुका है। खाते में बैलेंस कम हुआ, तो टोल प्लाजा पर गाड़ी रुक सकती है। अब हर सफर मोबाइल, बैंक खाते और नेटवर्क पर ज्यादा निर्भर हो गया है। यानी अब सड़क पर निकलने से पहले गाड़ी नहीं, फास्टैग का सक्रिय होना ज्यादा जरूरी हो गया है। इन तीनों बदलावों की सबसे बड़ी मार मध्यम वर्ग पर पड़ेगी। सीमित आय वाले एक सामान्य परिवार की जेब पर अब हर महीने 800 से 1200 रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। नए टैक्स नियम बचत घटाएंगे, ई 20 पेट्रोल रोज की यात्रा महंगी करेगा और फास्टैग हर सफर को ज्यादा खर्चीला बना देगा। यही वह वर्ग है, जो पहले ही बच्चों की फीस, राशन, बिजली बिल और ईएमआई के बीच जूझ रहा है। न उसे सरकारी राहत मिलती है, न बढ़ती महंगाई से बचने का रास्ता। इसलिए सरकार जिन कदमों को सुधार कह रही है, वे आम आदमी को जेब पर लगातार पड़ते वार जैसे लग रहे हैं। किसी भी सुधार का मूल्य उसके उद्देश्य से नहीं, बल्कि उसके प्रभाव से तय होता है। टैक्स व्यवस्था को आधुनिक बनाना, तेल पर निर्भरता घटाना और टोल को डिजिटल करना जरूरी हो सकता है, लेकिन बिना तैयारी और विकल्प के लागू किए गए बदलाव सुधार नहीं, बोझ बन जाते हैं। 1 अप्रैल 2026 ने यही सच्चाई सामने रखी। इस दिन देश ने कोई नई शुरुआत नहीं, बल्कि यह महसूस किया कि आने वाले समय में आम आदमी को अपनी कमाई से ज्यादा अपने बढ़ते खर्चों की चिंता करनी होगी।



कृति आरके जैन

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बलिदान से जन्मी रोशनी: गुड फ्राइडे का शाश्वत संदेश

**कहा जाता है कि पुनर्जीवित होने के बाद ईसा ने लगभग 40 दिनों तक अपने शिष्यों और अनुयायियों को दर्शन दिए, उन्हें सत्य, प्रेम और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। ईस्टर की आराधना विशेष रूप से उषाकाल में की जाती है। मान्यता है कि पुनरुत्थान का यह चमत्कार प्रातःकाल ही हुआ था और सबसे पहले मरियम मदीलिनी ने ईसा को जीवित देखा था। यह प्रसंग इस तथ्य को भी उजागर करता है कि सत्य और आस्था का प्रकाश सबसे पहले उन हृदयों में जागृत होता है, जो श्रद्धा और विश्वास से परिपूर्ण होते हैं।**



योगेश कुमार गोयल

ईशु ईसा मसीह के बलिदान और उनकी शिक्षाओं को याद करने का दिन है गुड फ्राइडे। दरअसल ईसा मसीह ने मानवता की भलाई के लिए बलिदान दिया। ईसाई मान्यता के अनुसार दुनिया को प्रेम, दया, करुणा, परोपकार, अहिंसा, सद्व्यवहार और पवित्र आचरण का संदेश देने वाले ईशु को इसी दिन उस जमाने के धार्मिक कट्टरपंथियों द्वारा क्रॉस पर चढ़ाया गया था।

जिस दिन ईसा मसीह ने प्राण त्यागे थे, उस दिन शुक्रवार था और इसी याद में गुड फ्राइडे मनाया जाता है। ईस्टर के रविवार से पहले पड़ने वाले शुक्रवार को मनाया जाता है और इस वर्ष गुड फाइडे 3 अप्रैल को मनाया जा रहा है। ईसाई समुदाय द्वारा इस त्यौहार को शोक के रूप में मनाया जाता है। गुड फ्राइडे को ईशु द्वारा मानवता की भलाई के लिए दिए बलिदान के रूप में देखा जाता है। गुड फ्राइडे के दिन गिरजाघरों में घंटा नहीं बजाया जाता बल्कि लकड़ी के खटखटे बजाए जाते हैं और लोग चर्च में क्रॉस को चूमकर ईशु का स्मरण करते हैं। कुछ स्थानों पर लोग काले कपड़े पहनकर प्रभु ईशु के बलिदान दिवस पर शोक भी व्यक्त करते हैं और ईशु से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। ईसा मसीह के सूली पर चढ़ाए जाने की याद में इस दिन उनके अनुयाई समस्त लौकिक सुविधाओं का त्याग कर देते हैं। इस दिन चर्च और घरों से सजावटी वस्तुएं हटा दी जाती हैं या उन्हें कपड़े से ढ़क दिया जाता है। कैथोलिकों द्वारा शुरू की गई प्रथा के अनुसार गुड फाइडे के ठीक 40 दिन पहले आने वाले बुधवार से ईसाई समुदाय में प्रार्थना और उपवास प्रारंभ हो जाते हैं। इस बुधवार को 'राख का बुधवार' कहा जाता है। उपवास के दौरान लोग केवल शाकाहारी और सात्विक भोजन करते हैं। माना जाता है कि ईशु ने मानव सेवा प्रारंभ करने से पहले चालीस दिन तक व्रत किया था और संभवतः इसीलिए उपवास की यह परम्परा शुरू हुई।

इस दिन दुनियाभर के ईसाई सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देने के लिए चर्च में चंदा या दान देते हैं। ईसाई धर्म में ईसा मसीह को परमेश्वर का पुत्र माना जाता है। उन्होंने लोगों को क्षमा, शांति, दया, करूणा, परोपकार, अहिंसा, सद्व्यवहार और पवित्र आचरण का उपदेश दिया और उनके इन्हीं सद्गुणों के कारण लोग उन्हें शांति दूत, क्षमा मूर्ति और महात्मा कहकर पुकारने लगे थे। कहा जाता है कि वे यरूशलम के गैलिली प्रांत में लोगों को मानवता, सत्य, एकता, प्रेम, अहिंसा और शांति का उपदेश दिया करते थे। उनके संदेश दूर-दूर तक फैलने लगे और उनके विचारों को लोग अपने जीवन में अपनाने लगे। वहां के लोग उन्हें परमपिता परमेश्वर का दर्जा देने लगे थे। समाज में धार्मिक अंधविश्वास और झूठ फैलाने वाले धर्मगुरूओं को इसी कारण ईसा मसीह से काफी जलन होने लगी थी क्योंकि लोग अपनी समस्याओं को लेकर अब उनके पास नहीं आ रहे थे। करीब दो हजार वर्ष पूर्व उन्हें मृत्युदंड इसीलिए दिया गया क्योंकि वे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने और घोर विलासिता तथा अज्ञानता के अंधकार को दूर करने के लिए लोगों को शिक्षित और जागरूक कर रहे थे। ईसा मसीह केवल एक धार्मिक व्यक्तित्व नहीं बल्कि परिवर्तन और करुणा के जीवंत प्रतीक थे।

उन्होंने मानव प्रेम की सीमाओं को तोड़ते हुए उसे आत्मकेन्द्रितता और स्वार्थ से परे ले जाने का संदेश दिया। उनका जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि सच्चा प्रेम त्याग, क्षमा और समर्पण में निहित होता है। जब पृथ्वी पर पाप और अन्याय बढ़ रहे थे, तब ईसा ने अपने बलिदान के माध्यम से निःस्वार्थ प्रेम की पराकाष्ठा को चरितार्थ किया। क्रॉस पर उनकी पीड़ा केवल एक व्यक्ति का कष्ट नहीं थी बल्कि संपूर्ण मानवता के उद्धार का प्रतीक बन गई। ईसाई मान्यताओं के अनुसार, क्रूस पर चढ़ाए जाने के तीसरे दिन, रविवार को ईसा मसीह पुनः जीवित हो उठे थे। यही कारण है कि गुड फाइडे के बाद आने वाला रविवार 'ईस्टर संडे' के रूप में मनाया जाता है। यह दिन केवल पुनरुत्थान का उत्सव नहीं, बल्कि आशा, नवजीवन और विश्वास की पुनर्स्थापना का संदेश देता है।

# नौकरियां गंवाने की चिंता और मानसिक स्वास्थ्य की पुकार

बेंगलुरु, जिसे भारत की आईटी राजधानी के नाम से भी जाना जाता है, पिछले दिनों एक ऐसी घटना से हिल गया है जो न केवल दिल दहला देने वाली है, बल्कि पूरे समाज को सो. चने पर मजबूर कर देती है। गत 31 मार्च को कोठानूर इलाके के एक हाई-राइज अपार्टमेंट में एक युवा तकनीकी जोड़ी ने आत्महत्या कर ली। पति भानुचंद्र रेड्डी (32) और पत्नी बीबी शाजिया सिराज (31)। दोनों सॉफ्टवेयर इंजीनियर, दोनों की कमाई लाखों में, अमेरिका में काम का अनुभव, 80 लाख का सालाना पैकेज और सफलता की सारी बाहरी निशानियां। लेकिन अंदर से? नौकरी खोने का भय और बढ़ता तनाव। ठीक उसी दिन जब वैश्विक स्तर पर एआई की वजह से आईटी सेक्टर में भारी छंटनी की खबरें आ रही थीं।



भानुचंद्र अमेरिका में काम कर रहे थे। एआई टूल्स के कारण उनकी टीम में छंटनी हुई और उनकी नौकरी चली गई। भारत लौटकर वे नई नौकरी की तलाश में लगे, लेकिन असफल रहे। चिंता ने उन्हें घेर लिया। स्वास्थ्य बिगड़ने लगा। अपने सुसाइड नोट में उन्होंने यही लिखा, हनौकरी की अनिश्चितता और लगातार दबाव। पत्नी शाजिया आईबीएम में नाइट शिफ्ट कर रही थीं। सुबह 7:30 बजे घर लौटीं तो पति का कमरा अंदर से बंद था। सुरक्षा गार्ड ने दरवाजा तोड़ा तो भानुचंद्र फांसी पर लटक रहे थे। शाजिया ने 20 मिनट तक वह दृश्य देखा। फिर वे अचानक 18वें फ्लोर पर पहुंचीं और वाहन से नीचे कूद गईं। यह घटना एआई क्रांति की उस काली साइड का प्रतीक है जो कल तक 'भविष्य की तकनीक' मानी जा रही थी। ठीक उसी दिन, 31 मार्च 2026 को, अमेरिकी सॉफ्टवेयर दिग्गज ओरेकल ने हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। कंपनी एआई डेटा सेंटर बनाने के लिए भारी निवेश कर रही है।

2026 में 500 करोड़ डॉलर से ज्यादा का कैपिटल निवेश भी किया। लेकिन इस खर्च को पूरा करने के लिए उसने लागत घटाने का फैसला किया। CNBC ब्लूमबर्ग और बिजनेस इंसाइडर की रिपोर्ट्स के मुता. बिक, करीब 20,000-30,000 तक के कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। ओरेकल अकेली नहीं। 2026 में एआई की वजह से बिग टेक की छंटनी की लहर चल रही है। अमेजन ने जनवरी में 16,000 कॉर्पोरेट जॉब्स काटे। माइक्रोसॉफ्ट ने पिछले साल 15,000 पद घटाए। मेटा, एटलासियन, ब्लॉक आदि सभी कंपनियां एआई के नाम पर कर्मचारियों को 'रिडंडेंट' बता रहे हैं। भारत में भी आईटी सेक्टर में 2017 से अब तक 227 से ज्यादा सुसाइड केस दर्ज हुए हैं। एनसीआरबी के 2023 के आंकड़ों के अनुसार कुल 1,71,418 आत्महत्याएं हुईं, जिनमें युवा प्रोफेशनल्स (25-40 साल) की संख्या सबसे ज्यादा हैं। बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे जैसे हर शहर में एआई छंटनी का डर युवाओं को घेर रहा है। समस्या सिर्फ नौकरी चले जाने की नहीं। समस्या है उस चिंता की भी है, जो एआई के नाम पर पैदा हो रही है। एआई टूल्स कोडिंग, डेटा एनालिसिस, यहां तक कि सॉफ्टवेयर डिजाइन में इंसानों से बेहतर साबित हो रहे हैं। कंपनियां सोच रही हैं कि कम लोगों से ज्यादा काम, लेकिन कर्मचारी? उनके लिए यह जीवन-मरण का सवाल बन गया है। ईएमआई, लोन, परिवार की जिम्मेदारी, सब कुछ एक नौकरी पर टिका है। जब नौकरी चली जाती है, तो चिंता डिप्रेशन में बदल जाती है और समाज? हम अभी भी इसे व्यक्तिगत कमजोरी मानते हैं। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वे कहता है कि 80 प्रतिशत लोग मानसिक बीमारी का इलाज नहीं लेते। वजह, कलंक और सुविधाओं की कमी। भारत में प्रति लाख जनसंख्या पर सिर्फ 0.75 साइकिएट्रिस्ट हैं। जिला स्तर पर मनोवैज्ञानिक क्लिनिक नाममात्र के। हमें एक मजबूत साइकोलॉजिकल इकोसिस्टम की जरूरत है। ठीक वैसे ही जैसे सामान्य अस्पतालों का नेटवर्क है। हर जिले में फुल-टाइम मेंटल हेल्थ सेंटर, फी या सस्ती ओपीडी, टेली-मेंटल हेल्थ, आयुष्मान भारत में मानसिक स्वास्थ्य बीमा अनिवार्य। कॉर्पोरेट कंपनियों को कर्मचारी सहायता कार्यक्रम (ईएपी) अनिवार्य करने होंगेलेआउफ के समय न सिर्फ आउटप्लेसमेंट, बल्कि मानसिक सहायता भी देनी चाहिए, लेकिन इलाज सिर्फ दवाओं और काउंसलिंग तक सीमित नहीं रहना चाहिए। भारतीय संस्कृति में सदियों से ध्यान, योग और भगवद्गीता जैसे ग्रंथ चिंता पर विजय पाने का रास्ता बताते हैं। जब एआई छंटनी का दबाव बढ़े, तो आध्यात्मिक मार्गदर्शन मन को स्थिरता दे सकता है। भगवद्गीता में कर्मयोग की शिक्षा है कर्म करो, लेकिन फल की चिंता मत करो। कर्मण्एवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। यह सिखाता है कि नौकरी चली जाए तो भी आत्मसम्मान और जीवन का अर्थ खत्म नहीं होता। ध्यान और योग एंग्जायटी को कम करने में वैज्ञानिक रूप से सिद्ध हैं। आईआईटी और आईआईएम जैसे संस्थानों में अब 'माइंडफुलनेस' प्रोग्राम चल रहे हैं। कई कंपनियां कर्मचारियों के लिए योग सेशन्स और आध्यात्मिक सत्र आयोजित कर रही हैं। आध्यात्मिक गुरुओं और काउंसलर्स का कहना है कि जब मन अशांत हो, तो प्रार्थना, सत्संग या गीता पाठ से आंतरिक शक्ति जागृत होती है। यह चिंता को 'स्वीकार' करने की क्षमता देता है, कि बदलाव जीवन का हिस्सा है, लेकिन हम उससे ऊपर उठ सकते हैं।ध्यान रखें, आध्यात्मिक मार्गदर्शन पेशेवर मनोचिकित्सा का विकल्प नहीं, बल्कि पूरक है। जब डॉक्टर की दवा के साथ ध्यान और गीता का ज्ञान जुड़ जाए, तो रिजल्ट बेहतर होता है। कई अध्ययनों में पाया गया है कि आध्यात्मिक प्रैक्टिस डिप्रेशन के मरीजों में रिकवरी रेट बढ़ाती है। सरकार, कॉर्पोरेट और समाज को मिलकर काम करना होगा। स्कूल-कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ आध्यात्मिक शिक्षा भी शामिल करें। मीडिया आत्महत्या की खबरों को संवेदनशील तरीके से कवर करे। परिवारों में खुली बातचीत का माहौल बने।बेंगलुरु की यह त्रासदी और ओरेकल जैसी कंपनियों की छंटनी हमें चेतावनी दे रही है। एआई भविष्य है, लेकिन बिना मानवता के नहीं। जब हम मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक बीमारी की तरह देखेंगे, जब अस्पतालों की तरह साइकोलॉजिकल सेंटर्स हर जगह होंगे और जब आध्यात्मिक मार्गदर्शन हमें अंदर से मजबूत करेगा, तब ही हम इस दबाव को पार कर पाएंगे। भानुचंद्र और शाजिया सिर्फ एक जोड़ी नहीं थे। वे हजारों उन युवा आईटी प्रोफेशनल्स का प्रतिनिधित्व करते हैं जो आज भी चुपचाप एआई छंटनी की चिंता में जूझ रहे हैं। समय आ गया है कि हम बदलें। शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को एक साथ देखें। तभी एक स्वस्थ, सशक्त और संतुलित भारत बनेगा।



रजनीश कपूर

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



श्रीनगर। सड़क केनारे एक अधिकृत डीलर से घरेलू उपयोग के लिए तरलीकृत प्राकृतिक गैस के सिलेंडर लेने के लिए इंतजार करते लोग।

## अमेरिकी दूतावास ने अपने नागरिकों से जल्द इराक छोड़ने के कहा

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद स्थित अमे. रिकी दूतावास ने गुरुवार को इराक में मौजूद अपने नागरिकों से तुरंत देश छोड़ने की अपील की है। दूतावास के बयान के अनुसार, ईरान समर्थक समूहों द्वारा मध्य बगदाद में स्थित विदेशी राजनयिक मिशनों पर हमले की धमकियों के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। दूतावास ने अपने बयान में कहा कि ईरान से जुड़े इराकी आतंकवादी समूह अगले 24-48 घंटों के भीतर मध्य बगदाद में हमले कर सकते हैं। ईरान और उससे जुड़े आतंकवादी गुटों ने पूरे इराक में अमेरिकी नागरिकों और अमेरिका से जुड़े ठिकानों पर व्यापक हमले किए हैं, जिनमें इराकी कुर्दिस्तान क्षेत्र (आईकेआर) भी शामिल है। अमेरिकी नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी कारण से इराक की यात्रा न करें।

## हाइफ़ा में हवाई हमले के सायरन बजे

**हाइफ़ा।** इजरायल की होम फ्रंट कमांड ने ईरान से उसकी तरफ मिसाइलें दागे जाने की प्रारंभिक चेतावनी भेजी है। समाच. ार एजेंसी स्पुतनिक की एक रिपोर्ट के मुताबिक उत्तरी इजरायली शहर हाइफ़ा में हवाई हमले के सायरन बज रहे हैं। इजरायल पर बुधवार को भारी गोलाबारी के बावजूद, पिछले दिन हाइफ़ा में हवाई हमले के कोई सायरन नहीं बजे थे। लेबनान की ओर से हालांकि हुई गोलाबारी के कारण मंगलवार शाम को तीन बार सायरन बजाए गए थे। इससे पहले, इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि इजरायल ने ईरान से मिसाइल प्रक्षेपण का पता लगाया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि कुछ समय पहले, आईडीएफ ने ईरान से इजरायल की तरफ दागी गई मिसाइलों का पता लगाया है। मिसाइलों को रोकने के लिए रक्षा प्रणालियां काम कर रही हैं।

# ईरान में अमेरिका के लक्ष्य पूरे होने के करीबः ट्रम्प

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहाः हम उन पर बहुत जोरदार हमला करने जा रहे

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को कहा कि ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान के दौरान अमेरिकी सेना के 'मुख्य रणनीतिक लक्ष्य' लगभग पूरे होने के करीब हैं।

■ हम व्यवस्थित रूप से उस शासन की अमेरिका को धमकाने या अपनी सीमाओं के बाहर अपनी ताकत दिखाने की क्षमता को खत्म कर रहे हैं: ट्रम्प



ट्रम्प ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि जैसा कि मैंने 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' की घोषणा करते समय कहा था, हमारे लक्ष्य बहुत सरल और स्पष्ट हैं। हम व्यवस्थित रूप से उस शासन की अमेरिका को धमकाने या अपनी सीमाओं के बाहर अपनी ताकत दिखाने की क्षमता को खत्म कर रहे हैं। इसका मतलब है ईरान की नौसेना को खत्म करना-जो अब पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है, उनकी वायु सेना और मिसाइल कार्यक्रम को ऐसे स्तर पर नुकसान पहुंचाना जो पहले कभी नहीं देखा गया और उनके रक्षा औद्योगिक आधार को पूरी तरह से तबाह कर देना। हमने यह सब कर लिया है-मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ये मुख्य रणनीतिक लक्ष्य अब पूरे होने के करीब हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अगले दो से तीन हफ्तों में ईरान पर अपने हमले और तेज करेगा, और उन्होंने उस देश को 'पाषाण युग' में वापस धकेलने की धमकी भी दी। उन्होंने कहा कि मैं आज रात यह कह सकता हूं कि हम अमे. रिका के सभी सैन्य लक्ष्यों को जल्द ही-बहुत जल्द-पूरा करने की राह पर हैं, हम उन पर बहुत जोरदार हमला करने जा रहे हैं। अगले दो से तीन हफ्तों में, हम उन्हें वापस उसी पाषाण युग में धकेल देंगे, जहां उनकी असली जगह है। वहीं ट्रम्प ने बुधवार को ईरान पर अगले दो से तीन हफ्तों में हमले तेज करने और उसे 'पाषाण युग' में पहुंचाने की धमकी दी। ट्रम्प ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि मैं आज रात कह सकता हूं कि हम अमेरिका के सभी सैन्य लक्ष्यों को जल्द ही, बहुत जल्द पूरा करने की राह पर हैं, हम उन पर बहुत जोरदार हमला करने जा रहे हैं। अगले दो से तीन हफ्तों में, हम उन्हें वापस पाषाण युग में पहुंचा देंगे, जहां उनकी असली जगह है। उन्होंने कहा कि अमेरिका को पश्चिम एशिया से तेल की जरूरत नहीं है, लेकिन वह अपने सहयोगियों का समर्थन करने के लिए इस क्षेत्र में बना हुआ है। उन्होंने कहा ष्अब हम पश्चिम एशिया से पूरी तरह स्वतंत्र हैं, और फिर भी हम वहां मदद के लिए मौजूद हैं। हमें वहां रहने की जरूरत नहीं है। हमें उनके तेल की जरूरत नहीं है। हमें उनके पास मौजूद किसी भी चीज की जरूरत नहीं है, लेकिन हम अपने सहयोगियों की मदद के लिए वहां हैं।

# अमेरिका ने जमीनी हमला किया तो कोई जिंदा नहीं बचेगाः ईरान


### सैन्य मुख्यालय को अमेरिका और इजरायल की गतिविधियों पर 'पल-पल नजर' रखने के निर्देश

**तेहरान/वॉशिंगटन।**

अमेरिका-इजरायल के हमलों के 34वें दिन ईरान ने संभावित जमीनी अभियान को लेकर कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अमेरिकी सेना ने जमीनी हमला करने की कोशिश की तो कोई भी जीवित नहीं बचेगा।

ईरान की सेना ने अमेरिकी जमीनी हमले की आशंका के मद्देनजर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। सशस्त्र बलों के प्रमुख आमिर हतामी ने सैन्य मुख्यालयों को अमेरिका और इजरायल की गति. विधियों पर 'पल-पल नजर' रखने के निर्देश दिए हैं। सरकारी समाचार एजेंसी इरना द्वारा जारी वीडियो में हतामी ने कहा कि यदि दुश्मन जमीनी कार्रवाई करता है तो 'एक भी व्यक्ति को जीवित नहीं बचना चाहिए।

यह बयान उस समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ तीन से चार सप्ताह तक चलने वाले तीव्र सैन्य अभियान की घोषणा की है और दावा किया है कि अमेरिका ईरान की सैन्य क्षमता को काफी हद तक नष्ट कर चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ने युद्धविराम की मांग की है, जिसे तेहरान ने तुरंत खारिज कर दिया। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि ईरान की जनता का अमेरिका, यूरोप या



■ ईरान की सेना ने अमेरिकी जमीनी हमले की आशंका के मद्देनजर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं
■ आमिर हतामी ने सैन्य मुख्यालयों को अमेरिका और इजरायल की गतिविधियों पर 'पल-पल नजर' रखने के निर्देश दिए

## ईरानी सुप्रीम लीडर के सलाहकार अमेरिकी हमले में घायल

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान के पूर्व विदेश मंत्री कमाल खराजी के तेहरान स्थित घर पर गुरुवार को अमेरिका ने हमला किया। इसमें उनकी पत्नी की मौत हो गई और खराजी को गंभीर हालात में हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। खराजी अभी ईरान की स्ट्रैटेजिक फारेन रिलेशंस काउंसिल के चेयरमैन हैं। यह संस्था सीधो देश के सर्वोच्च नेता को सलाह देती है और विदेश नीति से जुड़े बड़े फैसलों में अहम भूमिका निभाती है। खबरों में बताया गया है कि खराजी हाल के दिनों में पाकिस्तान के साथ सीजफायर वार्ता को लेकर बैकचैनल से संपर्क में थे। हालांकि, इसकी अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले खराजी ने संकेत दिया था कि ईरान इनडायरेक्ट बातचीत के लिए तैयार हो सकता है। हालांकि उन्होंने एक इंटरव्यू में यह भी कहा था कि अमेरिका के साथ कूटनीति के लिए फिलहाल कोई जगह नहीं है।

■ पत्नी की मौत, दावाः पाकिस्तान उनके जरिए ही ईरान से सीजफायर वार्ता कर रहा था

पड़ोसी देशों से कोई बैर नहीं है और अमेरिकी नागरिकों से अपील की कि वे युद्ध जारी रखने के पीछे ट्रम्प के उद्देश्यों पर सवाल उठाएं। वहीं विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका से संदेश मिलने के बावजूद बातचीत को लेकर भरोसा 'शून्य' बना हुआ है। इस बीच, पूर्व विदेश मंत्री कमाल खर्राजी तेहरान स्थित अपने आवास पर हुए हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें उनकी पत्नी की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह अमेरिका के साथ पाकिस्तान बैक-चैनल वार्ता की कोशिशों में शामिल थे। खाड़ी क्षेत्र में भी तनाव बढ़ गया है। संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान द्वारा दागी जा रही मिसाइलों और ड्रोन को मार गिराने की बात कही है, जबकि कतर के दोहा तट के पास एक टैंकर पर हमले में नुकसान हुआ, हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। इजरायल में भी ईरान की ओर से दागी गई मिसाइलों को रोके जाने की खबर है, जबकि तेल अवीव के पास 11 वर्षीय बच्ची सहित 14 लोग घायल हुए हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू के आकलन के अनुरूप ट्रम्प द्वारा दिए गए समय संकेतों से यह संभावना जताई जा रही है कि संघर्ष आने वाले हफ्तों में निर्णायक मोड़ पर पहुंच सकता है। वहीं, क्षेत्रीय तनाव के बीच लेबनान और इराक में भी हमलों की खबरें हैं, जिनमें हिज्बुल्लाह के एक वरिष्ठ कमांडर सहित कई लोगों के मारे जाने की सूचना है। वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में उछाल और युद्ध को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस संघर्ष को लेकर गंभीर चिंता जता रहा है।

## अमेरिका ने वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति पर लगे प्रतिबंध हटाए

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका ने वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज पर लगे प्रतिबंधा हटा दिए हैं। यह जानकारी अमेरिकी वित्त विभाग की वेबसाइट पर जारी एक अपडेट के अनुसार है। अमेरिकी वित्त मंत्रलय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने बुधावार (स्थानीय समय) को कहा कि रोड्रिगेज को प्रतिबंधा सूची से हटा दिया गया है। वहीं, शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, इस निर्णय के बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी गई है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक्स एक पोस्ट में, रोड्रिगेज ने इस कदम का स्वागत किया। उन्होंने इसे द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने और मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि आर्थिक विकास और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए वेनेजुएला पर लगे अतिरिक्त प्रतिबंधा हटाए जा सकते हैं। उन्होंने पोस्ट किया कि राष्ट्रपति ट्रंप का निर्णय हमारे देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें विश्वास है कि यह प्रगति और दृढ़ संकल्प हमारे देश पर लगे अतिरिक्त सक्रिय प्रतिबंधों को हटाने की ओर ले जाएगा।

# 1972 के बाद पहली बार चांद के करीब पहुंचेंगे इंसान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने आज 2 अप्रैल को 'आर्टेमिस-2' मिशन लॉन्च किया। सुबह 4:05 बजे 'स्पेस लॉन्च सिस्टम' (एसएलएस) ओरियन स्पेसक्राफ्ट में 4 अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर चांद की ओर रवाना हुआ। फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से ये लान्चिंग हुई। साल 1972 में 'अपोलो-17' के बाद यह पहला मौका है जब कोई इंसान पृथ्वी की निचली कक्षा (एलईओ) को पार कर चांद के करीब पहुंचेगा। चारों यात्री स्पेसक्राफ्ट से चांद के चारों ओर चक्कर लगाएंगे और फिर धरती पर लौटेंगे।



■ 10 दिन में चंद्रमा का चक्कर काटकर लौटेंगे चार अंतरिक्ष यात्री नासा का आर्टेमिस-II मिशन लॉन्च

यह मिशन 10 दिन का है। जैसे ही यह ऐतिहासिक नजारा सामने आया, वहां मौजूद भीड़ खुशी से झूम उठी। लोगों के चेहरों पर जीत की मुस्कान और इस अद्भुत पल को देखने की हैरानी साफ झलक रही थी। टेक-ऑफ से ठीक एक घंटा पहले 'लॉन्च अबार्ट सिस्टम' में कुछ ऐसी दिक्कतें आईं, जिनसे लान्चिंग पर खतरा मंडराने लगा था। यह राकेट का वो 'इमरज. ेंसी एग्जिट' है, जो खराबी आने पर एस्ट्रोनाट्स वाले हिस्से को तुरंत राकेट से अलग कर देता है। हालांकि इंजीनियरों ने इस समस्या को तेजी से सुलझा लिया। फिर सेफ्टी चेक के लिए काउंटडाउन घड़ी को 10 मिनट पर रोक दिया गया। इसके बाद राकेट के अलग-अलग जरूरी सिस्टम्स की जिम्मेदारी संभाल रहे इंजीनियरों की 'ओके' रिपोर्ट आई। फिर क्रू को संदेश मिला-आर्टेमिस ।।, मैं लॉन्च डायरेक्टर बोल रहा हूं, आप उड़ान के लिए तैयार हैं। कमांडर रीड वाइजमैन ने जवाब दिया, हम पूरी मानवता की खातिर जा रहे हैं। इसके तुरंत बाद चार आरएस-25 इंजन और दो राकेट बूस्टर चालू हुए और एस्ट्रोनाट रवाना हो गए। काम्प्युकेशन इश्यूः उड़ान के करीब 51 मिनट बाद जब सैटेलाइट्स का हैंडओवर हो रहा था, तब ओरियन कैप्सूल का संपर्क कुछ देर के लिए टूट गया था। नासा के चीफ जेरेड इसाकमैन ने बताया कि मिशन कंट्रोल की आवाज तो क्रू को सुनाई दे रही थी, लेकिन क्रू का जवाब नीचे नहीं पहुंच पा रहा था। हालांकि, अब इस समस्या को सुलझा लिया गया है और सिस्टम सही काम कर रहा है। लॉन्च के कुछ ही देर बाद ओरियन कैप्सूल का इकलौता टायलेट खराब हो गया था। एस्ट्रोनाट क्रिस्टीना कोच ने मिशन कंट्रोल की मदद से इसे ठीक कर दिया। बिना टायलेट के यह 10 दिन का सफर काटना बहुत मुश्किल हो जाता।

किसान आई हॉस्पिटल
डॉ. गालिब हसन
M.B.B.S., D.O., M.S.
नेत्र रोग विशेषज्ञ व फेको सर्जन
(भूतपूर्व नेत्र सर्जन नेहरू हॉस्पिटल, टाउन हॉल, मुजफ्फरनगर)
फीस 100/- रूपये मात्र
M: 9897190592
सुविधाएं- मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि द्वारा विदेशी लैन्स के साथ, शुगर व बी.पी. के मरीजों की पर्दे की जाँच व इलाज, आँखों के समस्त ऑपरेशन सस्ते दामों पर किए जाते हैं।
हमारे यहाँ जॉनसन एण्ड जॉनसन और एल्कोन के लैंस उपलब्ध है।
Alcon
मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि (लेजर) द्वारा विदेशी लेंस के साथ आधुनिक मशीनों द्वारा बिना इंजेक्शन, बिना दर्द और बिना टांके किया जाता हैं।
मोतियाबिन्द ऑपरेशन मात्र 7500/- से शुरु
पताः चरथावल-थानाभवन बस स्टैण्ड, मेन रोड, भारत पैट्रोल पम्प के सामने, मुजफ्फरनगर मो. 9045591662

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर... www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

ADMISSION OPEN
Mom & Me
NURTURING WITH LOVE
PLAY | NURSERY | LKG | UKG | 1st to 4th
M.: 9997023008
Branch1- New Mandi, Near Bala ji Dham Chowk
Branch2- Circular Road, Opp. Canara Bank

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792
+91 9412507193
DIR- LOKESH CHAUHAN M.Sc (Phy.), B.Ed.